THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 139 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) भाद्रपद कृ.6 2082 गुरुवार, 14 अगस्त-2025

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ※ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये



# स्वाति मालीवाल को कोर्ट से मिली राहत

## नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता का नाम बताने के मामले में बरी



नई दिल्ली, 13 अगस्त (एजेंसियां)। आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल और अन्य आरोपितों को बुधवार को दिल्ली की एक कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। राउज एवेन्यू कोर्ट में स्वाति मालिवाल पर एक नाबालिग यौन उत्पीड़न पीड़िता का नाम उजागर करने के आरोप में सुनवाई चल रही थी। इस मुकदमे में उन्हें बरी कर दिया गया है। मालीवाल पर जुवेनाइल जस्टिस एक्ट और धारा 228ए के तहत मामला दर्ज किया गया था, जो यौन अपराधों के पीड़ितों की पहचान उजागर करने पर रोक लगाती है। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष पीड़िता की पहचान उजागर करने के आरोप को साबित करने में नाकाम रहा। कोर्ट ने सभी आरोपितों को संदेह का लाभ देते हुए आरोपमुक्त कर दिया।

# रैपर बादशाह के क्लब के बाहर बम फेंकने के मामले में आरोपी गिरफ्तार



नई दिल्ली, 13 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल ने चंडीगढ़ स्थित मशहूर रैपर और गायक बादशाह के नाइट क्लब के बाहर हुए बम धमाकों के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान पंजाब के फरीदकोट के रहने वाले दीपक के रूप में हुई है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल आरोपी से पूछताछ कर रही है। दीपक को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि दीपक गैंगस्टर गोल्डी बरार के लगातार संपर्क में था। बता दें कि गोल्डी बरार ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए इस हमले की जिम्मेदारी ली थी। गोल्डी बरार, लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा हुआ है।

# टॉयलेट शीट के नीचे से निकली शराब की बोतलें

## छापेमारी करने पहुंची पुलिस भी रह गई हैरान

अहमदाबाद, 13 अगस्त (एजेंसियां)। गुजरात के वडोदरा में पिछले साल एक घर में बंकर बनाकर शराब छुपाने का खुलासा हुआ था। अब अहमदाबाद जिले की ग्रामीण पुलिस ने टॉयलेट शीट के नीचे शराब की बोतलें छुपाने का भंडाफोड़ किया है। अहमदाबाद ग्रामीण पुलिस की लोकल क्राइम ब्रांच टीम जब गुप्त सूचना पर असलाली थाने के बरेजा गांव में छापेमारी के लिए गई तो पुलिस ने एक साथ दो घरों पर रेड की। रेड के दौरान पुलिस को शुरुआत में सबकुछ ठीक दिखा। अभी पुलिस पुलिस शराब की खोजबीन कर रही थी कि पुलिस को कमरे में लगे दो स्विच पर कुछ शक हुआ। पुलिस ने उन्हें जैसे खींचा तो उनके पीछे दीवार में शराब छुपी हुई मिली। पुलिस ने दूसरे घर के सामने बने शौचालयों की छानबीन की तो टॉयलेट शीट के नीचे शराब की बोतलों को छुपाने का खुलासा हुआ। एलसीबी के अधिकारी ने कहा कि टॉयलेट शीट काफी ढीली से दिख रही थी। इससे टीम को संदेह हुआ। जब उसे उठाकर देखा गया तो वहां पर शराब की बोतलें को स्टोर किया गया था। पुलिस ने बारेजा गांव के दो घरों पर छापेमारी करके 792 बोतल शराब बरामद की है।

# उधम सिंह नगर जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव परिणाम पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

देहरादून, 13 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तराखंड हाईकोर्ट ने उधम सिंह नगर जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव परिणाम पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने इस पद पर आरक्षण नियमों के उल्लंघन के आरोप में दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए ये चुनाव परिणाम की घोषणा पर रोक लगा दी है। इस मामले पर अगली सुनवाई 27 अगस्त को होगी। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के द्वारा जिला पंचायतों के अध्यक्ष पद का आरक्षण नियमावली तहत न किए जाने के मामले में मंगलवार को उधम सिंह नगर के जिला पंचायत के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार जितेंद्र शर्मा की याचिका पर सुनवाई की। जिसके बाद कोर्ट ने ये आदेश दिया है। इस मामले पर मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी। नरेंद्र और न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ में सुनवाई हुई। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि चुनाव की समस्त प्रक्रिया जारी रहेंगी, लेकिन उधम सिंह नगर जिले का चुनाव परिमाण घोषित नही होगा। जो याचिका के निर्णय के अधीन रहेगा। ये फैसला मामले के अंतिम निपटारे पर निर्भर करेगा।

# घर खरीददारों से 248 करोड़ की धोखाधड़ी

## कंपनी के परिसरों में ईडी की छापेमारी, प्रमोटर 4 साल से हैं फरार

नई दिल्ली, 13 अगस्त (एजेंसियां)। रोहतास प्रोजेक्ट्स लिमिटेड से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में ईडी की टीम बुधवार को दो राज्यों के आठ जगहों पर छापेमारी की। ईडी की टीम एक कंपनी के लखनऊ में छह और दिल्ली में दो परिसरों पर तलाशी ले रही है। कंपनी के सभी प्रमोटर पीयूष रस्तोगी, परेश रस्तोगी और दीपक रस्तोगी, पिछले चार वर्षों से फरार हैं। साक्ष्य के अभाव और उनके द्वारा नियमों का पालन न करने के कारण कोई कुर्की नहीं की जा सकी है। साक्ष्य एकत्र करने और कुर्की के लिए सबूत जुटाने के लिए ये छापेमारी चल रही है।

जानकारी के मुताबिक, ईडी ने निवेशकों से 248 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में मनी लांड्रिंग की जांच के तहत उत्तर प्रदेश स्थित एक रियल्टी समूह के खिलाफ बुधवार को छापेमारी की। सूत्रों ने बताया कि 'रोहतास प्रोजेक्ट्स लिमिटेड' के खिलाफ मामले में लखनऊ में कम से कम आठ और दिल्ली में दो परिसरों पर छापे मारे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई मनी लांड्रिंग अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की जा रही है। मनी लांड्रिंग का यह मामला 2021 से घर/व्यावसायिक स्थान खरीदने वालों द्वारा दर्ज कराई गई 87 प्राथमिकियों से जुड़ा है। इन प्राथमिकियों में आरोप लगाया गया है कि खरीदारों के साथ धोखाधड़ी की गई और उन्हें उनकी संपत्तियां नहीं दी गईं। सूत्रों ने बताया कि 'यूपी रेरा' (उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण) द्वारा किए गए फोरेंसिक ऑडिट के अनुसार, इस मामले में ''अपराध से अर्जित आय'' 248 करोड़ रुपये है। वहीं एक दूसरे मामले में कर्नाटक में कांग्रेस के विधायक सतीश कृष्ण सैल के खिलाफ लौह अयस्क के कथित अवैध निर्यात से संबंधित एक मामले में ईडी ने छापेमारी की। सूत्रों ने बताया कि मनी लांड्रिंग अधिनियम (पीएमएलए) के तहत कर्नाटक, गोवा और मुंबई में कम से कम 15 परिसरों पर छापे मारे जा रहे हैं। सैल उत्तर कन्नड़ जिले के कारवार विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक हैं। सूत्रों के अनुसार, सैल पर अवैध तरीके से खनन किए गए उस लौह अयस्क के निर्यात का आरोप है, जिसे कर्नाटक के कारवार स्थित बेलेकेरी बंदरगाह से वन अधिकारियों ने जब्त किया था।




# पहलवान सुशील कुमार की जमानत रद्द

## सुप्रीम कोर्ट ने एक हफ्ते के अंदर आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया

नई दिल्ली, 13 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने हत्या के एक मामले में पहलवान सुशील कुमार की जमानत रद्द कर दी है। कोर्ट ने उन्हें एक हफ्ते के अंदर आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया है। ओलंपिक पदक विजेता सुशील कुमार पर पहलवान सागर धनकड़ की हत्या का मामला दर्ज किया गया था। दिल्ली उच्च न्यायालय ने उन्हें जमानत दे दी थी। सुशील कुमार पर संपत्ति विवाद में 4 मई, 2021 को दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम की पार्किंग में जूनियर पहलवान सागर धनखड़ और उनके दोस्तों पर जानलेवा हमला करने का आरोप है। हमले में घायल सागर ने



इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था। पुलिस ने इस मामले में सुशील कुमार को गिरफ्तार किया था। पूरा मामला पूर्व जूनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियन सागर धनखड़ की हत्या से जुड़ा है। पहलवान सुशील कुमार ने साथियों के साथ मिलकर 5 मई को रात में सागर की पिटाई की थी। बाद में सागर की मौत हो गई थी। इसके अलावा चार और पहलवान भी जख्मी हुए थे। आरोप पत्र में 13 आरोपियों को नामजद किया गया है। दिल्ली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास, गैर इरादतन हत्या, आपराधिक साजिश, अपहरण, डकैती, दंगा समेत अन्य अपराधों में प्राथमिकी दर्ज की थी। मामले से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया था, जिसमें सुशील और उसके दोस्त मिलकर कुछ लोगों की पिटाई कर रहे थे।

# दिल्ली विधानसभा परिसर 14-15 को खुलेगा

नई दिल्ली, 13 अगस्त (एजेंसियां)। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर 14 और 15 अगस्त को आम लोग दिल्ली विधानसभा परिसर का भ्रमण कर सकेंगे। शाम 5 से 8 बजे तक दिल्लीवासी 115 साल पुराने इस ऐतिहासिक भवन को देख सकेंगे। इस दौरान बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) का बैंड देशभक्ति की धुनों से माहौल को जोश से भरेगा। साथ ही साहित्य कला परिषद के सांस्कृतिक कार्यक्रम भारत की समृद्ध संस्कृति को दर्शाएंगे। खास लाइटिंग की सजावट से विधानसभा परिसर और भी आकर्षक लगेगा। दिल्ली विधानसभा सचिवालय ने बताया कि इस समारोह में विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, मंत्री, विधायक और कई विशिष्ट मेहमान शामिल होंगे। इस दौरान दिल्लीवासी न सिर्फ इस भव्य भवन को देख सकेंगे, बल्कि इसके ऐतिहासिक और लोकतांत्रिक महत्व को भी समझ सकेंगे। वहीं, सांस्कृतिक कार्यक्रम भारत की कला और संस्कृति को प्रदर्शित करेंगे जो राष्ट्रीय एकता का संदेश देंगे। खास बात यह है कि इस आयोजन में शामिल होने के लिए किसी पंजीकरण की जरूरत नहीं है। दोनों दिन शाम 5 बजे से प्रवेश शुरू होगा। बस लोगों को आधार कार्ड जैसे पहचान पत्र दिखाने होंगे। यह आयोजन न सिर्फ मनोरंजन का मौका देगा, बल्कि लोगों में देशप्रेम और लोकतांत्रिक मूल्यों को भी बढ़ावा देगा।

# जब मुखिया के घर पहुंची ईडी की टीम

## तो यहां इन मुद्दों को लेकर चर्चा हो गई तेज; बढ़ सकती है मुश्किलें

मुजफ्फरपुर, 13 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के सकरा प्रखंड के विष्णुपुर बघनगरी पंचायत में बुधवार को ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) की टीम ने क्षेत्र की मुखिया बबीता कुमारी के आवास पर छापेमारी की है, जिससे बाद से पूरे इलाके में यह कार्रवाई चर्चा का विषय बन गई है। ये कार्रवाई सुबह से शुरू हुई थी। वहीं, ईडी के अधिकारियों ने मुखिया बबीता देवी, पति बबलू मिश्रा और उनके देवर से घंटों पूछताछ की है। यह बताया जा रहा है कि यह छापेमारी अवैध शराब तस्करी और उससे जुड़ी अवैध संपत्ति के मामले में की जा रही है। गौरतलब है कि बबलू



मिश्रा और उनके भाई पर पहले से ही शराब तस्करी से जुड़े कई मामले दर्ज हैं। उन पर यह आरोप है कि इसी धंधे के जरिए उन्होंने बड़े पैमाने पर संपत्ति अर्जित की है। ईडी टीम को यह भी जानकारी मिली है कि सरकारी फंड का गलत इस्तेमाल कर शराब के धंधे का विस्तार किया गया है। अब ऐसे तमाम आरोपों की जांच जारी है। वहीं, महिला मुखिया के घर पर ईडी की छापेमारी की सूचना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। आसपास के इलाके में कार्रवाई को लेकर तरह तरह की चर्चा हो रही है। ईडी की कार्रवाई के दौरान घर के चारों ओर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। किसी भी बाहरी व्यक्ति को प्रवेश की अनुमति नहीं है। इसके अलावा स्थानीय सकरा थाना की पुलिस भी मौके पर तैनात है। सभी भी ईडी की टीम घर के कागजात,बैंक खातों और अन्य संपत्तियों की जांच कर रही है। वहीं, इस मामले में अब जांच पूरी होने के बाद ही मामले का खुलासा किया होगा। फिलहाल यह करवाई अब भी जारी है।

# पुरी के जगन्नाथ मंदिर को मिली आतंकी हमले की धमकी

## आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने तेज की धरपकड़

भुवनेश्वर, 13 अगस्त (एजेंसियां)। पुरी के जगन्नाथ मंदिर पर अंतकी हमले की धमकी मिली है। पुलिस के अनुसार ओड़िया भाषा में लिखी गई यह धमकी भरा दो पोस्टर मां बुढ़ी ठाकुराणी मंदिर की दीवार पर मिला। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। दीवार पर मिले एक पोस्टर में धमकी लिखी थी, 'आतंकवादी श्रीमंदिर को ध्वस्त कर देंगे। मुझे बुलाओ, वरना विनाश हो जाएगा।' पुरी के एक निवासी ने बताया कि मंदिर की दीवार पर कई



फोन नंबर लिखे हैं। साथ ही पीएम मोदी, दिल्ली जैसे शब्द भी लिखे हैं। घटनास्थल का दौरा करने वाले पुरी के एसपी पिनाक मिश्रा ने कहा कि हमने मामले का संज्ञान लिया है और इसे बेहद गंभीरता से ले रहे हैं। हमें कुछ जानकारी मिली है और इस तरह की धमकी देने वालों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस टीमें बनाई जा रही हैं। एसपी ने कहा कि पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है और ऐसा लगता है कि धमकी मंगलवार रात को लिखी गई थी। उन्होंने कहा कि पुलिस इस धमकी के पीछे के मकसद का भी पता लगाने की कोशिश कर रही है। इस मामले के बाद कई जगहों पर सीसीटीवी लगाए गए हैं। सुरक्षा गार्ड भी तैनात किए गए हैं। 12 वीं सदी का पुरी के जगन्नाथ मंदिर, जिसे हिन्दुओं के चार धामों में से माना जाता है। ओडिशा के तटवर्ती शहर पुरी में मौजूद ये विश्व प्रसिद्ध मंदिर भगवान विष्णु अवतार श्री कृष्ण को समर्पित है। यहां हर साल लाखों श्रद्धालु दुनियाभर से दर्शन करने के लिए आते हैं।

# सरकारी अस्पतालों में स्टाफ की कमी पर दिल्ली हाई कोर्ट सख्त, कहा- 'तुंरत पूरी करें भर्ती'

नई दिल्ली, 13 अगस्त (एजेंसियां)। हाई कोर्ट ने राजधानी के सरकारी अस्पतालों में नर्सिंग ऑफिसर और पैरामेडिकल स्टाफ की भर्ती में किसी भी तरह की बाधा न आने देने का अहम आदेश दिया है। दिल्ली हाई कोर्ट ने इसे स्वास्थ्य प्रबंधन के लिए बेहद जरूरी बताया है। हाई कोर्ट में जस्टिस प्रतिभा एम। सिंह और जस्टिस मनीष एस। अरोड़ा की बेंच ने सुनवाई के दौरान कहा कि एग्जाम रिजल्ट घोषित होने और आवश्यक औपचारिकताएं पूरी होने के बाद भर्ती प्रक्रिया तुरंत शुरू की जाए। दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग के सचिव को 22 अगस्त को व्यक्तिगत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया। कोर्ट ने मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि इन पदों पर भर्ती स्वास्थ्य प्रबंधन के लिए बेहद आवश्यक है। वहीं, रिजल्ट घोषित होने के बाद आवश्यक औपचारिकताओं को पूरा होते ही नियुक्ति, पद-के-आधार पर की जाए। अन्य पदों की भर्ती का इंतजार किए बिना यह प्रक्रिया शुरू की जाए। हाई कोर्ट में यह मामला साल






2017 में स्वतः संज्ञान लेने के बाद शुरू हुआ था, जिसमें दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में गंभीर देखभाल की कमी के आरोप लगे थे। इससे पहले, दिल्ली हाई कोर्ट ने एम्स के डायरेक्टर को डॉक्टर एके सरीन कमेटी की सिफारिशों को लागू करने की जिम्मेदारी सौंपी थी। कमेटी ने स्वास्थ्य प्रणाली में कई खामियां, जैसे पदों के खाली रहना, विशेषज्ञ फैकल्टी की कमी और बुनियादी ढांचे की दिक्कतें, उजागर की थीं। कोर्ट में इस मामले में एमिकस क्यूरी के रूप में वकील अशोक अग्रवाल अप्वॉइंट किए गए हैं। वहीं, दिल्ली सरकार ने 10 जुलाई को दाखिल स्टेटस रिपोर्ट में बताया था कि नर्सिंग ऑफिसर्स और पैरामेडिकल स्टाफ के कई पद खाली हैं और उनकी भर्ती के परिणाम अप्रैल से दिसंबर के बीच अलग-अलग तारीखों पर घोषित किए जाएंगे। दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली सरकार को ऑडियोमैट्रिक असिस्टेंट, ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट और फिजियोथेरेपिस्ट के पदों पर भर्ती के विज्ञापन जारी करने के निर्देश दिए हैं। वहीं, कोर्ट ने 24 अधूरी अस्पताल परियोजनाओं पर गंभीर चिंता जताई है, जहां निर्माण कार्य ठप पड़ा है।

# मंत्री विजय शाह मामले में स्टेटस रिपोर्ट पेश करेगी एसआईटी:सुप्रीम कोर्ट में 18 अगस्त को सुनवाई



दिल्ली/भोपाल, 13 अगस्त (एजेंसियां)। कर्नल सोफिया कुरैशी को आतंकवादियों की बहन बताने के मामले में सुप्रीम कोर्ट में एसआईटी स्टेटस रिपोर्ट पेश करेगी। पिछले महीने 28 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान एसआईटी से आज यानी 13 अगस्त तक इस केस की जांच रिपोर्ट पेश करने को कहा था। मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट 18 अगस्त को सुनवाई करेगा। पिछली सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने मंत्री विजय शाह की माफी पर भी तल्ख टिप्पणी की थी। सुप्रीम कोर्ट में बीते 28 जुलाई को जस्टिस सूर्यकांत और जॉयमाल्या बागची की बेंच ने शाह के मामले में सुनवाई की थी। कोर्ट ने शाह द्वारा सार्वजनिक रूप से मांगी गई माफी को निष्ठाहीन बताते हुए खारिज कर दिया था। यह देखते हुए कि अपने माफीनामे वाले वीडियो में शाह ने जनभावनाओं को ठेस पहुंचाने की बात स्वीकार नहीं की। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा- वह आत्मचिंतन करें कि अपनी सजा कैसे चुकाएं। आपकी वह सार्वजनिक माफी कहां है? हमारे धैर्य की परीक्षा ले रहे हैं। इस मामले में मंत्री विजय शाह को पद से हटाने की मांग को लेकर कांग्रेस की नेता जया ठाकुर की याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया। याचिका 23 जुलाई को दाखिल की गई थी। कोर्ट ने कहा कि इस याचिका में जो तथ्य विजय शाह को लेकर दिए गए हैं, एसआईटी उन बिंदुओं पर भी जांच करेगी और अपनी रिपोर्ट में देगी।

# नशा करने से रोकने पर गुंडों ने किया पत्रकार पर हमला, केस दर्ज

इंदौर, 13 अगस्त (एजेंसियां)। इंदौर के परदेशीपुरा क्षेत्र में तीन गुंडों ने एक पत्रकार पर चाकू से हमला कर दिया। दफ्तर से काम कर घर लौट रहे पत्रकार सागर चौकसे ने घर के समीप आंगनवाड़ी केंद्र पर नशा कर रहे गुंडों को टोका तो वे भड़क गए और चाकू लेकर चौकसे के पीछे लपके। एक युवक ने हाथापाई की और चाकू के वार किया। वार से बचने के लिए चौकसे दौड़ते हुए घर में घुसे और दरवाजा बंद कर लिया। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। उनका पुराना आपराधिक रिकार्ड भी है। हाथापाई के कारण चौकसे के चेहरे पर चोट आई है।

# राज ठाकरे की मनसे ने ईवीएम पर उठाए सवाल नगर निकाय चुनाव बैलेट पेपर से कराने की मांग

मुंबई, 13 अगस्त (एजेंसियां)। राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) ने राज्य में होने वाले आगामी नगर निकाय चुनाव बैलेट पेपर से कराने की विपक्षी मांग का समर्थन किया। एमएनएस नेताओं का कहना है कि इससे चुनाव प्रक्रिया पर जनता का भरोसा बढ़ेगा और पारदर्शिता बनी रहेगी एमएनएस नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्य चुनाव आयुक्त से मुलाकात कर अपनी मांगों की सूची सौंपी। इस सूची में वीवीपैट के इस्तेमाल की भी बात कही गई है। वीवीपैट एक ऐसी तकनीक है जो इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से वोट डालने के बाद मतदाता को पेपर स्लिप पर उसका वोट दिखाती है, ताकि वह पक्का कर सके कि वोट सही जगह गया है। एमएनएस नेता शिरीष सावंत ने कहा कि ऐसा लगता है कि मतदाता सूची में गड़बड़ी है, जिस पर गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा, "हम चाहते हैं कि चुनाव पूरी तरह पारदर्शी हों, ताकि किसी को भी नतीजों पर शक न हो।" एमएनएस नेता बाला नंदगांवकर ने कहा कि जनता को लगता है कि लोकतंत्र खतरे में है। उन्होंने सवाल किया, "अगर आपको विश्वास है कि ठाकरे बंधु (राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे) के एकजुट होने के बावजूद आप सत्ता में आएंगे, तो फिर बैलेट पेपर से चुनाव कराने में क्या दिक्कत है?

# जिसे जेल जाना था उसे मिली बेल

## जिसे मिलनी थी बेल उसे हो गई जेल एमपी हाईकोर्ट में बड़ी गलती

भोपाल, 13 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया, यहां एक टाइपिंग की गलती से उस आरोपी को जमानत मिल गई, जिसे जमानत नहीं मिलनी थी और उसकी जमानत खारिज हो गई जिसे जमानत मिलती थी। हालांकि, बाद में इस भूल को सुधार लिया गया। दरअसल, मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में एक छोटी सी टाइपिंग एरर ने जमानत के पूरे खेल को ही पलट कर रख दिया। कोर्ट वेसबाइट पर अपलोड किए आदेश में जिस आरोपी की जमानत अर्जी खारिज हुई थी और दूसरे आरोपी, जिसकी जमानत अर्जी मंजूर की गई, उनके नाम आपस में बदल गए। कोर्ट में वेबसाइट पर हुई इस गलती से पूरे परिसर में हलचल मचा दी। पता चला कि जनानत अर्जी दाखिल करने वाले कोई और नहीं बल्कि हत्या के शक में गिरफ्तार पिता-पुत्र थे। जिन्हें पिछले साल 5 जुलाई को विदिशा के त्योंदा में दुकानदार प्रकाश पाल की पीट-पीटकर हत्या करने के शक में गिरफ्तार किया गया था। जब तक यह गड़बड़ी पकड़ी गई, हल्के के वकील अमीन खान वेबसाइट पर दी गई गलत जानकारी के आधार पर बेल बांड जमा कर चुके थे। हल्के को रिहा करने का आदेश जेल अधिकारियों को भी जारी कर दिया गया था। लेकिन हल्के की ये खुशी ज्यादा देर तक नहीं टिक पाई क्योंकि अदालत के कर्मचारियों ने उनके वकील को बताया कि आदेश में गड़बड़ी है। गड़बड़ी का पता लगने के कुछ ही घंटे बाद, ग्वालियर पीठ के जज राजेश कुमार गुप्ता ने गलत छपे आदेश को वापस ले लिया, जिसमें जिनमें हल्के को जमानत पर रिहा करने और उनके बेटे अशोक को जेल में रखने का जिक्र था। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने साफ कि टाइपिंग की गलती के कारण यह गड़बड़ी हुई थी। गलती को सुधारते हुए कोर्ट ने नया आदेश जारी किया।

## आप विधायक राजिंद्रपाल कौर छीना की कार डिवाइडर से टकराई

# गंभीर घायल; दिल्ली से लौट रही थीं



लुधियाना, 13 अगस्त (एजेंसियां)। लुधियाना साउथ विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी की विधायक राजिंद्रपाल कौर छीना मंगलवार देर रात एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गईं। दिल्ली से लौटते समय खनौरी बॉर्डर के पास उनकी इनोवा कार डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में उनके साथ मौजूद गनमैन को भी चोटें आई हैं। दोनों को पहले हरियाणा के कैथल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद विधायक को लुधियाना रेफर किया गया। वर्तमान में उनका इलाज शहर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, विधायक राजिंद्रपाल कौर छीना हाल ही में अमेरिका गई थीं, जहां उन्होंने एक कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लिया था। मंगलवार रात वह दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरीं। उन्हें लेने के लिए उनके पति, बेटा, गनमैन और ड्राइवर एयरपोर्ट पहुंचे थे। सभी लोग विधायक को साथ लेकर इनोवा गाड़ी से लुधियाना लौट रहे थे। बताया जाता है कि जैसे ही गाड़ी खनौरी बॉर्डर के पास पहुंची, अचानक सामने कुछ आ गया। ड्राइवर ने गाड़ी को संभालने की कोशिश की, लेकिन वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। तेज टक्कर में गाड़ी का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और विधायक के चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। गाड़ी की अगली सीट पर बैठे गनमैन को भी सिर और कंधे में चोटें आई हैं। हादसा के बाद आसपास चल रहे वाहन रुक गए। मौके पर मौजूद राहगीरों ने तुरंत पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। घायल विधायक और गनमैन को एम्बुलेंस से हरियाणा के कैथल स्थित एक निजी अस्पताल में ले जाया गया।




THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 139 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) भाद्रपद कृ.6 2082 गुरुवार, 14 अगस्त-2025

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✲ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## डोभाल के बाद जयशंकर भी रूस जाएंगे

नई दिल्ली, 13 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बाद भारत और रूस के संबंधों में काफी करीबी देखी जा रही है। हाल ही में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने रूस का दौरा किया था और वहा मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ ही कई शीर्ष नेताओं से मुलाकात की थी। अब खबर आई है कि भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर भी जल्द रूस दौरे पर जाएंगे और वहां रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावारोव से मुलाकात करेंगे। रूसी विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में बताया कि भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर और रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावारोव के बीच 21 अगस्त को मॉस्को में बैठक होगी।

# आरक्षण में क्रीमी लेयर याचिका स्वीकार

## सुप्रीम कोर्ट में 10 अक्टूबर को सुनवाई; केंद्र ने कहा था– इसे लागू नहीं किया जाएगा



नई दिल्ली, 13 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने एससी/एसटी आरक्षण में "क्रीमी लेयर' लागू करने की मांग पर सुनवाई करने का फैसला किया है। यह याचिका रामाशंकर प्रजापति ने दायर की है। उनका कहना है कि आरक्षण का फायदा ज्यादातर एससी/एसटी के अमीर और मजबूत वर्ग को मिल रहा है, जबकि गरीब लोग पीछे रह जाते हैं।

याचिका में कहा गया है कि एसी/एसटी आरक्षण में दो स्तर हों, पहले आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को , फिर बाकी को मौका मिले। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है और 10 अक्टूबर को अगली सुनवाई होगी।

याचिकाकर्ता ने 2024 के देविंदर सिंह केस का हवाला दिया, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि एससी/एसटी में भी "क्रीमी लेयर' यानी अमीर वर्ग की पहचान करके उन्हें आरक्षण से बाहर किया जा सकता है। अदालत ने माना था कि ऐसा करने से ही असली समानता आएगी।

9 अगस्त, 2024– केंद्र बोला– क्रीमी लेयर लागू नहीं होगा केंद्र सरकार ने 9 अगस्त 2024 को घोषणा की थी कि अनुसूचित जाति और जनजातियों (एससी/एसटी) के आरक्षण में क्रीमी लेयर लागू नहीं किया जाएगा। कैबिनेट मीटिंग के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि एनडीए सरकार बीआर अंबेडकर के बनाए गए संविधान से बंधी है। इस संविधान में एससी/एसटी आरक्षण में क्रीमी लेयर का कोई प्रावधान नहीं है।

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा था– राज्य आरक्षण में सब कैटेगरी बना सकते हैं**

सुप्रीम कोर्ट ने 1 अगस्त 2024 को 20 साल पुराना अपना ही फैसला पलटते हुए कहा था– राज्य सरकारें अब अनुसूचित जाति, यानी एससी के रिजर्वेशन में कोटे में कोटा दे सकेंगी। अनुसूचित जाति को उसमें शामिल जातियों के आधार पर बांटना संविधान के अनुच्छेद-341 के खिलाफ नहीं है।

7 जजों की बेंच में शामिल जस्टिस बीआर गवई ने कहा था कि राज्यों को अनुसूचित जातियों (एससी) और अनुसूचित जनजातियों (एसटी) के बीच भी क्रीमी लेयर की पहचान करने और उन्हें आरक्षण का लाभ देने से इनकार करने के लिए एक नीति विकसित करनी चाहिए।

# 'राहुल गांधी के संपर्क में हैं चंद्रबाबू नायडू'

## पूर्व सीएम जगन मोहन रेड्डी ने लगाए गंभीर आरोप



विशाखापत्तनम, 13 अगस्त (एजेंसियां)। आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम और वाईएसआरसीपी के प्रमुख जगन मोहन रेड्डी ने दावा किया है कि सीएम चंद्रबाबू नायडू तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के जरिए राहुल गांधी के संपर्क में हैं। जगन मोहन रेड्डी ने राहुल गांधी पर भी निशाना साधा और सवाल किया कि राहुल गांधी, वोट चोरी का मुद्दा जोर-शोर से उठा रहे हैं, लेकिन वे आंध्र प्रदेश में वोट चोरी का मुद्दा क्यों नहीं उठा रहे हैं? जगन मोहन रेड्डी ने दावा किया कि इसकी वजह ये है कि राहुल गांधी, चंद्रबाबू नायडू के संपर्क में हैं।

**क्या बोले जगन मोहन रेड्डी**

जगन मोहन रेड्डी ने कहा कि, 'जब राहुल गांधी वोट चोरी की बात करते हैं, तो वे आंध्र प्रदेश के बारे में बयान क्यों नहीं देते? जहां घोषित नतीजों और मतगणना के दिन के नतीजों के बीच 12.5 प्रतिशत वोटों का अंतर रहा। वे अरविंद केजरीवाल के बारे में क्यों नहीं बोलते? जबकि अरविंद केजरीवाल खुद विधायक का चुनाव हार गए थे, लेकिन राहुल गांधी आंध्र प्रदेश के बारे में बात नहीं करते क्योंकि चंद्रबाबू नायडू रेवंत रेड्डी के जरिए हॉटलाइन पर राहुल गांधी के संपर्क में हैं। मैं राहुल गांधी जैसे व्यक्ति पर क्या टिप्पणी करूं, जो खुद अपने काम के प्रति ईमानदार नहीं हैं?' जगन मोहन रेड्डी का यह बयान ऐसे समय सामने आया है, जब 3500 करोड़ रुपये के शराब घोटाले में आंध्र प्रदेश पुलिस ने जो आरोपपत्र दायर किया है, उसमें पूर्व सीएम जगन मोहन रेड्डी का भी नाम है।

## 'भारतीय नागरिक बनने से पहले मतदाता सूची में था सोनिया गांधी का नाम'

नई दिल्ली, 13 अगस्त (एजेंसियां)। भाजपा ने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी पर गंभीर आरोप लगाया है कि उनका नाम भारतीय नागरिक बनने से पहले ही वोटर लिस्ट में शामिल कर दिया गया था। पार्टी का दावा है कि यह घटना 45 साल पहले की है, जब सोनिया गांधी का नाम 1980 से 1982 तक दिल्ली की मतदाता सूची में था, जबकि उन्हें भारतीय नागरिकता 1983 में मिली थी। यह आरोप उस समय सामने आया है जब कांग्रेस भाजपा और चुनाव आयोग पर पिछले साल के चुनावों में "वोट चोरी' के आरोप लगा रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने दावा किया कि 1946 में इटली में जन्मी सोनिया गांधी, जो 1968 में राजीव गांधी से विवाह कर भारत आईं। इसके बाद उनका नाम 1980 लोकसभा चुनाव से पहले नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र की वोटर लिस्ट में दर्ज किया गया था। ठाकुर ने कहा कि यह नियमों का उल्लंघन था क्योंकि किसी भी व्यक्ति का नाम वोटर लिस्ट में तभी दर्ज हो सकता है जब वह भारतीय नागरिक हो। भाजपा नेता अमित मालवीय ने भी सोशल मीडिया पर 1980 की मतदाता सूची का कथित अंश साझा करते हुए इसे 'स्पष्ट चुनावी गड़बड़ी' करार दिया।

## कई जिलों में भारी बारिश, हैदराबाद में भारी बारिश का अलर्ट

हैदराबाद, 13 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश के पास बने कम दबाव के क्षेत्र के प्रभाव में, मंगलवार रात से तेलंगाना के कई जिलों में भारी से बेहद भारी बारिश हो रही है। हैदराबाद और उसके आसपास के जिलों में जहाँ 25 मिमी तक हल्की से मध्यम बारिश हुई है, वहीं तेलंगाना के बाकी हिस्सों में मंगलवार रात से बुधवार सुबह तक अच्छी बारिश हुई।

बारिश के मामले में जिन जिलों में सबसे ज्यादा बारिश हुई है, उनमें मंचेरियल, आसिफाबाद, मुलुगु, जयशंकर भूपालपल्ली और पेद्दापल्ली शामिल हैं। कन्नेपल्ली (233.5 मिमी), भीमिनी (226.8 मिमी) और तंदूर (182.8 मिमी) सहित मंचेरियल जिलों के कई क्षेत्रों में सबसे अधिक वर्षा दर्ज की गई। आसिफाबाद जिले में जिन क्षेत्रों में अधिकतम वर्षा हुई उनमें रेबेना (220.8 मिमी), तिरयानी (143.8 मिमी), कुंचवेली (127.5 मिमी), जयशंकर भूपल्लापल्ली जिले में, चित्याल (180. मिमी) शामिल हैं।

# राहुल गांधी बोले– मेरी जान को खतरा

## पुणे कोर्ट से सावरकर मानहानि केस में कहा- नाथुराम गोडसे के वंशजों से सुरक्षा दिलाएं

पुणे, 13 अगस्त (एजेंसियां)। पुणे की एक अदालत में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि उन्हें अपनी जान को खतरा है। यह खतरा उन्होंने सावरकर मानहानि केस में जताई है। उन्होंने कहा– शिकायतकर्ता नाथूराम गोडसे के वंशज हैं।

राहुल गांधी ने एमपी/एमएलए स्पेशल कोर्ट से अपील की कि उनकी सुरक्षा और केस की निष्पक्ष सुनवाई के लिए प्रिवेंटिव प्रोटेक्शन यानी दी जाए। यह राज्य की संवैधानिक जिम्मेदारी है।

राहुल गांधी ने कहा कि महात्मा गांधी की हत्या एक सोची-समझी साजिश थी और ऐसे पारिवारिक इतिहास को देखते हुए उन्हें नुकसान पहुंचने या गलत तरीके से फंसाए जाने का खतरा है।

उन्होंने हाल के अपने राजनीतिक बयानों का भी जिक्र किया, जैसे संसद में 11 अगस्त को वोट चोर कुर्सी छोड़ का नारा और चुनावी गड़बड़ियों के दस्तावेज पेश करना, जिससे राजनीतिक विरोधियों की नाराजगी बढ़ी है।

राहुल ने यह भी कहा था कि सच्चा हिंदू कभी हिंसक नहीं होता, नफरत नहीं फैलाता। बीजेपी नफरत और हिंसा फैलाती है। इस बयान के बाद बीजेपी नेताओं ने उन पर हिंदू समुदाय का अपमान करने का आरोप लगाया।

मानहानि का यह केस सत्यकी सावरकर ने दायर किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने मार्च 2023 में लंदन में दिए एक भाषण में सावरकर की लिखी एक घटना का गलत हवाला दिया, जिसमें कथित तौर पर एक मुस्लिम व्यक्ति पर हमला करने की बात थी। कोर्ट इस मामले की अगली सुनवाई 10 सितंबर को करेगी।

# सुप्रीम कोर्ट का आवारा कुत्तों को हटाने का फैसला पलट सकता है, सीजेआई गवई ने क्या कहा?





नई दिल्ली, 13 अगस्त (एजेंसियां)। एनसीआर में आवारा कुत्तों को सड़कों से हटाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले पर बवाल मचा हुआ है। आवारा कुत्तों को शेल्टर होम भेजे जाने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश को लेकर मचे हंगामे के बीच यह मुद्दा आज 13 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। एक वकील ने कोर्ट के आदेश को लेकर याचिका दाखिल की है, जिस पर भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा कि वह इस मामले को देखेंगे। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले पर काफी चर्चा हो रही है। इसमें एक पक्ष डॉग्स लवर्स का है, जो इस फैसले पर चिंता जाहिर कर रहे हैं। डॉग्स लवर्स का कहना है कि इस फैसले से समस्या का स्थायी समाधान नहीं होगा। वहीं दूसरा पक्ष समाज के उस धड़े का है, जो इस फैसले का स्वागत कर रहा है।

**डॉग लवर्स को मिलेगी राहत?**

बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार एक वकील ने यह मुद्दा सीजेआई बीआर गवई के सामने रखा और सुप्रीम कोर्ट के ही एक पुराने आदेश का जिक्र किया, जिसमें कहा गया कि सभी जीवों के प्रति करुणा होनी चाहिए। उन्होंने कोर्ट के पुराने आदेश का जिक्र करते हुए कहा, ''यह सामुदायिक कुत्तों का मामला है। सुप्रीम कोर्ट का ही एक पुराना आदेश है, जिसमें कहा गया कि किसी भी परिस्थिति में कुत्तों की अंधाधुंध हत्या नहीं की जा सकती है। फैसला देने वाली बेंच में जस्टिस करोल भी शामिल थे। फैसले में कहा गया था कि सभी जीवों के प्रति करुणा होनी चाहिए।'' वकील की दलीलें सुनने के बाद सीजेआई ने जवाब दिया, लेकिन बेंच अपना फैसला पहले ही सुना चुकी है। मैं इस पर विचार करूंगा।

बता दें कि दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों के बढ़ते हमलों और रेबीज से हो रही मौतों को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने 11 अगस्त को एक अहम आदेश जारी किया है। शीर्ष अदालत ने दिल्ली-NCR से सभी आवारा कुत्तों को 8 हफ्तों में शेल्टर में रखने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि दिल्ली-एनसीआर के सभी आवारा कुत्तों को रिहायशी इलाकों से उठाकर शेल्टर होम में रखा जाए। कोर्ट ने यह भी चेतावनी दी है कि जो भी संगठन या व्यक्ति इस काम में बाधा डालेगा, तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## जम्मू-कश्मीर के बारामूला में घुसपैठ की कोशिश नाकाम

### एक जवान शहीद सेना ने पूरे इलाके को घेरा



जम्मू, 13 अगस्त (एजेंसियां)। स्वतंत्रता दिवस को लेकर देशभर में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर काम कर रही हैं. इसके साथ ही दुश्मन भी सुरक्षा व्यवस्था में सेंध लगाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं. हालांकि उनके मंसूबे कामयाब नहीं हो पा रहे हैं। स्वतंत्रता दिवस को लेकर बॉर्डर इलाकों में सेना ने एलओसी पर घुसपैठ की कोशिश नाकाम की है। इस दौरान सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में एक जवान भी शहीद हो गया है. फिलहाल सेना की तरफ से सर्च ऑपरेशन जारी है. जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के उरी सेक्टर के चिरुंडा गांव घुसपैठ की कोशिश की गई. हालांकि सुरक्षाबलों ने समय रहते इस कोशिश को नाकाम कर दिया. आतंकियों और सेना के बीच हुई मुठभेड़ में एक जवान के शहीद होने की खबर है. फिलहाल मुठभेड़ जारी है. सेना ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है. इसके साथ ही मुठभेड़ के दौरान आसपास के इलाकों में गोलियों की आवाज साफ तौर पर सुनी जा सकती है।

जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों में पिछले एक हफ्ते के दौरान कई मुठभेड़ देखने को मिली हैं। सुरक्षाबल स्वतंत्रता दिवस को देखते हुए कोई भी चूक नहीं होने दे रहे हैं।

जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़, कठुआ, बारामूला में एक हफ्ते पहले भी एक साथ 3 जगहों पर एनकाउटर किए गए थे.बारामूला के चक टप्पर क्रेरी पट्टन इलाके में सिक्योरिटी फोर्सेज को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है. जहां सिक्योरिटी फोर्सेज ने 4 दहशतगर्दों को मार गिराया था. सेना ने उस समय गोला-बारूद भी बरामद किया है. पिछले हफ्ते 2 जवान शहीद और 2 जवान जख्मी हो गए थे. जम्मू-कश्मीर इलाके में एक हफ्ते के भीतर ये दूसरी बड़ी घटना है, जिसमें सेना के जवान शहीद हुए हैं।

# विपक्ष ने चुनाव आयोग को इलेक्शन चोरी आयोग करार दिया



नई दिल्ली, 13 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस ने मतदाता सूचियों में कथित "धांधली' के खिलाफ अपने अभियान को तेज करते हुए बुधवार को एक वीडियो जारी किया। लोगों से इससे जुड़ने की अपील की। चुनाव आयोग को "इलेक्शन चोरी आयोग' करार दिया। मुख्य विपक्षी दल ने अपने विभिन्न सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से जो एक मिनट का वीडियो जारी है उसमें दिखाया गया कि दो लोग एक मतदान केंद्र से बाहर निकलते हैं और वहां पहुंचे एक बुजुर्ग पुरुष और एक महिला से कहते हैं वे वापस चले जाएं क्योंकि वो उनका वोट पहले ही डाल चुके हैं।

इस वीडियो में चुनाव आयोग के लिए "इलेक्शन चोरी' आयोग लिखा गया है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक वीडियो साझा करते हुए "एक्स' पर पोस्ट किया कि मत छीनने दीजिए अपना वोट का अधिकार, सवाल कीजिए, जवाब मांगिए, इस बार। "वोट चोरी' के खिलाफ आवाज उठाइए। संवैधानिक संस्थानों को भाजपा के चंगुल से छुड़ाइए।

पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी ने भी यह वीडियो साझा कर लोगों से कांग्रेस के अभियान के साथ जुड़ने की अपील की। पिछले गुरुवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने 2024 के लोकसभा चुनाव के आंकड़ों का हवाला देते हुए दावा किया था कि कर्नाटक में बेंगलुरु मध्य लोकसभा सीट के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र में एक लाख से अधिक मतों की "चोरी' की गई, जबकि इस संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस उम्मीदवार को 32 हजार वोटों के अंतर से हार का सामना करना पड़ा। चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता के दावे को आधारहीन बताया था और कहा था कि वह या तो शपथ पत्र दें या फिर माफी मांगें।

## 'मतदाता हितैषी है मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया'

नई दिल्ली, 13 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण के चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने फिर से सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण में मतदाताओं से मांगे गए दस्तावेजों की संख्या 11 है, जबकि मतदाता सूची के सारांश पुनरीक्षण में 7 दस्तावेजों पर विचार किया जाता था। यह दर्शाता है कि यह मतदाता हितैषी है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए मतदाता के पास 11 दस्तावेजों का विकल्प है, जबकि पहले किए गए संक्षिप्त पुनरीक्षण में सात दस्तावेज मांगे गए थे, इससे यह साफ दिखता है कि प्रक्रिया मतदाताओं के लिए अनुकूल है। इससे पहले न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने चुनावी राज्य बिहार में विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) कराने के चुनाव आयोग के 24 जून के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई की।

## 'पाकिस्तान के पास अब कुछ नहीं बचा'

**शहबाज शरीफ की गीदड़भभकी पर भड़के पूर्व सांसद दिलीप घोष**

कोलकाता, 13 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने एक बार फिर गीदड़ भभकी दिखाते हुए सिंधु जल संधि को लेकर कहा कि 'दुश्मन पाकिस्तान से एक बूंद भी नहीं छीन सकता।' इस पर भाजपा नेता दिलीप घोष ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पाकिस्तान के पास अब कुछ नहीं बचा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अपना अंतरराष्ट्रीय समर्थन खो रहा है, जिनमें पाकिस्तान का प्रमुख सहयोगी चीन भी शामिल है।

दिलीप घोष ने कहा कि 'अब पाकिस्तान के लिए कुछ नहीं बचा है। चीन, भारत के खिलाफ पाकिस्तान का समर्थन करता था, लेकिन अब चीन, भारत से हाथ मिला रहा है।

# श्री बांके बिहारी मंदिर न्यास गठन के अध्यादेश को विधानसभा की मंजूरी

## चढ़ावा, संपत्ति और प्रशासन का मिला हक



लखनऊ, 13 अगस्त (एजेंसियां)। यूपी विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन बांके बिहारी मंदिर निर्माण आर्डिनेंस को मंजूरी मिल गई। सदन में बुधवार सुबह 11 बजे विकसित भारत, विकसित यूपी विजन डॉक्यूमेंट 2047 पर लगातार 24 घंटे की चर्चा शुरू हो गई है। इसमें सरकार विभागवार उपलब्धियां और विजन रख रही है, जबकि विपक्ष के सवालों का दौर भी जारी है। इस दौरान सत्र में बांके बिहारी कॉरिडोर आर्डिनेंस विधेयक भी पास हो गया है।

अध्यादेश स्पष्ट करता है कि मंदिर के चढ़ावे, दान और सभी चल-अचल संपत्तियों पर न्यास का अधिकार होगा। इसमें मंदिर में स्थापित मूर्तियां, मंदिर परिसर और प्रसीमा के भीतर देवताओं के लिए दी गई भेंट/उपहार, किसी भी पूजा-सेवा-कर्मकांड-समारोह-धार्मिक अनुष्ठान के समर्थन में दी गई संपत्ति, नकद या वस्तु रूपी अर्पण, तथा मंदिर परिसर के उपयोग के लिए डाक/तार से भेजे गए बैंक ड्राफ्ट और चेक तक शामिल हैं। मंदिर की संपत्तियों में आभूषण, अनुदान, योगदान, हुंडी संग्रह सहित श्री बांके बिहारी जी मंदिर की सभी चल एवं अचल संपत्तियां सम्मिलित मानी जाएंगी।

सरकार ने कहा है कि न्यास का गठन स्वामी हरिदास की परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए किया गया है। स्वामी हरिदास के समय से चली आ रही रीति-रिवाज, त्योहार, समारोह और अनुष्ठान बिना किसी हस्तक्षेप या परिवर्तन के जारी रहेंगे। न्यास दर्शन का समय तय करेगा, पुजारियों की नियुक्ति करेगा और वेतन, भत्ते/प्रतिकर निर्धारित करेगा। साथ ही भक्तों और आगंतुकों की सुरक्षा तथा मंदिर के प्रभावी प्रशासन और प्रबंधन की जिम्मेदारी भी न्यास पर होगी।

न्यास गठन के बाद श्रद्धालुओं को विश्वस्तरीय सुख-सुविधाएं उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। प्रसाद वितरण, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों के लिए अलग दर्शन मार्ग, पेयजल, विश्राम हेतु बेंच, पहुंच एवं कतार प्रबंधन कियोस्क, गौशालाएं, अन्नक्षेत्र, रसोईघर, होटल, सराय, प्रदर्शनी कक्ष, भोजनालय और प्रतीक्षालय जैसी व्यवस्थाएं विकसित की जाएंगी।

# डीएमके नेता की पत्नी ने राज्यपाल से डिग्री नहीं ली

## कहने पर भी इग्नोर किया; तमिलनाडु सरकार और आरएन रवि के बीच विवाद




चैन्नई, 13 अगस्त (एजेंसियां)। तमिलनाडु की एक यूनिवर्सिटी में बुधवार को 32वें दीक्षांत समारोह के दौरान डीएमके नेता की पत्नी ने राज्यपाल आरएन रवि को नजरअंदाज करते हुए उनसे डिग्री नहीं ली। इसकी जगह उन्होंने कुलपति से डिग्री ली।

राज्यपाल इस समारोह में मुख्य अतिथि थे, सभी पासआउट्स को उन्हीं से डिग्री मिलनी थी। वहीं, डिग्री न लेने वाली महिला डीएमके के नागरकोइल डिप्टी सेक्रेटरी एम. राजन की पत्नी जीन जोसेफ हैं।

दरअसल, तमिलनाडु सरकार और राज्यपाल रवि के बीच कानून बनाने को लेकर लंबे समय से विवाद है। राज्यपाल ने डीएमके सरकार के 10 बिल रोक दिए थे। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने इस कदम को गलत और असंवैधानिक बताया था।

# भारी बारिश के चलते राज्य ने बांधों और जलाशयों पर चौबीसों घंटे निगरानी के आदेश दिए



हैदराबाद, 13 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। भारी बारिश के मद्देनजर, राज्य सरकार ने आज सिंचाई विभाग के सभी संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने स्थानों पर रहने, बांधों, जलाशयों, नहरों और तालाबों पर चौबीसों घंटे निगरानी रखने और भारी से बहुत भारी बारिश के कारण होने वाली किसी भी दरार को रोकने के लिए तुरंत कार्रवाई करने का आदेश दिया।

इस संबंध में, राज्य के सिंचाई मंत्री एन उत्तम कुमार रेड्डी ने आपातकालीन निर्देश जारी किए और अधिकारियों को बाढ़ संबंधी कार्यों के लिए धनराशि का उपयोग करने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि शीर्ष अधिकारी अगले 72 घंटों तक अपने-अपने निर्धारित परियोजना स्थलों पर शारीरिक रूप से उपस्थित रहेंगे। मंत्री ने राज्य भर के मुख्य अभियंताओं, मुख्य अभियंताओं, अधीक्षण अभियंताओं, कार्यकारी अभियंताओं और उप-कार्यकारी अभियंताओं के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान ये आदेश जारी किए।

प्रमुख सचिव (सिंचाई) राहुल बोज्जा, विशेष सचिव प्रशांत पाटिल और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी इसमें शामिल हुए। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा अगले तीन से चार दिनों तक भारी से बहुत भारी बारिश की भविष्यवाणी के बाद यह सम्मेलन महत्वपूर्ण हो गया है। आईएमडी के नवीनतम अपडेट का हवाला देते हुए, उत्तम कुमार रेड्डी ने कहा कि भद्राद्री कोठागुडेम, जयशंकर भूपलपल्ली, खम्मम, मेडक, मेडचल-मलकजगिरी, मुलुगु, संगारेड्डी, सूर्यपेट, विकाराबाद और यादाद्री-भुवनगिरी जिलों में अगले 24 घंटों में बहुत भारी बारिश होने की संभावना है, जबकि तेलंगाना के कई अन्य हिस्सों में अगले 72 घंटों में भारी बारिश हो सकती है। उन्होंने ज़ोर देकर कहा, "इस महत्वपूर्ण अवधि के दौरान किसी भी अधिकारी को स्टेशन छोड़ने या छुट्टी के लिए आवेदन करने की अनुमति नहीं है।"

सबसे छोटे गाँव-स्तरीय ढाँचे से लेकर सबसे बड़े बाँध स्थल तक, हर स्थान पर कड़ी नज़र रखी जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा, "अगर आपको कोई ख़तरा महसूस हो या लगे कि स्थिति नियंत्रण से बाहर हो रही है, तो तुरंत अपने ज़िला कलेक्टर, मुख्य अभियंता और सिंचाई सचिव को सूचित करें।" इसके अलावा, मंत्री ने निर्देश दिया कि सभी बड़ी और मध्यम परियोजनाओं, नहरों, तटबंधों, झीलों और ख़ास तौर पर तालाबों की बिना किसी रुकावट के निगरानी की जाए, ख़ासकर उन पर जो पहले से ही भरे हुए हैं। अगर किसी नहर या तालाब में कोई दरार पाई जाती है, तो नुकसान या क्षति को रोकने के लिए तुरंत कदम उठाए जाने चाहिए।

सिंचाई अधिकारियों को राजस्व और पुलिस विभागों के साथ मिलकर बांध स्थलों और संवेदनशील इलाकों में गश्त करने को कहा गया। अतिप्रवाह, रिसाव या संरचनात्मक संकट के संकेतों पर विशेष नज़र रखी जानी चाहिए। आपातकालीन प्रतिक्रिया में देरी से बचने के लिए, उन्होंने अधिकारियों को इन कार्यों के लिए शासनादेश संख्या 45 के अनुसार उपलब्ध वित्तीय संसाधनों का तुरंत उपयोग करने के लिए अधिकृत किया। "यह कागज़ात में देरी का समय नहीं है। उन्होंने आगे कहा, "तेज़ी से और निर्णायक रूप से कार्रवाई करें।" सम्मेलन के दौरान, मंत्री ने नागार्जुन सागर, जुराला, कदम और अन्य प्रमुख जलाशयों सहित ज़िलावार और परियोजनावार समीक्षा की। उन्होंने व्यक्तिगत रूप से राज्य की सभी परियोजनाओं, तालाबों और नहरों की स्थिति की जानकारी ली और कृष्णा और गोदावरी नदियों और उनकी सहायक नदियों में जल स्तर, प्रवाह पैटर्न, बाढ़ निकासी क्षमता और जलद्वारों की तैयारी के बारे में विस्तृत जानकारी ली। अधिकारियों ने उन्हें बताया कि स्थिति वर्तमान में नियंत्रण में है और सभी मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू हैं, लेकिन उन्हें आश्वासन दिया कि क्षेत्र की निगरानी बढ़ाई जाएगी।

सभी शीर्ष इंजीनियरों को उन परियोजना स्थलों पर शारीरिक रूप से उपस्थित रहना चाहिए जिनके लिए वे ज़िम्मेदार हैं, ताकि त्वरित निर्णय लेने और ज़िला अधिकारियों के साथ समन्वय सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि विभाग का अलर्ट तंत्र पूरी तरह से सक्रिय रहना चाहिए और तेज़ संचार चैनल हर समय खुले रहने चाहिए।

उत्तम कुमार रेड्डी ने आगे कहा कि वह अगले दो-तीन दिनों में किसी भी ज़रूरी घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देने के लिए व्यक्तिगत रूप से अपने मोबाइल फ़ोन पर उपलब्ध रहेंगे। "हम आत्मसंतुष्ट नहीं हो सकते। उन्होंने चेतावनी दी, "भारी बाढ़ और संभावित उल्लंघनों से निपटने में हर मिनट महत्वपूर्ण है।" इस अवसर पर, इंजीनियर-इन-चीफ अमजद ने अधिकारियों को इस अवधि के दौरान अपनाई जाने वाली अतिरिक्त परिचालन सावधानियों, तकनीकी जाँचों और आकस्मिक योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

# भूधर नंबरों के आवंटन हेतु योजनाएँ तैयार की जाएँ : रेवंत रेड्डी

## मुख्यमंत्री ने राजस्व एवं आवास विभागों की समीक्षा की



हैदराबाद, 13 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने अधिकारियों को राज्य भर में भूमि के लिए भूधर नंबरों के आवंटन हेतु आवश्यक योजनाएँ तैयार करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने बुधवार शाम कमांड कंट्रोल सेंटर में राजस्व एवं आवास विभागों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया कि राजस्व बैठकों में उत्तराधिकार एवं अन्य नामांतरण संबंधी प्राप्त आवेदनों का शीघ्रता से निपटान किया जाए।

लाइसेंस प्राप्त सर्वेक्षकों द्वारा सर्वेक्षण करने के बाद, नियमित सर्वेक्षकों द्वारा उनकी जाँच की जाए। मुख्यमंत्री ने मुख्य शहरी क्षेत्र में बनने वाले 10 नए उप-पंजीयक कार्यालयों के मॉडलों का अवलोकन किया। सीएम ने सुझाव दिया कि प्रत्येक कार्यालय में पार्किंग, कैंटीन और अन्य बुनियादी सुविधाएं होनी चाहिए। सीएम ने सुझाव दिया कि काम पूरी तरह से लोगों के अनुकूल माहौल में किया जाना चाहिए और सुविधाजनक रूप से। अधिकारियों ने सीएम के ध्यान में लाया कि राज्य भर के कई जिलों में बड़ी संख्या में इंदिराम्मा घर पूरे हो चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने उन्हें इस महीने के अंत तक इंदिराम्मा घरों के उद्घाटन की व्यवस्था करने की सलाह दी। सीएम ने अधिकारियों को हैदराबाद शहर में हाउसिंग बोर्ड के साथ संयुक्त उद्यम वाली परियोजनाओं में समस्याओं को जल्दी हल करने का निर्देश दिया। राज्य के राजस्व और आवास मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी, सीएम के मुख्य सचिव वी शेषाद्रि, के.एस. श्रीनिवास राजू, सीएम के सचिव माणिक राज, सीसीएलए सचिव डी.एस. लोकेश कुमार, पंजीकरण और स्टाम्प के विशेष सचिव राजीव गांधी हनुमंथु, आवास के विशेष सचिव वी.पी. गौतम और अन्य ने समीक्षा में भाग लिया।

# भाजपा ने वकीलों की हत्या के मामले में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत किया

हैदराबाद, 13 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। अधिवक्ता दंपत्ति गट्टू वामन राव और उनकी पत्नी पीवी नागमणि की हत्या के मामले की जाँच केंद्रीय जाँच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने के सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए, तेलंगाना प्रदेश भाजपा प्रमुख एन रामचंदर राव ने आज समुदाय के व्यापक हित में "अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम" तत्काल लागू करने का आग्रह किया। कल, सर्वोच्च न्यायालय ने 2021 में दिनदहाड़े हुई दंपत्ति की हत्या के मामले की जाँच सीबीआई को सौंप दी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने आज एक बयान में कहा कि सर्वोच्च न्यायालय का फैसला राज्य की जाँच एजेंसियों में बढ़ते जन अविश्वास का स्पष्ट संकेत है और यह निर्णय न्यायिक व्यवस्था में जनता के विश्वास को मजबूत करेगा। इसके अलावा, इसने वकीलों पर इस तरह के हमलों में शामिल लोगों को कड़ी चेतावनी दी है। अधिवक्ता दंपत्ति की हत्या ने तेलंगाना में वकीलों की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए थे और सीबीआई जाँच से मामले के तथ्य सामने आएंगे और अपराधियों को कड़ी सजा सुनिश्चित होगी। उन्होंने आगे कहा, "एक पूर्व विधान पार्षद के रूप में मैंने राज्य सरकार से वकीलों की सुरक्षा के लिए अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लाने की बार-बार मांग की थी, लेकिन पिछली सरकार ने इस मांग को नज़रअंदाज़ कर दिया।" रामचंदर राव ने कांग्रेस सरकार से अगले विधानसभा सत्र में अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लाकर अपने चुनावी घोषणापत्र में किए गए वादे को पूरा करने का आग्रह किया क्योंकि वकीलों पर हमलों को रोकने के लिए ऐसा कानून बेहद ज़रूरी है। उन्होंने कहा कि वास्तव में, अधिवक्ता समुदाय की सुरक्षा करना सरकार की ज़िम्मेदारी है और भाजपा अधिवक्ताओं के न्याय, सम्मान और सुरक्षा के लिए अपनी लड़ाई जारी रखेगी।

# उपद्रवी ने होटल में की तोड़फोड़

हैदराबाद, 13 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। नामपल्ली में दरगाह एक्स रोड के पास बुधवार को उस समय हल्का तनाव व्याप्त हो गया, जब एक उपद्रवी ने एक होटल में उत्पात मचाया।

जानकारी के अनुसार, मोहम्मद अलीम, जिसके खिलाफ हबीबनगर पुलिस स्टेशन में एक उपद्रवी पत्र सक्रिय है, ने होटल के फर्नीचर को तोड़ दिया, मालिक को चाकू से धमकाया और काउंटर से जबरन नकदी ले ली। नामपल्ली पुलिस घटना की जांच कर रही है और अलीम की तलाश कर रही है।

# तेलंगाना में जल्द ही पर्यटक पुलिस तैनात: डॉ. जितेंद्र

## तेलंगाना पर्यटन विभाग और पुलिस विभाग के बीच बैठक हुई



हैदराबाद, 13 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राज्य के पुलिस महानिदेशक डॉ. जितेंद्र ने घोषणा की है कि राज्य में आने वाले पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जल्द ही पर्यटक पुलिस तैनात की जाएगी।

तेलंगाना पर्यटन विभाग और पुलिस विभाग के बीच बुधवार को डीजीपी कार्यालय में एक समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में पर्यटन विभाग के विशेष मुख्य सचिव जयेश रंजन, कानून एवं व्यवस्था के अतिरिक्त डीजीपी महेश एम. भागवत, पर्यटन विभाग की एमडी श्रीमती वी. क्रांति, फिल्म विकास निगम की एमडी श्रीमती सीएच. प्रियंका और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर बोलते हुए, डीजीपी ने कहा कि पहले चरण में पर्यटन विभाग को 80 पुलिसकर्मी आवंटित किए जाएँगे। उन्होंने कहा कि 2% सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस तक एक व्यापक पर्यटक पुलिस प्रणाली लागू कर दी जाएगी। पर्यटक पुलिस इकाइयाँ अनंतगिरि, सोमशिला, रामप्पा, यादगिरिगुट्टा, पोचमपल्ली, नागार्जुनसागर, बुद्धवनम, भद्राचलम, अमराबाद और अन्य प्रमुख पर्यटन स्थलों पर कार्यरत होंगी। डीजीपी ने आश्वासन दिया कि पुलिस विभाग तेलंगाना में पर्यटन को बढ़ावा देने और सुरक्षा प्रदान करने के लिए पर्यटन विभाग को पूर्ण सहयोग प्रदान करेगा।

उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि पर्यटन विभाग शूटिंग परमिट जारी करने और विशेष कार्यक्रमों के आयोजन के लिए मानक संचालन प्रक्रियाएँ तैयार करे। उन्होंने कहा कि इससे पुलिस समय पर और प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था प्रदान करने में सक्षम होगी। फिल्म निर्माताओं और कार्यक्रम आयोजकों को पर्याप्त सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को पहले से सूचित करने की सलाह दी गई। विशेष मुख्य सचिव जयेश रंजन ने इस बात पर प्रकाश डाला कि राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की जाएँगी। उन्होंने आध्यात्मिक, चिकित्सा और मनोरंजक स्थलों पर आने वाले पर्यटकों की सुरक्षा के लिए पर्यटक पुलिस की आवश्यकता पर बल दिया, जिससे घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों पर्यटक आकर्षित हों। बैठक में हैदराबाद के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त विक्रम सिंह मान, मल्टी जोन- II आईजीपी तफ़सीर इकबाल, साइबराबाद के संयुक्त पुलिस आयुक्त गजाराव भूपाल, रचाकोंडा डीसीपी इंदिरा, एआईजी रमण कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे। 'भारतीय नागरिक बन

# श्रीधर बाबू को AI-2025 में शीर्ष 100 प्रभावशाली व्यक्तियों में शामिल किया गया

हैदराबाद, 13 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। सूचना प्रौद्योगिकी एवं उद्योग मंत्री दुदिल्ला श्रीधर बाबू को एनालिटिक्स इंडिया पत्रिका की प्रतिष्ठित "AI-2025 में भारत के 100 सबसे प्रभावशाली व्यक्ति" सूची में शामिल किया गया है, जो 11 अगस्त को प्रकाशित हुई थी। यह वार्षिक सूची उन व्यक्तियों का सम्मान करती है जिनके नेतृत्व और नवाचार भारत के AI परिदृश्य को आकार दे रहे हैं। यह सूची रैंकिंग के बजाय श्रेणियों के अनुसार वर्णानुक्रम में प्रस्तुत की गई है। नीति निर्माताओं की श्रेणी में, श्रीधर बाबू का नाम भारत के कुछ सबसे प्रभावशाली लोगों के साथ आता है जो एआई नीति और शासन को आगे बढ़ा रहे हैं, जिनमें इंडियाएआई मिशन के सलाहकार आकृत वैश्य, इंडियाएआई मिशन के सीईओ और एनआईसी के महानिदेशक अभिषेक सिंह, नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत, केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव, नैसकॉम की पूर्व अध्यक्ष देबजानी घोष, एनपीसीआई के सीईओ दिलीप असबे, केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और पूर्व राज्य मंत्री (इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी) राजीव चंद्रशेखर शामिल हैं। इन नेताओं के साथ श्रीधर बाबू का समावेश, एआई-संचालित शासन में तेलंगाना के अग्रणी के रूप में उभरने को रेखांकित करता है। मंत्री श्रीधर बाबू ने कहा, "यह मान्यता समावेशी विकास और बेहतर जीवन प्रदान करने के लिए एआई का उपयोग करने के तेलंगाना के साहसिक दृष्टिकोण का प्रमाण है। हम एक ऐसे भविष्य का निर्माण कर रहे हैं जहाँ नवाचार समानता से मेल खाता हो - यह सुनिश्चित करते हुए कि प्रत्येक नागरिक तकनीकी प्रगति से लाभान्वित हो।"

# बस की स्कूटर से टक्कर में महिला की मौत

हैदराबाद, 13 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। शहर के चादरघाट में बुधवार को टीएसआरटीसी बस द्वारा स्कूटर को टक्कर मारने से एक गृहिणी की मौत हो गई। नामपल्ली निवासी सिंधु सूर्यन (45) नालगोंडा चौराहे से स्कूटर पर जा रही थीं, तभी अचम्पेट बस डिपो की आरटीसी बस ने स्कूटर को टक्कर मार दी। चदरघाट पुलिस ने बताया कि पीड़िता सड़क पर गिर गई और उसके सिर में गंभीर चोटें आईं। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

# केटीआर ने भट्टी विक्रमार्क को छह गारंटियों के क्रियान्वयन पर चुनौती दी

हैदराबाद, 13 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष के.टी. रामाराव ने उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क के हालिया बयान पर कड़ी आलोचना की है, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि कांग्रेस सरकार ने लोगों से किए गए छह वादों में से "लगभग सभी" को लागू कर दिया है। बुधवार को यहां एक बयान में, केटीआर ने याद दिलाया कि चुनावों से पहले, कांग्रेस पार्टी और भट्टी विक्रमार्क सहित उसके नेताओं ने लोगों से "छह गारंटी कार्ड सुरक्षित रखने" का आग्रह किया था और आश्वासन दिया था कि सत्ता में आने के 100 दिनों के भीतर हर वादा पूरा किया जाएगा। केटीआर ने आरोप लगाया, "अब, आपको सत्ता संभाले हुए सिर्फ़ 100 दिन नहीं, बल्कि दो साल हो गए हैं - और एक भी गारंटी पूरी तरह से लागू नहीं हुई है। फिर भी आप लगभग सभी को पूरा करने का दावा करते हैं - यह लोगों को धोखा देने के अलावा और कुछ नहीं है।" छह गारंटियों और 420 वादों को लेकर कांग्रेस सरकार के दुष्प्रचार पर केटी रामा राव ने कहा कि तेलंगाना की जनता झूठ को समझ चुकी है। उन्होंने कहा, "इसीलिए गाँव-गाँव जनता कांग्रेस नेताओं को खदेड़ रही है।" सीधी चुनौती देते हुए केटीआर ने भट्टी विक्रमार्क और उनके मंत्रिमंडल के किसी भी मंत्री को चुनौती दी कि वे तेलंगाना के किसी भी गाँव में जाएँ और लोगों को बताएँ कि छह गारंटियों सहित सभी वादे पूरे कर दिए गए हैं। केटीआर ने कहा, "अगर हिम्मत है, तो जाकर कहो। अगर गाँव वालों ने यह सुनकर तुम्हें नहीं भगाया, तो मैं राजनीति हमेशा के लिए छोड़ दूँगा।" बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष ने आगे कहा कि छह गारंटियों को लागू करने के कांग्रेस के झूठ और दुष्प्रचार का तेलंगाना के हर गाँव के लोग मुँहतोड़ जवाब देंगे।

# कालेश्वरम मोटर्स को तुरंत चालू करने की मांग

## हरीश राव ने फसलों को बचाने के लिए लिखा खुला पत्र



हैदराबाद, 13 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व सिंचाई मंत्री और वरिष्ठ बीआरएस विधायक टी हरीश राव ने प्रमुख जलाशयों को भरने और किसानों के लिए सिंचाई संकट को टालने के लिए कालेश्वरम परियोजना पंपिंग मोटर्स को तत्काल चालू करने का आग्रह किया। सिंचाई मंत्री एन उत्तम कुमार रेड्डी को लिखे एक खुले पत्र में, हरीश राव ने कहा कि कम बारिश और पानी छोड़ने में देरी के कारण किसान गहरे संकट में हैं। उन्होंने कहा कि सरकार चालू मानसून फसल सीजन के दौरान विभिन्न जलाशयों को समय पर भरने में विफल रही है। उन्होंने मांग की कि गोदावरी नदी में भारी जल प्रवाह का उपयोग करने के लिए पैकेज-6 स्थित नंदी पंप हाउस को अविलंब चालू किया जाए।

उन्होंने कहा, 'मिड मनैर, अन्नपूर्णा (अनंतगिरी), रंगनायक सागर, मल्लन्ना सागर, कोंडा पोचम्मा सागर और बसवापुर सहित जलाशयों में पानी डाला जाना चाहिए, जो सभी कालेश्वरम परियोजना के अभिन्न अंग हैं और कुल मिलाकर लगभग पांच लाख एकड़ भूमि की सिंचाई कर सकते हैं।' बीआरएस नेता ने बताया कि 20 टीएमसी फीट की पूर्ण क्षमता वाले श्रीपदा येल्लमपल्ली जलाशय में वर्तमान में 14 टीएमसी फीट पानी है और इसमें 22,300 क्यूसेक पानी आ रहा है, जबकि श्रीराम सागर परियोजना (एसआरएसपी) में 80 टीएमसी फीट क्षमता के मुकाबले 45 टीएमसी फीट पानी है। उन्होंने वनकालम (खरीफ) और यासांगी (रबी) दोनों फसलों के लिए एसआरएसपी चरण-II अयाकट को सहारा देने के लिए मिड मनेयर से लोअर मनेयर बांध (एलएमडी) तक पानी पहुँचाने का भी आह्वान किया, जिसमें वर्तमान में 24 टीएमसी फीट क्षमता के मुकाबले केवल 7 टीएमसी फीट पानी है।

भारी बारिश के कारण गोदावरी नदी में जलस्तर बढ़ने के साथ, उन्होंने कहा कि ऊपरी इलाकों से आने वाली हर बूंद का इस्तेमाल जलाशयों, तालाबों और चेकडैम को भरने में किया जाना चाहिए ताकि लगभग पाँच लाख एकड़ ज़मीन की सिंचाई हो सके। उन्होंने याद दिलाया कि पिछले यासांगी सीज़न में, कालेश्वरम जलाशयों के पानी से पाँच लाख एकड़ ज़मीन पर खेती की गई थी।

# जीएचएमसी हाई अलर्ट पर

हैदराबाद, 13 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। भारी बारिश को देखते हुए जीएचएमसी आयुक्त आरवी कर्णन ने बुधवार दोपहर लोगों को घर के अंदर रहने और आवश्यक न होने पर बाहर निकलने से बचने की सलाह दी। आयुक्त ने बारिश की स्थिति पर नज़र रखने के लिए जीएचएमसी नियंत्रण कक्ष का दौरा किया और कहा कि शहर में बारिश के कारण हम हाई अलर्ट पर हैं। कर्मचारियों की छुट्टियाँ रद्द कर दी गई हैं।

**जीएचएमसी परामर्श:**

घर के अंदर रहें और जब तक आवश्यक न हो बाहर जाने से बचें। जीएचएमसी ऐप और नियंत्रण कक्ष के माध्यम से शिकायत दर्ज करें, और जीएचएमसी अधिकारी तुरंत जवाब देंगे। किसी भी परिस्थिति में मैनहोल न खोलें।

ट्रैफिक जाम को रोकने के लिए पुलिस और हाइड्रा के साथ समन्वय करते हुए ट्रैफिक चोक पॉइंट्स पर विशेष ध्यान दें। सभी वरिष्ठ अधिकारी मुख्यालय पर उपलब्ध थे। राहत गतिविधियों की देखरेख उपायुक्त और स्थानीय तहसीलदार द्वारा की जाएगी।

# नाबालिग को गर्भवती करने के आरोप में गिरफ्तार

हैदराबाद, 13 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। बालानगर पुलिस ने एक युवक को नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार करने और उसे गर्भवती करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। उसकी दोस्ती इंस्टाग्राम पर हुई थी। पुलिस के अनुसार, जोगुलम्बा जिले का रहने वाला हरि कृष्ण (21) अपनी डिग्री पूरी कर चुका है और बेरोजगार है। उसकी मुलाकात कुथबुल्लापुर इलाके की रहने वाली 16 वर्षीय इंटरमीडिएट प्रथम वर्ष की छात्रा से लगभग छह महीने पहले इंस्टाग्राम पर हुई थी।

इसी साल जून में, हरि कृष्ण ने लड़की को बहला-फुसलाकर आईडीपीएल टाउनशिप बुलाया। फिर वह उसे एक सुनसान जगह पर ले गया और उसके साथ बलात्कार किया।

उसने उसे किसी को न बताने की धमकी भी दी। कथित तौर पर उसने कई बार उसका यौन शोषण किया, जिससे वह गर्भवती हो गई। हाल ही में जब लड़की बीमार पड़ी, तो उसके माता-पिता उसे अस्पताल ले गए, जहाँ डॉक्टरों ने उसकी जाँच की और पाया कि वह गर्भवती है। जब लड़की से पूछताछ की गई, तो उसने अपने माता-पिता को पूरी बात बताई। पीड़िता की शिकायत के आधार पर बालानगर पुलिस ने मामला दर्ज कर हरि कृष्ण को गिरफ्तार कर लिया।

तेरहवाँ



स्व. श्री ठाकुर जगन्नाथ सिंह जी
(सुपुत्र स्व. श्री ठाकुर हीरा सिंह जी, पटेल - रायगीर)
(जन्म: 06 सितंबर 1947 । स्वर्गवास : 03 अगस्त 2025)
नैनं छिन्दंति शस्त्राणि, नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः।।
तेरहवीं विधि दि. 14 अगस्त 2025 को
प्रातः 10:00 बजे हमारे निवास पर होगा।
भोज : दोपहर 1:00 बजे जय राघव कन्वेंशन हॉल,
कारगिरी वेंकटेश्वर स्वामी देवस्थानम के सामने,
स्वरोप नगर, उप्पल, हैदराबाद पर रखा गया है।
शोकाकुल :
ठाकुर यशवंत सिंह, ठाकुर हीरा शैलेन्द्र सिंह,
ठाकुर धीरेंद्र सिंह एवं समस्त परिवार
फोन : 9908005050, 9000882869, 9700279763

# मंत्री सुरेश गोपी की जीत को फर्जी बताने पर भाजपा का पलटवार

## चंद्रशेखर बोले- ईसी या अदालत जाए कांग्रेस



तिरुवनंतपुरम, 13 अगस्त (एजेंसियां)। केरल भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने कांग्रेस और सीपीआई के उन आरोपों को खारिज किया है, जिनमें केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी पर 2024 लोकसभा चुनाव में फर्जी घोषणा पत्र देने और मतदाता सूची में हेरफेर करने के आरोप लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के मामलों को चुनाव आयोग या अदालत में उठाएं, न कि जनता को भड़काने के लिए झूठ फैलाना चाहिए। चंद्रशेखर की यह टिप्पणी कांग्रेस और भाकपा के उन आरोपों के बाद आई है, जिनमें कहा गया है कि केंद्रीय राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान गलत घोषणापत्र दाखिल किया था और त्रिशूर निर्वाचन क्षेत्र से उनकी जीत मतदाता सूची में हेरफेर के कारण हुई थी। कांग्रेस ने एक दिन पहले आरोप लगाया था कि केंद्रीय पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस और पर्यटन राज्य मंत्री ने त्रिशूर लोकसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में शामिल होने के लिए गलत घोषणापत्र दाखिल किया था। देश की सबसे पुरानी पार्टी ने उनके खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग करते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

### इस पार्टी नेता ने भी जीत पर उठाए थे सवाल

इससे पहले, भाकपा नेता वीएस। सुनील कुमार ने आरोप लगाया था कि मतदाता सूची में स्पष्ट हेराफेरी हुई है, जिससे त्रिशूर निर्वाचन क्षेत्र में गोपी की जीत हुई। गोपी ने त्रिशूर सीट पर 74,000 से ज़्यादा मतों के बड़े अंतर से जीत हासिल की थी, उन्होंने कुमार और कांग्रेस उम्मीदवार के। मुरलीधरन को कांटे के त्रिकोणीय मुकाबले में हराया था। वहीं, बुधवार को चंद्रशेखर ने आरोपों की सत्यता पर सवाल उठाते हुए कहा कि ये दावे गोपी के लोकसभा चुनाव जीतने के डेढ़ साल बाद उठाए जा रहे हैं। भाजपा नेता ने यह भी कहा कि ऐसे मुद्दों को चुनाव आयोग या अदालतों में शिकायत या चुनाव याचिका दायर करके उठाया जाना चाहिए लेकिन वो ऐसा नहीं करते हैं। इसके बजाय, वे झूठ बोलकर जनता को भड़काने या अपने दुष्प्रचार से लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश करते हैं। यह सब दिखावा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव नजदीक आते ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी और केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन इस तरह के नाटक कर रहे हैं। इस बीच, गोपी त्रिशूर पहुंचे और एक भाजपा कार्यकर्ता से मिले, जो मंगलवार को एक विरोध प्रदर्शन में घायल हो गया था। त्रिशूर रेलवे स्टेशन पहुंचने के बाद, मंत्री ने कांग्रेस और भाकपा के आरोपों के बारे में पत्रकारों के सवालों का जवाब नहीं दिया।

# एटीएम लूट रहा था चोर, पहुंच गई पुलिस, रंगे हाथ पकड़ा गया शख्स

बेल्लारी, 13 अगस्त (एजेंसियां)। एटीएम में चोरी, एटीएम मशीन की चोरी के कई मामले सामने आते रहते हैं। कोई बुलडोजर से एटीएम मशीन उठा ले जाता है तो कभी थार गाड़ी से मशीन को चुराने की कोशिश होती है। इसी बीच कर्नाटक का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें एक चोर उस वक्त पकड़ा गया, जब वह एटीएम के अंदर चोरी करने की कोशिश कर रहा था।

सामने आए वीडियो में देखा जा सकता है कि एक चोर एटीएम के अंदर घुसकर मशीन से छेड़छाड़ कर रहा है। कुछ देर बाद वह मशीन को खोलकर उसके अंदर से नोट निकालने की कोशिश करने लगता है। वह मशीन खोलने में कामयाब हो भी गया था, लेकिन शायद नोट नहीं निकाल पाया। रात के वक्त सुनसान पड़े एटीएम से वह नोटों की गड्डी निकालने की कोशिश कर ही रहा था कि तभी वहां पुलिस के जवान पहुंच गए। जैसे ही एटीएम के अंदर पुलिस का जवान दाखिल हुआ तो चोर भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन पुलिस के जवान ने उसे पकड़ लिया। चोर भागते हुए एटीएम से बाहर आ गया। बाहर एक अन्य पुलिसकर्मी भी खड़ा था, दोनों ने मिलकर चोर पर काबू पा लिया। घटना कर्नाटक के बेल्लारी की बताई जा रही है। बल्लारी गश्ती पुलिस ने एक बदमाश को एटीएम लूटने की कोशिश करते रंगे हाथों पकड़ लिया।

एएसआई मल्लिकार्जुन द्वारा चोर को पकड़ने की घटना एटीएम में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई, जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। फिल्मी अंदाज में चोर के पकड़े जाने का यह वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है और लोग पुलिसकर्मी की जमकर तारीफ कर रहे हैं। संदिग्ध की पहचान आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले के वेंकटेश के रूप में हुई है। बता दें कि इसी साल जनवरी में कर्नाटक के बीदर में एसबीआई बैंक के पास एक एटीएम में दो बाइक सवार हथियारबंद बदमाशों ने 93 लाख रुपये की लूट को अंजाम दिया था।

# गैरसैंण में 19 अगस्त से मानसून सत्र

देहरादून, 13 अगस्त (एजेंसियां)। ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण के भराड़ीसैंण विधानसभा में 19 अगस्त से होने वाले मानसून सत्र में आपदा व प्रभावित परिवारों के पुनर्वास से जुड़े सवालों की बौछार होगी। सत्र के लिए अब तक विधानसभा सचिवालय को पक्ष-विपक्ष के विधायकों से 545 प्रश्न प्राप्त हो चुके हैं। मानसून सत्र के लिए एक सप्ताह का समय शेष बचा है।

प्रदेश सरकार ने मानसून सत्र भराड़ीसैंण में कराने का निर्णय लिया है। राजभवन की अनुमति के बाद विधानसभा ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। सत्र 19 से 22 अगस्त तक चलेगा। इसके लिए विधानसभा सचिवालय ने सत्र को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए तैयारियां पूरी कर ली है। सत्र के लिए विधायकों ने अपने विधानसभा क्षेत्रों से संबंधित मुद्दों के 545 प्रश्न विधानसभा भेजे हैं। इस समय प्रदेश में प्राकृतिक आपदा घटनाओं व भूस्खलन से भारी नुकसान हुआ है। इसे देखते हुए विधायकों की ओर से आपदा व प्रभावितों के पुनर्वास से संबंधित प्रश्नों को सदन में उठाया जाएगा। विपक्ष भी आपदा, भ्रष्टाचार समेत अन्य मुद्दों पर सरकार को घेरने की रणनीति तैयार कर रहा है। हालांकि कांग्रेस विधानमंडल दल की बैठक में मुद्दों पर अंतिम निर्णय लेगी।

उधर, सत्ता पक्ष भी विपक्ष के हर सवालों का मजबूती से जवाब देने की रणनीति बना रहा है। भराड़ीसैण विधानसभा में 19 अगस्त से होना है। इस पर भारी बारिश से जगह-जगह भूस्खलन व प्राकृतिक आपदा की घटनाएं हो रही हैं। सत्र के लिए पूरी सरकार व विधायकों को भराड़ीसैंण पहुंचना है। इसके अलावा अधिकारियों व कर्मचारियों, सुरक्षा बल के जवान भी भराड़ीसैंण जाएंगे। ऐसे में भराड़ीसैंण में सत्र करवाना बड़ी चुनौती है।

# 16 करोड़ का घर, फिर भी नहीं छूटा सरकारी बंगले का मोह

## मंत्री पद जाने पर भी धनंजय मुंडे खाली नहीं कर रहे आवास



मुंबई, 13 अगस्त (एजेंसियां)। नेता लोगों के कुर्सी से चिपके रहने की कहानियां तो आपने सुनी होंगी, लेकिन आज हम आपको बताएंगे एक ऐसे नेता की कहानी, जो मंत्री पद न होने के बावजूद सरकारी बंगले से चिपके हुए हैं। जी हां, बात हो रही है धनंजय मुंडे की, जो फडणवीस सरकार में मंत्री पद से 5 महीने पहले इस्तीफा दे चुके हैं। मुंबई में घर न होने का हवाला देकर उन्होंने सरकारी आवास 'सातपुड़ा' पर कब्जा जमा रखा है, जबकि उनके पास मुंबई के गिरगांव चौपाटी के सामने एक आलीशान घर मौजूद है। पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव से पहले दायर नामांकन पत्र के साथ दिए गए हलफनामे में मुंडे ने इस घर की जानकारी दी है। गिरगांव चौपाटी के पास एन। एस। पाटकर रोड पर 22 मंजिला 'वीर भवन' बिल्डिंग है। इसी बिल्डिंग की 9वीं मंजिल पर फ्लैट नंबर 902 धनंजय मुंडे और उनकी पत्नी राजश्री के नाम पर है। दिसंबर 2023 में 16 करोड़ 50 लाख रुपये में खरीदे गए इस घर के लिए मुंडे ने अपने हलफनामे में बताया है कि उन्होंने खुद 10 करोड़ रुपये खर्च किए।

यह 4 बेडरूम वाला फ्लैट है, जिसका कार्पेट एरिया 2151 वर्गफुट है। दिलचस्प बात यह है कि घर खरीदे जाने के बाद से ही यह बंद पड़ा है एनसीपी (अजीत पवार गुट) के नेता धनंजय मुंडे मंत्री न होते हुए भी सरकारी आवास पर कब्जा जमाए हुए हैं, जबकि सीनियर मंत्री छगन भुजबल को अब तक मुंबई में घर नहीं मिला है

और वे आवास के मामले में 'वेटिंग लिस्ट' में हैं। मौजूदा नियमों से ज्यादा समय तक बंगला इस्तेमाल करने के कारण मुंडे पर 42 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है, लेकिन उन्होंने न तो बंगला खाली किया है और न ही यह जुर्माना भरा है। दरअसल, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री को यह जुर्माना माफ करने का अधिकार होता है।

### महिलाओं के लिए इस सेक्टर में बनेगा नया हॉस्टल मिलेंगी ये खास सुविधाएं

रेवाड़ी, 13 अगस्त (एजेंसियां)। रेवाड़ी जिले के बावल व धारूहेडा औद्योगिक क्षेत्रों में कार्यरत कामकाजी महिलाओं के लिए जल्द ही शहर के सेक्टर 16 में जाट धर्मशाला के समीप आधुनिक हॉस्टल का निर्माण कराया जाएगा, जिसमें सौ से अधिक महिलाएं रह सकती है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने हॉस्टल के लिए एक एकड़ जमीन का चयन कर लिया है। विभाग की ओर से महिला हॉस्टल के निर्माण का प्रस्ताव उच्च अधिकारियों को भेज दिया गया है। सुविधाओं से युक्त हॉस्टल में कामकाजी महिलाएं सुरक्षित तरीके से रह सकेंगी। हॉस्टल में बेड, फर्नीचर, भोजन और अन्य जरूरी सुविधाएं कम शुल्क में मुहैया कराई जाएंगी। बता दें कि यह योजना उन कामकाजी महिलाओं के लिए तैयार की गई है।

# दिल दहला देने वाली वारदात

## दंत चिकित्सक ने सास की हत्या की साथियों की मदद से शव के टुकड़े किए

बंगलूरू, 13 अगस्त (एजेंसियां)। कर्नाटक के तुमकुरु के कोराटागेरे में एक दंत चिकित्सक ने अपनी सास की हत्या कर दी। उसने अपने दो साथियों की मदद से शव के टुकड़े-टुकड़े कर दिए। तुमकुरु के एसपी अशोक केवी ने बताया कि 7 अगस्त को हमें कोराटागेरे पुलिस थाने की सीमा में मानव शरीर के अंगों के टुकड़े मिले। हम मौके पर पहुंचे और पाया कि कोराटागेरे पुलिस थाने की सीमा में अलग-अलग जगहों पर दो हाथ, मांसपेशियां और आंत के कुछ हिस्से फेंके गए थे।

उन्होंने कहा कि हमने स्वतः संज्ञान लेकर हत्या का मामला दर्ज किया। जब हमने हाल के गुमशुदा मामलों की जांच की, तो हमें पता चला कि बेल्लावी में लगभग इतनी ही उम्र की एक महिला 3 अगस्त को लापता हो गई थी। हाथों पर निशान देखकर परिवार के सदस्यों ने उसकी पहचान कर ली। जब हमने पीड़िता की गतिविधियों पर नजर रखी तो पता चला कि वह एक सफेद कार में बैठी थी। उन्होंने बताया कि कार के मालिकाना हक के आधार पर हमें पता चला कि वह मृतका के दामाद की थी।

आरोपियों ने डॉक्टर (मृतका के दामाद) की मौजूदगी में कार में ही उसकी हत्या कर दी। तीनों आरोपियों को कल रात जेल भेज दिया गया और आज उन्हें मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जाएगा। मृतका का नाम बी लक्ष्मीदेवी है। आरोपियों की पहचान डॉ। रामचंद्र (दामाद), सतीश और किरण के रूप में हुई है।

### 11वीं की स्मार्ट क्लास में चल रही थी अश्लील फिल्म

# वीडियो वायरल हुआ तो प्रिंसिपल बोले- ये तो 10 महीने पुराना

राजगढ़, 13 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के राजगढ़ स्थित सुठालिया में पीएम श्री शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से एक शर्मनाक मामला सामने आया है। यहां स्मार्ट क्लास में छात्र अश्लील वीडियो देखते मिले। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल हुआ तो शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया। स्कूल के प्रिंसिपल ने इस पर सफाई दी है। कहां यह वीडियो वर्तमान कार्यकाल का नहीं है और करीब 8-10 महीने पुराना है। जबकि, उनकी ज्वाइनिंग हाल फिलहाल में हुई है।

वीडियो वायरल होने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने तीन प्राचार्यों की टीम गठित कर जांच के आदेश दिए हैं। स्कूल के प्राचार्य ने कहा- कल कोई स्थानीय व्यक्ति ने मुझे यह वीडियो दिखाकर पचास हजार मांग रहा था। जब मैंने उसे पैसे नहीं दिए तो उसने यह वीडियो वायरल कर दिया। खैर सच्चाई क्या है यह तो जांच के बाद ही पता चलेगा। लेकिन इतना तय है कि यहां शिक्षा व्यवस्था बदहाल है। स्थानीय लोग इस मामले में दोषियों पर कारवाई की मांग कर रहे हैं। वीडियो के सामने आते ही जिला शिक्षा अधिकारी करण सिंह भिलाला ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर, जीरापुर उत्कृष्ट स्कूल के प्राचार्य और तलेन स्कूल के प्रधानाचार्य की तीन सदस्यीय समिति बनाई गई है, जो घटना की विस्तृत जांच कर प्रतिवेदन सौंपेगी। स्कूल प्रबंधन ने सफाई दी है कि यह वीडियो वर्तमान कार्यकाल का नहीं है और करीब 8-10 महीने पुराना है। प्राचार्य हेमंत यादव ने कहा- मुझे नहीं पता कि यह वीडियो कब और कैसे वायरल हुआ, लेकिन यह मेरे कार्यकाल का नहीं है। स्कूल के अन्य टीचर और स्टाफ भी मामले से पल्ला झाड़ रहा है। स्कूल के लोगों का कहना है कि किस कक्षा में बच्चे क्या कर रहे हैं, इस पर हमेशा निगाह नहीं रखी जा सकती।

ऐसे में यह घटना हो गई। कक्षा ग्यारहवीं के छात्रों से इस बारे में पूछताछ की जा रही है। कुछ बच्चों का नाम भी सामने आया है। अब उन सभी बच्चों के माता-पिता से बातचीत की जाएगी। बच्चों की कॉउंसिलिंग भी होगी। घटनाक्रम के लिए दोषी स्टूडेंट और टीचर्स पर कार्रवाई तो तय है। शिक्षा विभाग ने घटना के बाद सभी स्कूलों में डिजिटल उपकरणों की निगरानी बढ़ाने के आदेश दिए हैं। अब हर कक्षा में सीसीटीवी कैमरे लगाने, स्मार्ट स्क्रीन को पासवर्ड से सुरक्षित रखने और वाईफ़ाई उपयोग पर सख्त नियंत्रण की हिदायत दी गई है। अभिभावकों का कहना है कि ऐसे मामलों में त्वरित और सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोहराई न जाएं।

### नूंह के मुंडाका गांव में क्यों भड़की सांप्रदायिक हिंसा 2 साल पहले हुई हिंसा का निकला कनेक्शन, ऐसे रची गई साजिश

नूंह, 13 अगस्त (एजेंसियां)। हरियाणा के नूंह जिले के मुंडाका गांव के पास दो युवकों के बीच गाड़ी हटाने को लेकर हिंसा हुई। दोनों युवक अलग- अलग समुदाय से थे। देखते ही देखते इस हिंसा ने सांप्रदायिक रंग ले लिया। जिन दो युवकों के बीच हिंसा शुरू हुई थी, उन दोनों के पक्ष वहां इकट्ठा हो गए और एक दूसरे पर जमकर पत्थरबाजी की। आरोप है कि मुंडाका गांव की सड़क पर राजस्थान के हाजीपुर के रहने वाले इसरा का बेटा बीच सड़क पर गाड़ी लगाकर खड़ा था। जब मुंडाका गांव के समय सिंह जोकि बाइक पर सवार था।

गाड़ी हटाने के लिए कहा तो युवक ने गाड़ी हटाने के बजाए समय सिंह पर बोतल से हमला कर दिया। आपसी झगड़े के बाद दोनों ही पक्षों के लोग वहां इकट्ठे हो गए और इसरा के घर के बाहर सड़क पर बनी पंचर की दुकानों और एक मोटर साइकिल में आग लगा दी। इस दौरान दोनों तरफ से जमकर पत्थरबाजी हुई।

# 'मांस खाने और स्वतंत्रता दिवस मनाने में क्या संबंध

## मीट बैन के आदेश पर राजनीतिक विवाद शुरू



मुंबई, 13 अगस्त (एजेंसियां)। देश के कई नगर निकायों की ओर से इस स्वतंत्रता दिवस पर मांस की दुकानों और बूचड़खानों को बंद रखने के आदेश के बाद एक बड़ा राजनीतिक विवाद छिड़ गया है। कई राजनेताओं ने पार्टी लाइन से हटकर इस प्रतिबंध को लोगों की खान-पान की आजादी पर नकेल कसने वाला बताया है। उनका कहना है कि देश अपनी आजादी का जश्न मना रहा है और इस दौरान ही आजादी का हनन हो रहा है।

हैदराबाद के सांसद और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम की ओर से 15 और 16 अगस्त (स्वतंत्रता दिवस और जन्माष्टमी) को बूचड़खानों और मांस की दुकानों को बंद रखने के आदेश की आलोचना की। उन्होंने लिखा, 'ऐसा लगता है कि देश में कई नगर निगमों ने 15 अगस्त को बूचड़खानों और मांस की दुकानों को बंद रखने का आदेश दिया है। दुर्भाग्य से ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम ने भी ऐसा ही आदेश दिया है। यह कठोर और असंवैधानिक है।' ओवैसी ने कहा, 'मांस खाने और स्वतंत्रता दिवस मनाने के बीच क्या संबंध है? तेलंगाना के 99% लोग मांस खाते हैं। ऐसे फैसले मांस प्रतिबंध लोगों की स्वतंत्रता, निजता, आजीविका, संस्कृति, पोषण और धर्म के अधिकार का उल्लंघन करते हैं।'

महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में इसी तरह के मांस प्रतिबंध के आदेश पर उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने आपत्ति जताई। अजित ने कहा, 'ऐसा प्रतिबंध लगाना गलत है। बड़े शहरों में विभिन्न जातियों और धर्मों के लोग रहते हैं। अगर यह भावनात्मक मुद्दा है तो लोग इसे एक दिन के लिए स्वीकार कर लेते हैं, लेकिन अगर आप महाराष्ट्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस पर ऐसे आदेश लगाते हैं तो यह मुश्किल है।' मुंबई के पास ठाणे स्थित कल्याण डोंबिवली नगर निगम ने भी ऐसा ही निर्देश जारी किया है। शिवसेना (उद्धव गुट) नेता आदित्य ठाकरे ने कहा कि नगर आयुक्त को निलंबित कर दिया जाना चाहिए। यह तय करना उनका काम नहीं है कि कौन क्या खाए। उन्होंने कहा, 'स्वतंत्रता दिवस पर हम क्या खाते हैं, यह हमारा अधिकार है, हमारी आजादी है।

वे हमें यह नहीं बता सकते कि हमें क्या खाना चाहिए। आप हमारे घरों में क्यों घुस रहे हैं? नगर निगम को सड़कों पर गड्ढों जैसे मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए।' एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के प्रवक्ता अरुण सावंत ने कहा कि महाराष्ट्र की भाजपा-शिवसेना-राकांपा सरकार ने मांस पर प्रतिबंध को मंजूरी नहीं दी है। उन्होंने कहा, 'विपक्ष राज्य सरकार पर झूठे आरोप लगा रहा है और उसे बदनाम करने की कोशिश कर रहा है।'

# इंडसइंड बैंक में 2000 करोड़ की गड़बड़ी, ईओडब्ल्यू की जांच शुरू

मुंबई, 13 अगस्त (एजेंसियां)। पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने इंडसइंड बैंक से जुड़े मामले में प्रीलिमिनरी इन्क्वायरी (पीई) शुरू कर दी है। बैंक ने पुलिस को पत्र लिखकर अपने कुछ पूर्व की मैनेजिरियल पर्सन (केएमपी) पर अनियमितताओं के आरोपों की जांच करने को कहा था। आपको बता दें कि ये सिर्फ एक पीई है, यानी अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं हुई है। आमतौर पर, अगर जांच में कोई अपराध साबित होता है, तो एफआईआर होती है, वरना केस सबूतों की कमी के कारण बंद कर दिया जाता है।

ईओडब्ल्यू ने बैंक के पूर्व सीएफओ के स्टाफ और अकाउंट डिपार्टमेंट के कर्मचारियों के बयान दर्ज कर लिए हैं। मार्च में बैंक ने अपने डेरिवेटिव पोर्टफोलियो में 1,979 करोड़ की अकाउंटिंग गड़बड़ी की बात मानी थी। आंतरिक ऑडिट में यह भी पता चला कि 674 करोड़ को माइक्रोफाइनेंस बिजनेस से ब्याज के तौर पर गलत दर्ज किया गया, और बैलेंस शीट के "अन्य एसेट्स" में 595 करोड़ की बिना आधार वाली रकम दिखाई गई। सेबी भी इस मामले की जांच कर रहा पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जांच में दो बड़ी बातें देखी जा रही हैं।

पहला, बैंक की बैलेंस शीट में ये 'नोशनल प्रॉफिट' क्यों दिखाया गया? दूसरा, क्या कुछ सीनियर अफसरों ने शेयर मार्केट को सूचना देने से पहले अपने शेयर बेचकर मुनाफा कमाया? जरूरत पड़ी तो इन पूर्व केएमपी को पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा। अधिकारी ने कहा कि सेबी भी इस मामले की जांच कर रहा है, लेकिन उनका फोकस मार्केट नियमों के उल्लंघन पर है, जबकि पुलिस की जांच पूरी तरह क्रिमिनल एंगल से हो रही है।

# पूर्व प्रेमी का धोखा, ससुराल पक्ष का जुल्म, फिर नवविवाहिता ने चुनी मौत



सीहोर, 13 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के सीहोर जिले में शादी के महज 17 महीने बाद एक 24 साल की नवविवाहिता ने आत्महत्या कर ली। विवाहित महिला कुछ महीने से अपने मायके रह रही थी और उसका पति से तलाक का केस कोर्ट में चल रहा था। महिला ने सुसाइड में अपनी मौत का जिम्मेदार उसके पूर्व प्रेमी और ससुराल वालों को ठहराया है। पुलिस ने केस दर्ज मामले की जांच शुरू कर दी है। यह मामला अपने आप में झकझोर देने वाला है। महिला अपने पूर्व प्रेमी के धोखे का शिकार हुई, पति और ससुराल वालों ने उसका साथ नहीं दिया। उसे चरित्रहीन कहकर और प्रताड़ित करके घर से बाहर निकाल दिया।

सबसे ज्यादा हैरानी की बात है कि आरोपी ससुराल पक्ष ने नवविवाहिता के पिता से पांच लाख रुपये यह कहकर ले लिए कि वे उनकी बेटी को अपने घर में रखेंगे। लेकिन, बात में उन्होंने ऐसा नहीं किया। पुलिस से मिले जानकारी के अनुसार, परवलिया सड़क थाना क्षेत्र के ग्राम झिरनिया में रहने वाली एक युवती की शादी मार्च, 2024 में सीहोर जिले के दोराहा थाना क्षेत्र में रहने वाले बबलू मीना के साथ हुई थी। शादी के बाद वह अपने ससुराल में रह रही थी, सब कुछ ठीक चल रहा था। लेकिन, इस बीच नवविवाहिता के पूर्व प्रेमी रोशन मीना निवासी ग्राम चंदेरी ने उसके आपत्तिजनक फोटो-वीडियो ससुराल वालों को भेज दिए। पति और ससुराल वालों ने वीडियो फुटेज देखे को आगबबूला हो गए। नवविवाहिता की जिंदगी में तनाव हो गए और ससुराल वाले भी प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता के मायके पक्ष का आरोप है कि वीडियो-फुटेज देखने के बाद अक्टूबर 2024 में पति बबलू मीना, ससुर रामनारायण मीना, सास कमलेश मीना और ननद रुमा मीना ने विवाहिता को चरित्रहीन कहकर घर से निकाल दिया।

अपना घर उजड़ता देख, बदनामी और मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना से परेशान नवविवाहिता अपने मायके में रहने लगी। इस सब से वह गहरे अवसाद में चली गई। इधर, बेटी को उसके ससुराल भेजने के लिए पिता ने प्रयास शुरू किए। इस दौरान ससुराल पक्ष ने शर्त रखी कि उसे (नवविवाहिता) रखने के बदले पांच लाख रुपये भी देने होंगे। बेटी का घर बचाने के लिए पेशे से किसान पिता ने प्रयास कर ससुराल पक्ष को यह रकम दे दी, लेकिन इके बाद भी ससुराल वालों ने उसे अपने घर में नहीं घुसने दिया।

इस सब से पीड़ित नवविवाहिता लगातार तनाव में थी। 12 अगस्त की सुबह वह चुपचाप घर से निकली और गांव के पास स्थित कुएं में कूदकर जान दे दी। परिवार और ग्रामीणों को जानकारी लगने पर पुलिस को सूचना दी गई। परवलिया सड़क थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकलवाया। इसके बाद मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के लिए हमीदिया अस्पताल भेज दिया गया।

### सौतेले नाना से प्रेग्नेंट हुई 15 साल की नातिन, रोते बिलखते सौतेली मां को बताई दरिंदगी की कहानी

ऊधम सिंह नगर, 13 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तराखंड के ऊधम सिंह नगर से दिल दहला देने वाली और रिश्तों को तार-तार कर देने वाली खबर सामने आई है। यहां सौतेले नाना ने नाबालिग नातिन से न सिर्फ हैवानियत की। बल्कि, जब नातिन ने प्रेग्नेंट होकर बच्चे को जन्म दिया को उस मासूम को भी किसी को गोद दे दिया। डर-डर कर नाबालिग ने सौतेली मां को नाना की करतूत बताई। पुलिस ने आरोपी नाना को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

नाबालिग लड़की के चाचा ने पुलिस में आरोपी के खिलाफ तहरीर दी थी। चाचा के मुताबिक- मेरे बड़े भाई की पहली बीवी उन्हें छोड़कर कहीं चली गई। भैया की एक बेटी थी। इसलिए उसके पालन-पोषण के लिए भैया ने दूसरी शादी की। तब नई भाभी की मां अचानक से बीमार हो गईं। उनकी देखभाल के लिए मेरी भतीजी को भेजा गया। वहां 70 साल के सौतेले नाना ने उसे डरा धमकाकर कई बार संबंध बनाए। चाचा ने बताया- जब मेरी भतीजी प्रेग्नेंट हुई, तब भी उसे हमारे पास नहीं भेजा गया। इसलिए हमे पता ही नहीं चला कि वो प्रेग्नेंट हैं। बाद में उसने बच्ची को जन्म दिया। तब आरोपी नाना ने उस बच्ची को किसी को गोद दे दिया। बाद में भतीजी जब घर लौटी तो उसने सौतेली मां को सारी बात बताई।

तब हमें सारा माजरा पता चला। सौतेले नाना ने लड़की को धमकी दी थी कि अगर उसने इस बारे में किसी को बताया तो वो उसे मार डालेगा। पुलिस ने मामला दर्ज करके 70 वर्षीय बुजुर्ग को गिरफ्तार किया। फिर उसे कोर्ट में पेश किया। वहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है। वहीं, नाबालिग का भी मेडिकल करवाया गया है। वहीं, परिवार सौतेले नाना की इस हरकत से हैरान है। अपनी ही नातिन से कोई कैसे इतनी हैवानियत कर सकता है, यही सवाल सबके मन है। परिवार की मांग है कि आरोपी को सख्त से सख्त सजा हो।

स्वतंत्र वार्ता

गुरुवार, 14 अगस्त- 2025

## क्रीमी लेयर' पर समीक्षा की तैयारी

केंद्र सरकार ओबीसी वर्ग के तहत आरक्षण का लाभ पाने वालों के लिए क्रीमी लेयर के इनकम की सीमा में एक समानता लाने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है। इसके पीछे मंशा यह है कि सभी तरह की सरकारों, सार्वजनिक उपक्रमों, विश्वविद्यालयों या प्राइवेट संस्थानों के लिए ओबीसी की क्रीमी लेयर की आय सीमा एक ही कर दिया जाए। ऐसा करने का मकसद यही है कि ओबीसी क्रीमी लेयर में यह सुनिश्चित हो सके कि कौन इसके दायरे में आता है और कौन इस दायरे के बाहर निकल चुका है। यदि ऐसा हो गया तो अलग-अलग संगठनों और संस्थाओं में इस आधार पर भेदभाव खत्म हो सकेगा। ऐसा होने से केंद्र सरकार, राज्य सरकार, पीएसयू, विश्वविद्यालय या अन्य ऐसी संस्थानों के लिए ओबीसी आरक्षण का लाभ प्राप्त करने के लिए क्रीमी लेयर की आय सीमा एक ही समान रखी जाएगी। बता दें कि ओबीसी आरक्षण में क्रीमी लेयर की शुरुआत 1992 में सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले से हुई थी। यह केस इंदिरा साहनी बनाम भारत संघ से संबंधित था। क्रीमी लेयर का लक्ष्य तब यह तय करना था कि ओबीसी में जो सक्षम वर्ग है, उसे आरक्षण के लाभ से दूर रखा जाए, ताकि जरूरतमंदों को भी इसका पूर्ण लाभ मिल सके। 2017 में केंद्र ने क्रीमी लेयर की सीमा बढ़ाकर 8 लाख रुपये प्रति वर्ष कर दी जो अभी भी यह लागू है। ओबीसी क्रीमी लेयर के दायरे में सरकार के बड़े पदों पर मौजूद अफसर, केंद्र और राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारी, सार्वजनिक उपक्रमों के बड़े अधिकारी, सशस्त्र सेनाओं के अधिकारी, बड़े बिजनेसमैन या जो भी इनकम की निर्धारित सीमा में आते हैं। अब जिस क्रीमी लेयर पर नया प्रस्ताव लाए जाने की रिपोर्ट है, उसे सामाजिक न्याय और अधिकारिता, शिक्षा, पर्सनल एंड ट्रेनिंग, विधि मामले, श्रम और रोजगार, सार्वजनिक उपक्रम मंत्रालयों और नीति आयोग के साथ-साथ राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने आपस में चर्चा के बाद तैयार किया है। कई केंद्रीय पीएसयू में तो 2017 में तय किया गया क्रीमी लेयर नियम लागू है। लेकिन, कई विश्वविद्यालयों, शिक्षण संस्थानों और राज्य सरकार की इकाइयों में इसमें इसकी आय सीमा अभी भी अलग-अलग है। ऐसे में केंद्र सरकार की नौकरियों और शिक्षण संस्थानों में एडमिशन के लिए गैर-क्रीमी लेयर ओबीसी को 27% आरक्षण की व्यवस्था है। लेकिन राज्य सरकारों की नौकरियों में आरक्षण की इस सीमा में अंतर है। ओबीसी के जो लोग क्रीमी लेयर के दायरे में आते हैं, उन्हें आरक्षण का लाभ नहीं मिलता। लेकिन, क्रीमी लेयर की इनकम की एक समान सीमा निर्धारित नहीं रहने से इस वर्ग को भेदभाव का शिकार होना पड़ता है। यूनिवर्सिटी के असिस्टेंट प्रोफेसर,एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसर समेत टीचिंग स्टाफ की सैलरी आमतौर पर लेवल 10 या उससे भी ज्यादा होती है, जो कि सरकार के ग्रुप-ए के पदों के समान या कई बार उससे भी ज्यादा हो जाती है। ऐसे में प्रस्ताव ये भी है कि ऐसे पदों को भी क्रीमी लेयर के दायरे में लाया जाए। अगर ऐसा होता है तो जो नए लोग क्रीमी लेयर के दायरे में आ जाएंगे, उनके बच्चों को ओबीसी आरक्षण का लाभ मिलने में मुश्किलों का सामना करना पडेगा।

## 14 अगस्त का सबक नफरत का अंत विनाश ही है


प्रो. आरके जैन "अरिजीत"

14 अगस्त 1947, एक तारीख जो स्वतंत्रता के उल्लास के साथ-साथ अकथनीय त्रासदी की गवाह बनी। यह दिन न केवल देश का, बल्कि दिलों, रिश्तों और इंसानियत का बंटवारा था। लाखों जिंदगियां एक पल में उजड़ गईं; हंसी-खुशी से भरे घर खामोश मलबे में तब्दील हो गए। बच्चों की किलकारियों वाली गलियां खून और चीखों से सनीं। यह विभाजन नक्शे की रेखाओं तक सीमित नहीं रहा; इसने दिलों में ऐसी दरारें डालीं, जो आज भी दर्द की कहानियां बयां करती हैं।

इस त्रासदी ने करोड़ों लोगों को उनकी जड़ों से उखाड़ फेंका। करीब डेढ़ करोड़ लोग अपनी जन्मभूमि छोड़ अनजान रास्तों पर चल पड़े। पंजाब, सिंध, बंगाल हर ओर बेघर हुए लोग अपने घर, खेत और सपने पीछे छोड़कर भागे। कोई अमृतसर से लाहौर, तो कोई कराची से दिल्ली या मुंबई की ओर। रास्ते में न भोजन, न पानी, न ही सुरक्षा। ट्रेनें, जो कभी जीवन की रफ्तार थीं, लाशों का मंजर बन गईं। इतिहासकार बताते हैं कि 10 से 12 लाख लोग हिंसा, भूख और बीमारियों की भेंट चढ़े। रेल की पटरियां शवों से पटीं, गांव आग में झुलसे, और नदियां खून से लाल हो गईं। यह वह मंजर था, जिसने आजादी की खुशी को मातम में डुबो दिया। विभाजन की यह पीड़ा केवल आंकड़ों की कहानी नहीं थी; यह हर उस इंसान की व्यक्तिगत त्रासदी थी, जिसने अपने परिवार, घर, और पहचान को खोया। बुजुर्ग अपनी संतानों को बचाने के लिए जान जोखिम में डालते रहे। महिलाएं भय और असुरक्षा के साये में जीने को मजबूर थीं। बच्चे, जो अभी दुनिया को समझने की उम्र में थे, रातोंरात अनाथ हो गए। पड़ोसी, जो कल तक एक-दूसरे के सुख-दुख में साथी थे, एक-दूसरे के खून के प्यासे बन गए। यह हिंसा केवल शरीर को ही नहीं, बल्कि आत्मा को भी लहूलुहान कर गई। परिवार बिछड़ गए, गांव उजड़ गए, और जो बचे, उनके दिलों में हमेशा के लिए एक खालीपन छा गया। इस त्रासदी का सबसे हृदयविदारक सच यह है कि यह अचानक नहीं उभरी। वर्षों की सामाजिक, राजनीतिक और औपनिवेशिक नीतियों ने समाज में ऐसी खाई बनाई, जो समय के साथ गहरी और जहरीली होती गई। ब्रिटिश शासकों की "बांटो और राज करो" की नीति ने नफरत के बीज बोए, जिनका परिणाम 1947 में सामने आया। 15 अगस्त को तिरंगे ने आजादी का गान गाया, लेकिन 14 अगस्त की रात ने लाखों जिंदगियों को अंधेरे में डुबो दिया। यह स्वतंत्रता की कीमत थी, जिसे कोई नहीं चुकाना चाहता था। इस अंधेरे में भी मानवता की किरणें चमकीं। जिन्होंने सब कुछ खोया, उन्होंने हार नहीं मानी। दिल्ली, मुंबई, अमृतसर, कोलकाता के शरणार्थी शिविरों में बसकर, खाली हाथ आए लोगों ने हिम्मत और मेहनत से नई जिंदगी बुनी। दुकानें खोलीं, खेत जोते, बच्चों को पढ़ाया, और समाज में अपनी जगह बनाई। यह उनकी अटूट इच्छाशक्ति का सबूत है, जिसने न केवल उनका, बल्कि आने वाली पीढ़ियों का भविष्य संवारा। मगर उनके दिलों में एक सवाल ताउम्र गूंजता रहा—यह सब क्यों हुआ? इस पीड़ा का जिम्मेदार कौन?यही कारण है कि 14 अगस्त को "विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस" के रूप में मनाना जरूरी है। यह दिन केवल अतीत के घावों को सहलाने का नहीं, बल्कि उनसे सबक लेने का है। यह हमें चेतावनी देता है कि नफरत और बंटवारे का रास्ता केवल विनाश की ओर ले जाता है। यह हमें सिखाता है कि धर्म, जाति, या भाषा के नाम पर खड़ी दीवारें इंसानियत को कमजोर करती हैं। यह दिन हमें याद दिलाता है कि स्वतंत्रता का असली अर्थ तभी साकार होता है, जब हम एक-दूसरे के साथ भाईचारे और सम्मान के साथ रहें। आज 14 अगस्त को स्मरण करना केवल शोक की रस्म नहीं, बल्कि एक प्रबल प्रेरणा है—एक ऐसे भारत के निर्माण की, जहां मतभेद संवाद से सुलझें, और हर संस्कृति व विश्वास का सम्मान हो। यह दिन चेताता है कि स्वतंत्रता तभी सार्थक है, जब हम एकजुट रहें। इतिहास की भूलों को दोहराने के बजाय, हमें उनसे सीखकर एक सशक्त, समावेशी भारत गढ़ना है। विभाजन की त्रासदी को याद करने वाले कार्यक्रम प्रदर्शनियां, मौन जुलूस, साहित्यिक चर्चाएं महज औपचारिकता नहीं, बल्कि उन लाखों आत्माओं को सच्ची श्रद्धांजलि होने चाहिए, जिन्होंने अपने घर, सपने और जीवन खोए।

# हनी ट्रैप से क्यों आ रहे राजनीतिक तूफान


अशोक भाटिया

हनी ट्रैप एक बार फिर चर्चा में हैं. ऐसा इसलिए, क्योंकि कर्नाटक में एक बड़ा राजनीतिक तूफान खड़ा हो गया था , जब कर्नाटक विधानसभा में मंत्री के. एन. राजन्ना ने खुलासा किया था कि राज्य में 48 लोग 'हनी ट्रैप' के जाल में फंस चुके हैं, जिनमें कई नेता भी शामिल हैं. इसके बाद कर्नाटक में कई दलों के विधायकों ने आरोप लगाया कि कर्नाटक की राजनीति में 'हनी ट्रैप' एक हथियार के रूप में इस्तेमाल हो रहा है. महाराष्ट्र की राजनीति में उस समय हलचल मच गई जब एक बड़े नेता ने दावा किया कि राज्य के 72 वरिष्ठ सरकारी अधिकारी और पूर्व मंत्री हनी ट्रैप के जाल में फंस सकते हैं। नासिक दौरे पर आए इस राजनेता ने पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में यह चौंकाने वाली बात कही, जिससे सूबे के सियासी गलियारों में खलबली मच गई थी ।

गौरतलब है कि हम आजकल हनी ट्रैप की खबरों, घटनाओं, बढ़ती आपराधिक प्रवृत्ति, मानहानि के डर से आत्महत्या के बारे में सुनते और पढ़ते रहते हैं। इस लेख में, हम हनी ट्रैप के बारे में विस्तार से जानेंगे। हनी ट्रैप एक आकर्षक या आकर्षक व्यक्ति का उपयोग किसी अन्य व्यक्ति को फंसाने के लिए किया जाता है, संभवतः वह व्यक्ति जो उसे फंसाता है। यह उस व्यक्ति के लिए एक तरह का मानसिक और भावनात्मक जाल है जो फंसना चाहता है। आकर्षण, अंतरंगता, स्नेह या शारीरिक संबंधों के लालच के माध्यम से दूसरे व्यक्ति से धन, संपत्ति, गोपनीय जानकारी या अन्य व्यक्तिगत लाभ प्राप्त किए जाते हैं। दुनिया में पहली बार 'हनीट्रैप' शब्द का इस्तेमाल ब्रिटिश उपन्यासकार जॉन ली कैरी ने किया था। उन्होंने इस शब्द का इस्तेमाल अपने उपन्यास 'टिंकर टेलर सोल्जर स्पाई' (1974) में किया। इसके बाद से यह शब्द दुनिया की खुफिया एजेंसियों और मीडियाकर्मियों के साथ-साथ आम लोगों में भी काफी पॉपुलर हो गया।इस तरह के ट्रैप में फंसने का सबसे बड़ा कारण मानवीय कमजोरियां, वलनरेबिलिटी या फिर मूर्खता होती है। और सच पूछिए तो इन सारी चीजों का पढ़ा-लिखा होने या किसी गंभीर, जिम्मेदार पद पर बैठे होने से कोई वास्ता नहीं है। हनी ट्रैप का शिकार वही होता है, जिसके पास या तो पैसा है या फिर इंफॉर्मेशन। यानी आपके पास कुछ ऐसा है, जो दूसरे व्यक्ति को चाहिए। वो सीधे तरीके से आपसे मांग नहीं सकता तो आपको अपने जाल में फंसाएगा, मजबूर करेगा।

प्राइवेट डिटेक्टिव संजीव देसवाल ने बताते है कि हनी ट्रैप एक पुराना खेल है, जिसका उपयोग 320 ईस्वी में राजाओं को जाल में फंसाने के लिए किया जाता था. हालांकि, समय के साथ इसका तरीका बदल गया है. पहले, राजाओं के विद्रोहियों को खत्म करने के लिए इसका प्रयोग किया जाता था. लेकिन आज इसका उपयोग पैसे, ब्लैकमेलिंग, खुफिया एजेंसी से जानकारी निकालने, नेताओं से जानकारी हासिल करने और अन्य अवैध गतिविधियों के लिए किया जाता है. सोशल मीडिया पर फेक प्रोफाइल के जरिए इसका खेल होता है, जहां लोगों को फंसाया जाता है और उनकी जानकारी हासिल की जाती है. अब सोशल मीडिया के युग में, इसकी प्रकृति बदल गई है और अब आम लोग भी इसमें शामिल हो सकते हैं। हनी ट्रैप विभिन्न कारणों से किया जाता है, कुछ मुख्य कारण दूसरे व्यक्ति को उसके निजी क्षणों, फोटो या वीडियो प्राप्त करके या उसके साथ रहते हुए यौन संबंध रखने के फोटो, वीडियो लेकर ब्लैकमेल करना है। हनी ट्रैप व्यक्ति विभिन्न रूपों का उपयोग करता है जैसे कि उसे उन चीजों को करने के लिए कहना जो वह नहीं करना चाहता है और फिर उसे रिकॉर्ड करने के लिए वीडियो कॉल के माध्यम से परेशान करता है। वित्तीय लाभ इसका एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। हनी ट्रैप का उपयोग उच्च पदों पर बैठे लोगों से धन, संपत्ति या अन्य वित्तीय लाभ प्राप्त करने के लिए किया जाता है। एक बार यह ब्लैकमेल, सामाजिक मानहानि, कार्यस्थल, नौकरी हानि के सामने समझा जाता है। हमें डर है कि अगर ये फोटो और वीडियो समाज के बाहर वायरल हो गए तो क्या होगा। ऐसी तनावपूर्ण स्थिति में एक व्यक्ति को बार-बार धमकी दी जाती है और बड़ी रकम की मांग की जाती है। किसी व्यक्ति से गोपनीय जानकारी प्राप्त करना जैसे कि देश की सुरक्षा से संबंधित जानकारी प्राप्त करना या देश की सुरक्षा से संबंधित अन्य गोपनीय जानकारी, कार्यालय की जानकारी, हनी ट्रैप के जरिए राजनीतिक हथकंड, बड़े सौदे, अहम फैसलों की जानकारी निकालना आसान है।

हनी ट्रैप का इस्तेमाल राजनीतिक विरोधियों को बदनाम करके या गलत निर्णय लेकर, महत्वपूर्ण राजनीतिक निर्णयों या विकास में हस्तक्षेप करने, राजनीतिक रुख बदलने, नेताओं या पार्टियों को तोड़ने के लिए भी किया जाता है। राजनीतिक कार्यालय हासिल करने के लिए, राजनीति में आगे बढ़ने के लिए, उच्च रैंकिंग वाले नेताओं के करीब आने के लिए। उनके द्वारा काम करवाने के लिए हनी ट्रैप का इस्तेमाल किया जाता है। कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपका काम का क्षेत्र क्या है, आप हनी ट्रैप में नहीं फंसेंगे। सभी को सतर्क रहने की जरूरत है। यहां तक कि युवा लड़के और लड़कियां और बुजुर्ग भी ऐसे जाल में फंस जाते हैं, इसलिए सावधान रहना जरूरी है चाहे आप कितने भी बड़े क्यों न हों। जब आप अध्ययन करते हैं कि पुरुष हनी ट्रैप में कैसे फंसते हैं, तो कुछ बिंदु सामने आते हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आजकल हर कोई नियमित रूप से सोशल मीडिया, मोबाइल, लैपटॉप पर विभिन्न एप्लिकेशन और साइटों का उपयोग कर रहा है, कई नोटिफिकेशन। अक्सर, विभिन्न संदेश और लिंक डिज़ाइन किए जाते हैं ताकि आप उन्हें बिना जांचे खोलना चाहते हैं। उनका उपयोग सोशल मीडिया पर पुरुषों के साथ पहचान करने के लिए किया जाता है। परिचय फेसबुक, इंस्टाग्राम, डेटिंग ऐप या अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आकर्षक प्रोफाइल के माध्यम से किया जाता है। दूसरे व्यक्ति ने आपका विश्वास अर्जित किया है। एक बार जब यह महसूस हो जाता है, तो उनके सामने वाले व्यक्ति पर सोशल मीडिया चैट, साझा की गई फोटो, वीडियो और जानकारी का उपयोग करके दबाव डाला जाता है, जब किसी व्यक्ति ने भावनाओं में फिट होकर कोई आपत्ति या मांग उठाई है, तो उसे मोहरा बना दिया जाता है।

एक भावनात्मक संबंध बनाने से, व्यक्ति धीरे-धीरे आपके साथ घनिष्ठ संबंध बनाता है और आपका विश्वास जीतता है।

फिर निजी जानकारी का आदान-प्रदान किया जाता है, जैसे कि दूसरा व्यक्ति आपसे आपके व्यक्तिगत जीवन के बारे में जानकारी लेता है, आपके सप्ताह, सुख, दुख, आदतों की पहचान करता है, और आपके करीब आने की कोशिश करता है, यहां तक कि आपके परिवार, घर, नौकरी आदि के बारे में भी ।उद्योग की दिन-प्रतिदिन की दिनचर्या की जानकारी भी छीन ली जाती है। एक अत्यधिक संवेदनशील मुद्दा हनी ट्रैप में फंसने की ओर ले जाता है। अक्सर कोई व्यक्ति वीडियो कॉल पर अश्लील बातचीत या कार्रवाई की मांग करता है। इन पलों को रिकॉर्ड किया जाता है और फिर ब्लैकमेलिंग शुरू हो जाती है। आपको भुगतान करने के लिए कहा जाता है, कुछ गोपनीय महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करने के लिए कहा जाता है, या कोई भी काम करने के लिए मजबूर किया जाता है जो जोखिम भरा है। यह जानना महत्वपूर्ण है कि हनी ट्रैप से बचने के लिए क्या करना चाहिए। इस जाल में गिरने से खुद को बचाने के लिए आप कुछ चीजें कर सकते हैं। सोशल मीडिया का उपयोग करते समय अजनबियों से सावधान रहें। सोशल मीडिया पर अजनबियों से फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार करते समय सावधान रहें, सत्यापित करें कि क्या कोई झूठी प्रोफाइल, झूठी जानकारी झूठी फोटो डालकर बनाई गई है या सत्यापित करें कि ऐसा व्यक्ति वास्तव में मौजूद है, वह कहां है, वह क्या करता है।

# राष्ट्र की आत्मा का उत्सव बना हर घर तिरंगा अभियान


योगेश कुमार गोयल

भारत के राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे की शान और उसकी महिमा केवल कपड़े के तीन रंगों में नहीं बल्कि करोड़ों भारतीयों की भावनाओं, सपनों और बलिदानों में बसी हुई है। तिरंगा केवल तीन रंगों और एक चक्र का संयोजन नहीं, भारत की आत्मा, पहचान और गौरव का प्रतीक है। यह केवल एक ध्वज नहीं, स्वतंत्रता, एकता और राष्ट्रीय गर्व का जीवंत प्रतीक है। इसमें वह शक्ति है, जो देश के हर नागरिक को एकता के सूत्र में बांध सकती है। केसरिया रंग त्याग और साहस, सफेद रंग शांति और सत्य, तथा हरा रंग समृद्धि और विकास का संदेश देता है। अशोक चक्र न्याय, प्रगति और निरंतर गतिशीलता का प्रतीक है। तीन साल पहले शुरू हुई 'हर घर तिरंगा' पहल आज केवल एक सरकारी अभियान नहीं बल्कि एक विशाल जन आंदोलन में बदल चुकी है, जिसने देश के कोने-कोने में देशभक्ति की ऐसी लहर पैदा कर दी है, जिसकी गूंज हर दिल में सुनाई देती है। वर्ष 2022 में जब 'हर घर तिरंगा' अभियान की शुरुआत हुई थी, तब शायद ही किसी ने सोचा होगा कि यह एक विशाल जनांदोलन का रूप ले लेगा। इस वर्ष इस पहल का चौथा संस्करण 2 अगस्त से शुरू होकर 15 अगस्त तक पूरे देश में जोश और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

वर्ष 2022 में भारत जब अपनी स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे कर रहा था, केंद्र सरकार ने 'आजादी का अमृत महोत्सव' के तहत एक अनोखी पहल की थी 'हर घर तिरंगा'। इस पहल का उद्देश्य केवल ध्वज फहराना भर नहीं था बल्कि हर नागरिक को अपने राष्ट्रीय ध्वज से एक व्यक्तिगत और भावनात्मक जुड़ाव महसूस कराना था। उससे पहले तिरंगा केवल सरकारी भवनों, स्कूलों या विशेष अवसरों पर ही फहराया जाता था। आम नागरिकों के घरों में इसे फहराना उतना प्रचलित नहीं था लेकिन इस अभियान ने इसे जन-जन तक पहुंचाया और लोगों को अहसास दिलाया कि तिरंगा केवल सरकारी पहचान नहीं बल्कि हम सबकी पहचान है। वर्ष 2022 में 'भारतीय ध्वज संहिता 2002' में भी ऐतिहासिक संशोधन किए गए, जिससे तिरंगे को दिन के साथ-साथ रात में भी पर्याप्त रोशनी में फहराने की अनुमति मिली। पहले नियम था कि तिरंगा केवल सूर्योदय से सूर्यास्त तक ही फहराया जा सकता है लेकिन 20 जुलाई 2022 के संशोधन के बाद, अब इसे रात में भी फहराया जा सकता है, बशर्ते यह खुले स्थान पर पर्याप्त रोशनी में हो। साथ ही, हाथ से काते या बुने हुए कपड़े के अलावा मशीन से बने कपास, पॉलिएस्टर, ऊन, रेशम और खादी के झंडे को भी अनुमति दी गई।


2022 का अभियान अभूतपूर्व रहा। संस्कृति मंत्रालय के अनुसार, 23 करोड़ से अधिक परिवारों ने उस वर्ष अपने घरों में तिरंगा फहराया था और लगभग 6 करोड़ लोगों ने 'हर घर तिरंगा' वेबसाइट पर अपनी 'सेल्फी विद तिरंगा' अपलोड की थी। डाक विभाग ने इस अभियान को अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए विशेष प्रयास किए ताकि देश के सबसे सुदूर और दुर्गम क्षेत्रों में भी राष्ट्रीय ध्वज उपलब्ध हो सके। 2023 में यह अभियान और व्यापक हुआ। उस वर्ष 10 करोड़ से अधिक तिरंगा सेल्फी अपलोड की गई। यही नहीं, चंडीगढ़ में 5,885 लोगों की भागीदारी के साथ राष्ट्रीय ध्वज लहराते हुए 'दुनिया की सबसे बड़ी मानव श्रृंखला' का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बनाया गया। यह न केवल अभियान की सफलता थी बल्कि दुनिया को यह संदेश भी था कि भारत का राष्ट्रीय ध्वज करोड़ों दिलों को एक सूत्र में बांध सकता है। 2024 में भी यह उत्साह बरकरार रहा। 5 करोड़ से अधिक लोगों ने अपनी 'सेल्फी विद तिरंगा' वेबसाइट पर साझा की। अब 2025 में यह अभियान अपने चौथे संस्करण में प्रवेश कर चुका है, जो 2 अगस्त से 15 अगस्त तक चल रहा है। संस्कृति मंत्रालय ने इस वर्ष भी नागरिकों से अपील की है कि वे तिरंगा स्वयंसेवक बनकर अधिक से अधिक लोगों को जोड़ें, उन्हें अपने घरों में तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करें और देशभक्ति की भावना को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाएं। 'हर घर तिरंगा' केवल ध्वज फहराने का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह 'एक राष्ट्रगान, एक झंडा और एक राष्ट्र' की भावना का विस्तार है। यह हमें याद दिलाता है कि भले ही हम अलग-अलग भाषाएं बोलते हों, अलग-अलग संस्कृतियों में जीते हों लेकिन हमारा राष्ट्रीय ध्वज हमें एकता के सूत्र में पिरोता है। इस वर्ष का अभियान 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता' स्वतंत्रता और स्वच्छता के इस संगम को जीवंत करता है, जहां तिरंगा राष्ट्रीय गर्व का प्रतीक है और स्वच्छता हमारे जीवन मूल्यों व संस्कारों का दर्पण। यह केवल सरकारी अभियान नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक का व्यक्तिगत संकल्प है कि हम अपने घर, मोहल्ले और देश को स्वच्छ रखें ताकि आने वाली पीढ़ियां भी गर्व से इस धरा पर जीवन जी सकें। स्वच्छ वातावरण में लहराता तिरंगा न केवल स्वतंत्रता का संदेश देगा बल्कि यह भी जताएगा कि हमने आजादी के साथ जिम्मेदारी निभाना भी सीखा है।

राष्ट्रीय ध्वज के महत्व को समझना उतना ही आवश्यक है, जितना उसे फहराना। 'भारतीय ध्वज संहिता 2002' राष्ट्रीय ध्वज से संबंधित सभी कानूनों, परंपराओं और दिशा-निर्देशों का संकलन है। तिरंगे का अनुपात हमेशा 3:2 होना चाहिए और तीनों पट्टियां (केसरिया, सफेद और हरी) समान चौड़ाई की होनी चाहिए। तिरंगे को हमेशा सम्मान के साथ प्रदर्शित किया जाना चाहिए, क्षतिग्रस्त या मैला झंडा फहराना अपमानजनक है। इसे किसी भी अन्य ध्वज के साथ एक ही मस्तूल पर नहीं फहराया जा सकता, न ही इसे उल्टा प्रदर्शित किया जा सकता है। राष्ट्रीय ध्वज का उपयोग सजावट, परिधान, वस्त्र या किसी वस्तु को ढ़कने के लिए नहीं किया जा सकता। यह जमीन, पानी या फर्श को स्पर्श नहीं करना चाहिए। किसी वस्तु को लपेटने के लिए ध्वज का उपयोग नहीं किया जा सकता। क्षतिग्रस्त होने पर इसे गरिमा के साथ नष्ट किया जाना चाहिए।

'हर घर तिरंगा' एक खास सामाजिक बदलाव लाया है। यह अभियान बच्चों और युवाओं को राष्ट्रीय ध्वज के महत्व, उसके इतिहास और उससे जुड़े बलिदानों के बारे में जागरूक कर रहा है। स्कूलों, कॉलेजों, सामाजिक संगठनों और आवासीय कॉलोनियों में तिरंगा रैलियां, चित्रकला प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम इस पहल का हिस्सा बन गए हैं।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर 'सेल्फी विद तिरंगा' एक देशव्यापी ट्रेंड बन चुका है, जिससे डिजिटल माध्यम से भी देशभक्ति का संदेश फैल रहा है। जब यह तिरंगा घर-घर लहराता है तो यह न केवल हमारी पहचान को प्रकट करता है बल्कि हमें यह भी याद दिलाता है कि इस स्वतंत्रता के पीछे अनगिनत बलिदानों का इतिहास है।

# स्वैच्छिक सेवा और स्वचालित वेतन


डॉ. प्रदीप उपाध्याय

लोकतंत्र के मंदिर में घंटी बजी और एक मानता की गई कि भगवन ,अब तो पंच सरपंच का मानदेय भी बढ़ना चाहिए। भक्त के इस सवाल पर तत्काल आकाशवाणी हुई कि पंच-सरपंच का पद स्वैच्छिक समाज सेवा के लिए है रोजी रोटी के लिए नहीं.इस लिए इनका मानदेय नहीं बढाया जा सकता.उन्हें सिर्फ और सिर्फ सेवा ही करते रहना है और इस सेवा के बदले जितना मेवा मिले,उसी में संतोष कर लेना चाहिए। संतोष धन ही सबसे बड़ा धन है।भक्त ने फिर जुबान लड़ाना चाही-भगवन,जब सरपंच-पंच का पद स्वैच्छिक समाज सेवा के लिए है, रोजी-रोटी के लिए नहीं तब अन्य जनप्रतिनिधियों को उनके सेवाकार्य पर भरपूर मेवे के साथ इतने वेतनभत्ते क्यों! इस बार आकाशवाणी का जवाब आकाश में ही गुंजकर रह गया।भक्त तक आवाज नहीं पहुँची।कुछ भंवरे की गुंजन जैसी गुनगुनाहट का शोर भक्त के कानों में विष घोलता रहा।भक्त ने अपने कसैले हो चुके श्रीमुख से आश्चर्य प्रकट करते हुए कहा-

"वाह! समाज सेवा की ऐसी परिभाषा शायद ऑक्सफोर्ड शब्दकोश में भी न मिले।चलिए भगवन,अब ये ही बता दीजिए कि क्या सांसद और विधायक का पद भी स्वैच्छिक सेवा में आता है या वे 'रोजी-रोटी' की लिस्ट में पंजीकृत हैं? क्योंकि देखने में तो लगता है कि उनके लिए संसद और विधानसभा रोजगार कार्यालय का वीआईपी संस्करण है, जहां प्रवेश मिलते ही वेतन, भत्ते, पेंशन, और यात्रा-भोजन के पैकेज स्वचालित रूप से चालू हो जाते हैं वो भी साल-दर-साल बिना रोक,बिना आपत्ति के बढ़ते हुए।"आकाशवाणी सुनने को बेताब भक्त ने कुछ देर की खामोशी के बाद पंच-सरपंच की व्यथा बखानी-सरपंच बेचारे दिन-रात गांव की धूल-धूप में काम करें, पंचायत भवन के जंग लगे ताले खोलें, नल-जल योजना की पाइपें गिनें, शौचालयों पर पर्दे डालें,गाड़ी-गडार के गड्ढे नापें और बदले में स्वैच्छिक सेवा के नाम पर 'समाज सेवा' का प्रमाणपत्र लेकर घर लौट जाएं।और उधर माननीय सांसद-विधायक हफ्ते में तीन दिन सत्र में आएं, दो दिन वॉकआउट करें, और एक दिन अत्यावश्यक निजी कार्य₹ के नाम पर पर्यटन का आनंद उठाते हुए पुलिसियाई अंदाज में जनसेवा-देशभक्ति का गीत गाते हुए अपने मासिक वेतन के साथ आवास, कार, पेट्रोल, मोबाइल, टेलीफोन, एयर कंडीशनर, और रसोइये तक का लुत्फ़ जनता की जेब से उठाने को मजबूर !आखिर जनता के प्रतिनिधि जो ठहरे! भगवन, अगर आप सच में 'समाज सेवा' को रोजी-रोटी से अलग मानते हैं तो क्यों न अगली बार इस लोकतंत्र के मंदिर में प्रस्ताव लाया जाए कि सांसद-विधायक भी केवल समाज सेवा के भाव से स्वैच्छिक रूप से कार्य करें,वेतन-भत्ते न लें, सिर्फ 'देश सेवा' का सुख लें। भक्त की जुबान अब खुद ही लड़खड़ा गई।,उसे लगा कि कहीं उसके हाथ में रखी कुल्हाड़ी उसके ही पैरों पर न चल जाए और वह खामोश हो गया।उसने महसूस किया कि यह देश सेवा का नया मॉडल है ,नीचे पंचायत स्तर पर सेवा स्वैच्छिक और ऊपर संसद-विधानसभा में सेवा स्वचालित वेतन सहित।

# चिंतन,संकल्प और श्रम जीवन में सफलता के प्रकल्प


संजीव ठाकुर

निराशा और चिंता मनुष्य के जीवन की प्रगति के बड़े बाधक हैं। निराशा को तत्काल विचारों से अलग करें और चिंता को अपने मस्तिष्क में ना आने दे अन्यथा अत्यधिक चिंता व्यक्ति को चिता तक ले जाने में देर नहीं करती है अतः सकारात्मक सोच के साथ नवीन संकल्प और दृढ़ निश्चय रखकर जीवन के पथ में अग्रसर हो हों। मन ही मन यदि आपने किसी कठिन कार्य को करने का संकल्प ले लिया तो निरंतर जिजीविषा और संयम के साथ संघर्ष हर बड़ी जीत और सफलता के उत्तम मार्ग हैं। वैसे जीवन में दुष्कर, कठिन कार्य को पहले चुनना चाहिए जिससे पूरी शक्ति एवं उर्जा लगाकर हम उसे प्राप्त कर सकें। कठिन कार्य से घबराकर उससे पलायन करना निराशा को जन्म देता है। निराशा से बढ़कर कोई अवरोध नहीं अतः निराशा, हताशा को त्यागें और ऊर्जा उत्साह के साथ आगे बढ़े, सफलता आपके कदमों पर होगी। हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता है। जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता है। बड़ी

सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं।यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैं। सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता , प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैं। मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों,सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए । यदि व्यक्ति की आकांक्षा,सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती है। जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय अविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता है। यही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी है।

मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिए।इसमें कोई संदेह नहीं की विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा, सत्य ,करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती है। और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती है। भारत में प्राचीन काल से ही मूल्यों की प्रतिबद्धता की परंपरा चली आ रही है।ऋषि-मुनियों ने तो यहां तक कहा है कि जिसका चरित्र तथा माननीय आदर्श चला गया वह व्यक्ति, मृतक लाश की तरह हो जाता है। भारतीय संस्कृति में आदर्शों तथा मूल्य के पोषक उदाहरणों की अंतहीन सूची है जिनमें कबीर, रैदास, संत,ज्ञानेश्वर तुकाराम,मोइनुद्दीन चिश्ती, निजामुद्दीन औलिया, रहीम,खुसरो, गांधी,नेहरू, टैगोर, सुभाष, विवेकानंद जैसे महान लोग सिद्धांतों की प्रतिबद्धता को अपने जीवन की सफलता मानकर अपने जीवन को समाज को सौंप दिया था।परिणाम स्वरूप व्यक्ति को महज सफलता का पुजारी ना बन कर मूल्यों के प्रति प्रतिबंध होने का प्रयास करना चाहिए। ताकि तनिक सफलता के स्थान पर चिरस्थाई एवं समाज उपयोगी सफलता प्राप्त हो सके। वर्तमान में यह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि व्यक्ति स्वाद तथा सफलता के लिए अक्सर अपने मूल्यों को तिलांजलि दे देता है। वर्तमान सुख एवं लालच चिरस्थाई सफलता के सामने महत्वपूर्ण एवं प्राथमिक हो जाता है ।आज मनुष्य तत्काल एवं अस्थाई सफलता के पीछे माननीय मूल्यों प्रतिबद्धताओं को किनारे कर उस मरीचिका की तरफ दौड़ रहा है जो अत्यंत अस्थाई एवं पानी के बुलबुले की तरह है। और इससे न तो कोई इतिहास बनता है और ना ही कोई प्रतिमान ही स्थापित होता है। पानी का पतला रेला नदी का रूप नहीं ले सकता।



# बलराम और श्रीकृष्ण का पंचामृत से करें अभिषेक

## तुलसी के साथ माखन-मिश्री का लगाएं भोग

भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि पर श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलराम जी की जयंती मनाई जाती है, जिसे हलछठ भी कहते हैं। इस बार ये पर्व 14 अगस्त, गुरुवार को मनाया जाएगा। हलछठ पर्व कृषक समुदाय के लिए विशेष महत्व रखता है। ग्रामीण क्षेत्रों में इसे बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है।

इसी तिथि पर भगवान विष्णु के प्रिय शेषनाग ने बलराम के रूप में अवतार लिया था। बलराम के शस्त्र हल और मूसल हैं। बलराम को उनके कृषि से जुड़े कार्यों और हल के कारण हलधर कहते हैं। इसलिए इस पर्व को हलषष्ठी या हलछठ कहा जाता है।

### संतान के सौभाग्य की कामना से किया जाता है ये व्रत

हलछठ व्रत संतान के सौभाग्य की कामना से किया जाता है। इस दिन महिलाएं अपनी संतान की लंबी उम्र और स्वास्थ्य के लिए व्रत रखती हैं। मान्यता है कि बलराम की पूजा से बच्चों को रोग और संकटों से मुक्ति मिलती है। बलराम जी के बारे में कहा जाता है कि वे गदा युद्ध में पारंगत थे। उनके दो प्रमुख शिष्य थे- भीम और दुर्योधन।

महाभारत युद्ध के अंत में जब भीम ने दुर्योधन की जांघ पर गदा से प्रहार करके उसे युद्ध में पराजित किया, तब बलराम इस नियमविरुद्ध आचरण पर बहुत क्रोधित हो गए थे और वे भीम को मारना चाहते थे। उस समय श्रीकृष्ण के समझाने पर ही उनका गुस्सा शांत हुआ। बलराम को धैर्य, बल और नीति का प्रतीक माना जाता है। उनका जीवन एक आदर्श योद्धा और भाई के रूप में देखा जाता है।

### पंचामृत से करें अभिषेक

पं. मनीष शर्मा बताते हैं कि हलछठ पर बलराम और श्रीकृष्ण का अभिषेक करने की परंपरा है। इस दिन गाय के दूध, दही, घी, शहद और गंगाजल मिलाकर पंचामृत बनाकर इससे भगवान का अभिषेक किया जाता है। फिर फूल और नए वस्त्रों से श्रृंगार करते हैं। तुलसी, माखन-मिश्री से भगवान को भोग लगाया जाता है।

### शनिवार को मनाई जाएगी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

हलछठ के दो दिन बाद शनिवार, 16 अगस्त (भाद्रपद कृष्ण अष्टमी) को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का मनाई जाएगी। भाद्रपद कृष्ण अष्टमी पर भगवान श्रीकृष्ण का अवतार हुआ था। कई भक्त इस दिन निर्जल व्रत रखते हैं और रात्रि 12 बजे श्रीकृष्ण जन्म का उत्सव मनाते हैं।

जन्माष्टमी पर बाल गोपाल का पंचामृत से अभिषेक, नए वस्त्र अर्पण, फूलों से श्रृंगार और माखन-मिश्री का भोग अर्पित करने की परंपरा है।

# जन्माष्टमी के 12 सबसे अचूक उपाय

## 1 भी कर लिया तो जीवन हो जाएगा धन्य



कृष्ण जन्माष्टमी की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। 3 दिन बाद यानी 16 अगस्त को जन्माष्टमी का पर्व मनाया जाएगा। इस विशेष दिन को व्रत-पूजन का भी विधान है। ज्योतिषविदों की मानें तो जन्माष्टमी भादो मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के रूप में मनाई जाती है। इस दिन लड्डू गोपाल की पूजा की जाती है और जगह-जगह भगवान श्रीकृष्ण की झांकियां लगती हैं। धार्मिक मान्यता है कि, इस दिन या रात में कुछ विशेष उपाय करने से साल भर लक्ष्मी नारायण की कृपा होती है। साथ ही, भक्तों को बाल गोपाल का आशीर्वाद मिलता भी है। इन उपायों को करने से मनोकामना की पूर्ति व धन प्राप्ति के योग भी बन सकते हैं। आइए जानते हैं इन उपायों के बारे में-

### ये हैं कृष्ण जन्माष्टमी के अचूक उपाय

**नौकरी में पदोन्नति के लिए:** अगर आमदनी नहीं बढ़ रही है या नौकरी में प्रमोशन अटका है तो जन्माष्टमी पर 7 कन्याओं को घर बुलाकर खीर या सफेद मिठाई खिलाएं। इसके बाद लगातार 5 शुक्रवार तक ऐसा करना है। इससे जल्द ही धन-लाभ के योग बन सकते हैं।

**इच्छा पूर्ति के लिए:** कृष्ण जन्माष्टमी पर कुछ उपाय चमत्कार हो सकते हैं। इसलिए जन्माष्टमी से 27 दिन लगातार नारियल व बादाम किसी कृष्ण मंदिर में चढ़ाएं। ऐसा करने वाले जातकों की सभी इच्छाएं पूरी हो सकती हैं।

**धन-लाभ के लिए:** अगर पैसे की समस्या चल रही हो तो जन्माष्टमी पर सुबह स्नान आदि करने के बाद राधाकृष्ण मंदिर जाकर दर्शन करें व पीले फूलों की माला अर्पित करें। ऐसा करने से आपकी परेशानी कम हो सकती है।

**सुख-समृद्धि के लिए:** सुख-समृद्धि पाने के लिए जन्माष्टमी पर पीले चंदन या केसर से गुलाब जल मिलाकर माथे पर टीका अथवा बिंदी लगाएं। ऐसा रोज करें। इस उपाय से मन को शांति प्राप्ति होगी और जीवन में सुख-समृद्धि आने के योग बनेंगे।

**केले का पौधा लगाएं:** लक्ष्मी कृपा पाने के लिए जन्माष्टमी पर कहीं केले के पौधे लगा दें। बाद में उनकी नियमित देखभाल करते रहे। जब पौधे फल देने लगे तो इसका दान करें, स्वयं न खाएं।

**पान के पत्ते का उपाय:** जन्माष्टमी पर भगवान श्रीकृष्ण को पान का पत्ता भेंट करें और उसके बाद इस पत्ते पर रोली (कुमकुम) से श्री यंत्र लिखकर तिजोरी में रख लें। इस उपाय से धन वृद्धि के योग बन सकते हैं।

**खीर का भोग:** जन्माष्टमी पर भगवान श्रीकृष्ण को सफेद मिठाई या खीर का भोग लगाएं।इसमें तुलसी के पत्ते अवश्य डालें। इससे भगवान श्रीकृष्ण जल्दी ही प्रसन्न हो जाते हैं। साथ ही जातक को आशीर्वाद देते हैं।

**दक्षिणावर्ती शंख का उपाय:** जन्माष्टमी पर दक्षिणावर्ती शंख में जल भरकर भगवान श्रीकृष्ण का अभिषेक करें। इस उपाय से मां लक्ष्मी भी प्रसन्न होती हैं। ये उपाय करने वाले की हर इच्छा पूरी हो सकती है।

**मंत्र जाप करें:** कृष्ण मंदिर जाकर तुलसी की माला से नीचे लिखे मंत्र की 11 माला जप करें। इस उपाय से आपकी हर समस्या का समाधान हो सकता है। मंत्र- क्लीं कृष्णाय वासुदेवाय हरिःपरमात्मने प्रणतःक्लेशनाशाय गोविंदय नमो नमः

**पीने वस्त्र या फल दान करें:** भगवान श्रीकृष्ण को पीतांबर धारी भी कहते हैं, जिसका अर्थ है पीले



रंग के कपड़े पहनने वाला। जन्माष्टमी पर पीले रंग के कपड़े, पीले फल व पीला अनाज दान करने से भगवान श्रीकृष्ण व माता लक्ष्मी दोनों प्रसन्न होते हैं।

**केसर मिश्रित दूध का अभिषेक:** जन्माष्टमी की रात 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण का केसर मिश्रित दूध से अभिषेक करें तो जीवन में सुख-समृद्धि आने के योग बनाते हैं।

**तुलसी परिक्रमा:** जन्माष्टमी को शाम के समय तुलसी को गाय के घी का दीपक लगाएं और ॐ वासुदेवाय नमः मंत्र बोलते हुए तुलसी की 11 परिक्रमा करें।

# मुक्तिनाथ मंदिर, जहां माता लक्ष्मी संग विराजमान हैं नारायण

## जलकुंड में स्नान से मिटते हैं सारे पाप, स्वयंभू हैं शालिग्राम

16 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी है, जिसे लेकर हर तरफ तैयारियां जोरों पर है। देश दुनिया में लीलाधर के ऐसे कई मंदिर हैं, जो अध्यात्म की एक अलग ही कहानी पेश करते हैं, जिनमें लोगों की गहरी आस्था, विश्वास और प्रेम का भी पुट है। नेपाल के मुस्तांग जिले में श्री हरि नारायण मुक्तिनाथ मंदिर भी ऐसा ही अनोखा मंदिर है, जहां 108 जल धाराओं में स्नान से पापों से मुक्ति मिलती है और हरि की कृपा प्राप्त होती है। दरअसल, वैष्णव समुदाय का यह मंदिर लोगों की आस्था का केंद्र होने के साथ ही मोक्ष का स्थान भी माना जाता है। यह मंदिर न केवल हिंदुओं बल्कि बौद्धों के लिए भी पवित्र है, जन्माष्टमी के मौके पर यहां भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है।

### मोक्ष प्रदान करने वाले मुक्तिनाथ

मुक्तिनाथ का अर्थ है 'मोक्ष के नाथ' या मुक्ति प्रदान करने वाले भगवान। हिमालय की गोद में 3,710 मीटर की ऊंचाई पर बसा यह नारायण को समर्पित मंदिर है, जिनके अवतार कृष्ण हैं। पुराणों के अनुसार, यह स्थान गंडकी नदी से जुड़ा है, जहां शालिग्राम शिलाएं पाई जाती हैं। शालिग्राम की इन शिलाओं को प्रकृति का जीवंत पत्थर माना गया है।

स्वयंभू हैं शालिग्राम, प्राण प्रतिष्ठा की आवश्यकता



नहीं शालिग्राम को स्वयंभू माना जाता है, यानी इनकी प्राण प्रतिष्ठा की आवश्यकता नहीं होती। कोई भी व्यक्ति इन्हें घर या मंदिर में स्थापित करके पूजा कर सकता है। नेपाल के मुक्तिनाथ क्षेत्र में इन शालिग्राम पत्थरों की आमद बहुतायत में है। यहां इनके बड़े-बड़े शिलाखंड पानी के अंदर पाए जाते हैं। जिन्हें तराशकर मुर्तियों का निर्माण भी किया जाता है।

24 तांत्रिक स्थानों में से एक है यह मंदिर

जन्माष्टमी पर इसी मुक्तिनाथ धाम में भक्त कृष्ण की बाल लीलाओं का स्मरण करते हैं। मुक्तिनाथ मंदिर का इतिहास पुराणों से जुड़ा है, जो 300-1000 ईस्वी के बीच लिखे गए। इसे दुनिया के सबसे पुराने विष्णु मंदिरों में से एक माना जाता है। यह 24 तांत्रिक स्थानों में से भी एक माना जाता है।

### 19वीं शताब्दी की शुरुआत में हुआ मंदिर निर्माण

मुक्ति क्षेत्र या मुक्तिनाथ मंदिर का उल्लेख रामायण, बराह पुराण और स्कंद पुराण जैसे हिंदू धर्मग्रंथों में भी मिलता है। भगवान विष्णु को समर्पित मंदिर का निर्माण 19वीं शताब्दी की शुरुआत में हुआ था। नारायण की मूर्ति 16वीं शताब्दी की मानी जाती है, इसलिए यह भी माना जाता है कि पैगोडा संरचना से पहले उस स्थान पर एक और मंदिर था। नेपाल और भारत के कई हिंदू तीर्थयात्री भगवान विष्णु की पूजा करने के लिए इस स्थल पर आते हैं।

### मुक्तिनाथ मंदिर से जुड़ी मान्यताएं

एक पौराणिक कथा के अनुसार, ब्रह्मा ने यहां तपस्या की और विष्णु ने उन्हें दर्शन दिए। दूसरी कथा, गुरु रिनपोछे (पद्मसंभव) से जुड़ी है, जो तिब्बती बुद्धिज्म के संस्थापक थे। वह तिब्बत जाते समय यहां पर रुके थे और ध्यान किया था, जिससे मंदिर को बौद्ध महत्व भी मिला।

आदि शंकराचार्य ने 8वीं शताब्दी में यहां का दौरा किया और इसे आध्यात्मिक शक्ति का केंद्र माना। यहां मंदिर में विराज रहे भगवान श्रीहरि विष्णु मोक्षदाता के रूप में विराजमान हैं। जन्माष्टमी के साथ ही अन्य धार्मिक मौकों पर भी भक्त यहां आकर दर्शन करते हैं।

### जलकुंड में स्नान से मिटते हैं पाप

यहां मंदिर में प्रवेश से पहले गौमुख से निकलती 108 धाराएं प्रवाहित हो रही हैं और साथ ही इसके बगल में दो जल कुंड हैं। ये 108 सहस्त्रधारा और लक्ष्मी कुंड एवं सरस्वती कुंड को लेकर मान्यता है कि इसमें स्नान करने मात्र से भक्त प्रारब्ध के साथ वर्तमान जीवन के भी संपूर्ण पापों से मुक्ति प्राप्त करते हैं।

### गौमुखी गंगा से निकलती हैं 108 धाराएं

मंदिर की वास्तुकला पैगोडा शैली की है। इस मंदिर की संरचना तीन मंजिला है और इसमें मुख्य मूर्ति भगवान विष्णु की है। साथ में माता लक्ष्मी और माता सरस्वती भी यहां विराजमान हैं। यहां की 108 धाराएं गौमुखी गंगा से निकलती हैं, जो बेहद शीतल हैं। भक्त इनमें स्नान कर पापों से मुक्ति के साथ मोक्ष की कामना श्रीहरिनारायण से करते हैं। बौद्ध इसे 'चुमिग ग्यात्सा' कहते हैं, मतलब 108 झरने।

जन्माष्टमी के दौरान मंदिर में विशेष पूजा होती है, जहां कृष्ण की आरती और भजन गाए जाते हैं। भक्तों का मानना है कि कृष्ण जन्माष्टमी के इस पर्व पर यहां स्नान करने से सुख-शांति मिलती है, और परिवार में सुख-समृद्धि का वास होता है।

**मधुमक्खी फूलों से पराग लेकर शहद बनाती है, ठीक इसी तरह हमें भी श्रेष्ठ गुण अपनाने चाहिए**

जहां सद्गुण और श्रेष्ठता दिखाई दे, हमें उन्हें ग्रहण करना चाहिए। जैसे मधुमक्खी फूलों से पराग लेकर शहद बना देती है, ठीक इसी तरह हमें भी श्रेष्ठ गुण ग्रहण करना चाहिए। अच्छे लोगों की अच्छी बातों में माधुर्यता, सौंदर्य, श्रेष्ठता और पावित्रता होती है, हमें उन गुणों को ग्रहण करना चाहिए। जब हमारे स्वभाव में विनम्रता और सहजता आएगी, हम बेहतर बन जाएंगे।

# राजतिलक में कौन कहां बैठा

**एक अक्षोहिणी में निम्नलिखित सैनिक होते हैं:**

पैदल सैनिकः 21,870
घोड़ेः 21,870
रथः 21,870
हाथीः 21,870

इस प्रकार एक अक्षोहिणी में कुल लगभग 109,350 सैनिक होते हैं।

कैसे कटोरे में भरे वीर्य से हुआ द्रोणाचार्य का जन्म, क्या पूरी कहानी, साइंस क्या कहती है

### राजतिलक में कौन कहां बैठा

जब युधिष्ठिर का राजतिलक हुआ तब सोने के सिंहासन पर बैठे। सिंहासन के दोनों ओर भीम और अर्जुन खड़े हुए जबकि कृष्ण व सात्यकि उनके सामने खड़े हुए। नकुल-सहदेव और कुंती उसके बगल में सोने से सज्जित हाथी दांत से बने आसन पर बैठे। गांधारी, युयुत्सु व संजय धृतराष्ट्र के समीप बैठे हुए थे।

उस समय खास होम और पूजा-पाठ हुए। नगाड़े बजने लगे। शंखनाद हुआ। युधिष्ठिर ने ब्राह्मणों को काफी दक्षिणा दी। इस तरह युधिष्ठिर ने राजा का कार्यभार ग्रहण किया। अब उनका अगला काम था राज्य को चलाने के लिए मंत्रालय गठित करके काम सौंपना।

### भीम को क्या बनाया गया

इसमें उन्होंने भीम को युवराज घोषित किया यानि उनकी गैरमौजूदगी में भीम राज्य के प्रमुख रहेंगे साथ ही राज के काम में सभी तरह की मंत्रणा और कामों में राजा की मदद करेंगे। कहा जा सकता है कि भीम उनके गृह मंत्री भी थे।

राजा युधिष्ठिर ने विदुर को मंत्रणा व संधिविग्रहादि का मंत्रालय सौंपा। संजय को कर्तव्य और आय-व्यय निरूपण का भार सौंपा यानि वो उनके वित्तमंत्री बने।



नकुल को सेना का भार दिया गया, वह रक्षा मंत्री बने। अर्जुन को शत्रुराज्य के अवरोध व दुष्टदमन का भार दिया गया, कहा जा सकता है उनकी भूमिका विदेश मंत्री और कानून मंत्री की थी और युद्ध होने पर सेना की अगुवाई करने की भी।

### सहदेव को क्या भूमिका मिली

पुरोहित धौम्य को देवता-ब्राह्मणादि की सेवा का भार दिया गया। युधिष्ठिर के आदेश पर सहदेव उनके हमेशा करीब रहकर उनकी रक्षा करने का काम दिया गया। विदुर, संजय व युयुत्सु को राजा धृतराष्ट्र से जुड़े सभी कामों में मदद करने के लिए कहा गया।,

### किसे कौन सा महल दिया गया



इस मौके पर युधिष्ठिर ने अलग महलों को भी भाइयों को दिया। धृतराष्ट्र की अनुमति से उन्होंने भीम को दुर्योधन का भवन दिया तो अर्जुन को दुःशासन, नकुल को दुर्मर्षण और सहदेव को दुर्मुख का भवन दिया।

### राजकाज में क्या सुधार किया

युधिष्ठिर ने हस्तिनापुर में शासन करते समय कई महत्वपूर्ण कानूनी और सामाजिक सुधार किए।

युधिष्ठिर ने अपने शासन में धर्म और न्याय को प्राथमिकता दी। अपने निर्णयों में हमेशा धर्म का पालन करते थे। उनका उद्देश्य राज्य में शांति और समृद्धि स्थापित करना था। युद्ध के बाद युधिष्ठिर ने छल-कपट का त्याग करके सभी लोगों के साथ प्रेम का व्यवहार करने का संकल्प लिया। उन्होंने युद्ध के नियमों का भी पालन किया। राज्य में शांति और समृद्धि स्थापित करने के लिए धर्म के मार्गदर्शन का अनुसरण किया। शासन में सभी वर्गों के कल्याण का ध्यान रखा। उन्होंने किसी भी वर्ग या जाति के प्रति भेदभाव नहीं किया। सभी नागरिकों को समान अधिकार दिया। युधिष्ठिर ने अपने शासन में शिक्षा के प्रसार पर जोर दिया। उन्होंने ब्राह्मणों और विद्वानों को प्रोत्साहित किया। उन्हें विशेष सुविधाएं दीं। **(समाप्त)**

# 'वॉर 2' और 'कुली' की टक्कर के बीच ऋतिक ने रजनीकांत को बताया अपना गुरु

14 अगस्त को बॉक्स ऑफिस पर दो बड़ी फिल्मों का क्लैश होने वाला है। इसमें एक फिल्म है रजनीकांत की 'कुली' और दूसरी है ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की 'वॉर 2'। दोनों ही फिल्मों को लेकर जबरदस्त बज बना हुआ है। अब इस क्लैश से एक दिन पहले ऋतिक रोशन ने सुपरस्टार रजनीकांत के लिए एक खास पोस्ट किया है और उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

**50 साल पूरे होने पर ऋतिक ने दी बधाई**

'वॉर 2' और 'कुली' के रिलीज से पहले ऋतिक रोशन ने आज रजनीकांत के करियर के 50 साल पूरे होने पर एक्स पर उनके लिए एक खास पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में ऋतिक ने रजनीकांत को अपना बेस्ट टीचर और प्रेरणा बताया है। ऋतिक ने लिखा, "एक अभिनेता के रूप में आपके साथ मैंने अपनी शुरुआत की। आप मेरे पहले शिक्षकों में से एक थे। आज भी आप एक प्रेरणा हैं। आपने एक स्टैंडर्ड सेट किया है। पर्दे पर अपना जादू बिखेरने के 50 साल पूरे होने पर आपको बधाई।"

**12 साल की उम्र में रजनीकांत के साथ फिल्म में नजर आए थे ऋतिक**

ऋतिक रोशन ने साल 1986 में आई फिल्म 'भगवान दादा' में रजनीकांत के साथ अभिनय किया था। उस वक्त ऋतिक सिर्फ 12 साल के थे। यही वजह है कि ऋतिक ने रजनीकांत को अपना गुरु को बताया है। हालांकि, 'भगवान दादा' बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही थी।

**14 अगस्त को होगा बॉक्स ऑफिस का सबसे बड़ा क्लैश**

'वॉर 2' और 'कुली' ये दोनों ही फिल्में 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही हैं। इन दोनों फिल्मों को लेकर जबरदस्त बज बना हुआ है। इसे इस साल का सबसे बड़ा बॉक्स ऑफिस क्लैश माना जा रहा है। हालांकि, एडवांस बुकिंग में 'कुली' 'वॉर 2' पर भारी पड़ती दिख रही है। ऐसे में इस क्लैश से पहले ऋतिक द्वारा रजनीकांत के लिए पोस्ट करने और उन्हें बधाई देने पर यूजर्स ऋतिक की तारीफ कर रहे हैं।

# बेमिसाल अदाकारी से श्रीदेवी ने रच डाली अभिनय की नई परिभाषा, इन किरदारों से बिखेरी 'चांदनी'




13 अगस्त 1963 को तामिलनाडु के शिवकाशी में जन्मी श्रीदेवी ने हिंदी सिनेमा में जो मुकाम हासिल किया, वो बहुत कम अभिनेत्रियों के हिस्से में आया। श्रीदेवी की आज 62वीं जयंती है। बचपन में ही एक्टिंग शुरू करने वाली ये अदाकारा न केवल हिंदी नहीं बल्कि तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ फिल्मों की भी स्टार रहीं। उनकी हर फिल्म में एक नई परछाई देखने को मिली। आइए आज उनकी बर्थ एनिवर्सरी पर जानते हैं कुछ खास फिल्मों के जरिए उनके अभिनय का अद्भुत सफर।

**चालबाज (1989)**



पंकज पाराशर द्वारा निर्देशित फिल्म 'चालबाज' में श्रीदेवी ने एक साथ अंजू और मंजू की दो भूमिकाएं निभाईं। एक भोली और सीधी-सादी बहन और दूसरी तेज-तर्रार और हाजिरजवाब। यह फिल्म दर्शकों के दिलों में इसलिए भी जगह बना गई क्योंकि श्रीदेवी ने दोनों किरदारों में बारीकी से अंतर दिखाया।

**मॉम (2017)**

'मॉम' श्रीदेवी की आखिरी फिल्म थी जो रवि उदयावर द्वारा निर्देशित थी। इस फिल्म में उन्होंने देवकी नाम की मां का किरदार निभाया, जो अपनी सौतेली बेटी को न्याय दिलाने के लिए कानून से भी भिड़ जाती है। फिल्म की शूटिंग के दौरान श्रीदेवी खुद कई भावनात्मक दृश्यों के बाद रो जाया करती थीं। यही फिल्म उनके लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी लेकर आई।

**लम्हे (1991)**

यश चोपड़ा द्वारा निर्देशित 'लम्हे' में श्रीदेवी ने मां और बेटी दोनों की भूमिका निभाई। पल्लवी और पूजा के रूप में उन्होंने एक ही फिल्म में दो जेनरेशन का प्यार और भावनाओं को इतने संजीदगी से निभाया कि दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। इस फिल्म को लेकर कहा जाता है कि श्रीदेवी को खुद भी स्क्रिप्ट पहली बार समझ में नहीं आई थी, लेकिन यश चोपड़ा ने उनके साथ बैठकर हर सीन को डिकोड किया।

**मिस्टर इंडिया (1987)**

शेखर कपूर के निर्देशन में बनी 'मिस्टर इंडिया' में श्रीदेवी ने सीमा का किरदार निभाया। फिल्म का 'हवा-हवाई' गाना आज भी क्लासिक है। शूटिंग के समय श्रीदेवी को ठंड में ब्लाउज और साड़ी में शूट करना था, लेकिन उन्होंने बिना किसी शिकायत के काम किया। उनका चार्ली चैप्लिन वाला सीक्वेंस आज भी कॉमेडी क्लास में पढ़ाया जाता है।

**नगीना (1986)**

हरमेश मल्होत्रा द्वारा निर्देशित 'नगीना' में श्रीदेवी ने इच्छाधारी नागिन रजनी की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म का गीत 'मैं तेरी दुश्मन' और उस पर श्रीदेवी का नागिन डांस आज भी पॉप संस्कृति का हिस्सा है। दिलचस्प बात यह है कि इस रोल को पहले किसी और को ऑफर किया गया था, लेकिन श्रीदेवी ने इसे अपने अंदाज से अमर कर दिया।

**सदमा (1983)**

बालू महेन्द्रा की इस फिल्म में श्रीदेवी ने नेहालता का किरदार निभाया था, जो हादसे के बाद बच्ची जैसी हरकतें करने लगती है। कमल हासन के साथ उनकी केमिस्ट्री बेमिसाल रही। श्रीदेवी के अभिनय ने दर्शकों को इस कदर भावुक किया कि सिनेमा हॉल में कई लोग फिल्म खत्म होने के बाद रोते हुए देखे गए।

**इंग्लिश विंग्लिश (2012)**

गौरी शिंदे के निर्देशन में बनी इस फिल्म से श्रीदेवी ने 15 साल बाद बॉलीवुड में वापसी की। शशि गोडबोले के रूप में उन्होंने एक घरेलू महिला के आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की कहानी दिखाई। यह फिल्म दुनियाभर में सराही गई। खास बात यह थी कि इस रोल को निभाने से पहले उन्होंने खुद भी इंग्लिश की ट्रेनिंग ली थी।

# 'एक चतुर नार' बनीं दिव्या खोसला तो चालाकी में फंसेंगे नील



दिव्या खोसला और नील नितिन मुकेश की आगामी फिल्म 'एक चतुर नार' का टाइटल और फर्स्ट लुक आज जारी किया गया है। टाइटल और मोशन पोस्टर से फिल्म एक कॉमेडी-ड्रामा मालूम पड़ता है। फिल्म के पहले लुक के सामने आने के बाद अब दर्शक फिल्म को लेकर उत्साहित हैं।

**सब्जी काटती नजर आईं दिव्या**

मेकर्स ने फिल्म के दो मोशन पोस्टर जारी किए हैं। एक पोस्टर में दिव्या खोसला और नील नितिन मुकेश एक टेबल के पास खड़े हैं। टेबल पर टमाटर और शिमला मिर्च समेत कुछ सब्जियां रखी हुई हैं। दिव्या गाजर को चाकू से काटते हुए कैमरे की तरफ चालाकी भरी नजरों से देख रही हैं। बगल में नील नितिन मुकेश थ्री पीस पहने हाथों में बंदूक लिए खड़े हैं। इस मोशन पोस्टर में पीछे कैलाश खेर की आवाज में कुछ लाइन्स भी फिल्म के टाइटल से जुड़ी सुनाई दे रही हैं।

**घबराए नजर आए नील**

एक दूसरा पोस्टर जारी किया गया है। इसमें दिव्या खोसला आंखों में काला चश्मा लगाए दिख रही हैं। जबकि उनकी चोटी नागिन के शेप में मुंह फैलाए हुए है और उस पर एक फ्लिप वाले फोन में नील नितिन मुकेश घबराए हुए नजर आ रहे हैं। इस मोशन पोस्टर में भी पीछे गाने की कुछ लाइन्स सुनाई दे रही हैं।

**12 सितंबर को रिलीज होगी फिल्म**

इस कॉमेडी ड्रामा फिल्म में नील और दिव्या एक दम अलग अवतार में दिखाई देंगे। टी-सीरीज द्वारा निर्मित इस फिल्म को उमेश शुक्ला ने निर्देशित किया है। 'एक चतुर नार' 12 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# बिग बॉस 19 में ये 6 कंटेस्टेंट लेकर आएंगे धमाकेदार ड्रामा! आखिरी के दो नामों ने बढ़ाया एक्साइटमेंट







सलमान खान के इस कॉन्ट्रोवर्शियल शो में 6 पार्टिसिपेंट्स का नाम कंफर्म हो गया है. लंबे समय से इस अपडेट का वेट कर रही दर्शकों का इंतजार अब खत्म हो चुका है. यहां देखिए लिस्ट.

बिग बॉस 19 को लेकर तगड़ा बज बना हुआ है. दर्शक आए दिन शो से जुड़े नए अपडेट का वेट करते हैं. जैसे-जैसे प्रीमियर डेट नजदीक आ रहा है फैंस का एक्साइटमेंट लेवल बढ़ता जा रहा है. अब शो के कन्फर्म पार्टिसिपेंट के लिस्ट सामने आने के बाद फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है. यहां देखिए कंफर्म्ड पार्टिसिपेंट की लिस्ट.

सलमान खान के शो 'बिग बॉस 19' को लेकर लगातार नए अपडेट आ रहे हैं. शो से जुड़ी सारी खबर शेयर करने वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म बिग बॉस ताजा खबर के रिपोर्ट के मुताबिक इन 6 सेलेब्स का शो में होना कंफर्म बताया गया है.






इस लिस्ट के सबसे पहले नंबर पर गेमिंग की दुनिया का जाना-माना नाम पायल धरे शामिल हैं. पायल की अच्छी खासी पॉपुलैरिटी शो के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है.

इस लिस्ट के अगले नंबर पर पॉपुलर टीवी एक्टर धीरज धूपर का नाम शामिल है. 'कुंडली भाग्य', 'सुसराल सिमर' का और 'नागिन 5' जैसे हिट शोज से पॉपुलैरिटी गेन करने वाले एक्टर को दर्शक लंबे समय से बिग बॉस हाउस में देखना चाहते थे.

बिग बॉस ताजा खबर के अनुसार सलमान खान के इस कॉन्ट्रोवर्शियल शो में हुनर हाली की एंट्री होने वाली है. 'वीर हनुमान' में कैकेयी के किरदार में उन्हें बहुत सराहा गया था.

तगड़ी फैन फॉलोइंग वाले सिंगर-परफॉर्मर श्रीराम चंद्रा भी इस सीजन बिग बॉस हाउस में नजर आने वाले हैं.

सिवेत तोमर 'स्प्लिट्सविला 15' का हिस्सा रह चुके हैं. लंबे समय से फैंस उनका भाईजान के कॉन्ट्रोवर्शियल शो में हिस्सा बनने का इंतजार कर रहे थे.

मास्टर शेफ विनर और अनुपमा फेम गौरव खन्ना को भी बिग बॉस 19 का कंफर्म पार्टिसिपेंट बताया गया है. बिग बॉस ताजा खबर के अनुसार अभिनेता इस सीजन बिग बॉस हाउस में एंट्री कर सकते हैं.

# क्यों सरेआम लोगों से झगड़ बैठती हैं जया बच्चन?

## दिग्गज अभिनेत्री ने बताई वजह, कहा था- 'क्या मैं इंसान नहीं हूं?'



दिग्गज अभिनेत्री और पॉलिटिशियन जया बच्चन एक बार फिर अपना आपा खोने के कारण सुर्खियों में हैं. इस बार, जया बच्चन दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में एक शख्स को धक्का देती नज़र आईं, जो उनके साथ सेल्फी लेने की कोशिश कर रहा था. इसके बाद से जया बच्चन खूब ट्रोल हो रही हैं. कंगना रनौत ने भी दिग्गज अभिनेत्री के व्यवहार पर गुस्सा जाहिर किया है. वहीं जया बच्चन ने एक बार खुलासा किया था कि आखिर उन्‍ पब्लिकली फोटो क्लिक कराने से चिढ़ क्यों होती है.

**जया बच्चन की शख्स को धक्का मारने की वीडियो वायरल**

वायरल वीडियो में, जया बच्चन कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में एक इवेंट में पहुंचती दिख रही है, तभी एक शख्स उनके सामने सेल्फी लेने के लिए आ गया. ये देखकर जया बच्चन ने तुरंत अपना आपा खो देती हैं और उसे धक्का देते हुए सख्ती से पूछती हैं, ₹क्या कर रहे हो तुम? ये क्या है? वहीं इस वीडियो के बाद जया बच्चन एक बार फिर ट्रोल्स के निशाने पर हैं.

**कंगना रनौत ने जया बच्चन की आलोचना की**

इस घटना के वायरल होते ही, अभिनेत्री और सांसद कंगना रनौत ने अपने ट्विटर हैंडल पर जया के व्यवहार की आलोचना की और उन्हें सबसे खराब और प्रिविलेज्ड वुमन₹कहा. उन्होंने दावा किया, लोग उनके नखरे/बेतुकेपन को सिर्फ़ इसलिए बर्दाश्त करते हैं क्योंकि वह अमिताभ बच्चन जी की पत्नी हैं.

**ज्या बच्चन को पब्लिकली फोटो खिंचाने से क्यों है चिढ़?**

हालांकि इस घटना ने अभिनेत्री और राजनेता के सार्वजनिक व्यवहार को लेकर बहस छेड़ दी है, लेकिन कुछ समय पहले ही जया ने खुलासा किया था कि वह अक्सर पब्लिकली उनकी बिना सहमति के तस्वीरें लेने वालों पर क्यों भड़क जाती हैं. अपनी नातिन नव्या नवेली नंदा के पॉडकास्ट 'व्हाट द हेल नव्या' पर बात करते हुए, जया ने मीडिया के दखलंदाज़ पक्ष के प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त करने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी. उन्होंने कहा था, मैं उन लोगों से नफरत करती हूं जो आपकी निजी ज़िंदगी में दखल देते हैं और उन प्रॉडक्ट को बेचकर अपना पेट भरते हैं." उन्होंने कहा था, ₹मुझे इससे नफ़रत है, मुझे ऐसे लोगों से चिढ़ है. मैं हमेशा उनसे कहती हूं, 'आपको शर्म नहीं आती?'

**ट्रोलिंग पर जया बच्चन ने क्या कहा था?**

फैंस के साथ अपने बर्ताव और फ़ोटोग्राफ़रों के साथ तीखी बहस को लेकर ऑनलाइन ट्रोलिंग पर बात करते हुए, उन्होंने कहा था, ₹जब मैं कहीं जा रही होती हूं, तो आप मेरी पर्सनल लाइफ में दखलंदाज़ी कर रहे होते हैं, मेरी तस्वीरें ले रहे होते हैं. क्यों? क्या मैं इंसान नहीं हूं?

बता दें कि पिछले एक साल में, अभिनेत्री फैंस और मीडिया के बीच सुर्खियों में रही हैं. उन्होंने मनोज कुमार की प्रार्थना सभा में तस्वीरें लेने के लिए एक फैनको डांटा भी था. उन्होंने एक व्यक्ति को भी फटकार लगाई थी, जिसने अपने दोस्तों के साथ लंच डेट के बाद एक रेस्टोरेंट से बाहर निकलते समय बिना उनकी इजाज़त के उनकी तस्वीर ले ली थी.

# जिम में स्विस बॉल से गिरी सौम्या टंडन, ट्रेनर को छूटी हंसी



'भाभी जी घर पर हैं' में गोरी मैम के किरदार में नजर आ चुकी सौम्या टंडन अपने अभिनय के अलावा, फिटनेस के लिए भी जानी जाती है. मां बनने के बाद उन्होंने अपने शरीर को फिट रखने के लिए काफी मेहनत की है. इसके लिए उन्होंने जिम में खूब पसीना बहाया है. वह अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी फिटनेस जर्नी और मजेदार पलों को शेयर करती रहती हैं. इस कड़ी में उन्होंने अपने जिम ट्रेनर के साथ एक कॉमिक वीडियो साझा किया, जो अब खूब वायरल हो रहा है.

**स्विस बॉल से आख़िर गिरि कैसे**

सौम्या टंडन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक मजेदार वीडियो पोस्ट किया. इस वीडियो में वह अपने जिम ट्रेनर के साथ वर्कआउट करते हुए स्विस बॉल पर बैठी नजर आ रही हैं. वीडियो के दौरान जब वह स्ट्रेचिंग कर रही होती हैं, तब वह अपने ट्रेनर से कहती हैं, 'हो गई स्ट्रेचिंग.' इस पर उनके ट्रेनर ने मजाकिया अंदाज में कहा, '100 स्क्वॉट्स बाकी हैं ना मैडम.' यह सुनते ही सौम्या की हंसी निकल पड़ती है, जिससे उनका बैलेंस बिगड़ जाता है और वह स्विस बॉल से गिर जाती हैं. यह देखकर ट्रेनर भी हंसने लगता है.

**सौम्या ने वीडियो में क्या लिखा**

सौम्या ने इस वीडियो को पोस्ट करते हुए कैप्शन में लिखा, ₹एक थकाने वाले लेग वर्कआउट के बाद जब आप स्ट्रेचिंग करते हुए कूल डाउन कर रहे हों और तभी ट्रेनर कहें कि अभी 100 स्क्वॉट्स बाकी हैं, तो ये सुनकर जो हंसी निकलती है, वही इस पल में दिखती है. ऊपर से वे ऐसे एक्ट कर रहे थे जैसे मोबाइल चेक कर रहे हों, लेकिन असल में वे सब रिकॉर्ड कर रहे थे. हर दिन की जिम ट्रेनिंग को मजेदार बनाने की ये उनकी एक और कोशिश थी.

**व्यूअर्ज़ का रिस्पांस**

उनके इस मजेदार वीडियो पर फैंस जमकर कमेंट्स कर रहे हैं.

एक फैन ने लिखा, 'सौम्या जी, आप तो फिटनेस क्वीन हो, लेकिन हंसी में गिरना भी कूल लग रहा है!'दूसरे फैन ने लिखा, 'ट्रेनर का अंदाज भी कमाल का है, पहले डराना और फिर रिकॉर्ड करना!'

अन्य फैन ने लिखा, 'ऐसे ही जिम को मजेदार बनाने की जरूरत है।'

# कभी धूप, कभी बारिश! वायरल फीवर और डेंगू का बढ़ा खतरा, बरतें सावधानी



मानसून का ये सीजन राजधानी दिल्ली-एनसीआर में बीमारियों के खतरे को बढ़ाते जा रहा है। अस्पतालों से प्राप्त जानकारियों के मुताबिक पिछले तीन-चार हफ्तों में ओपीडी में बुखार, खांसी और शरीर में दर्द की शिकायत वाले मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। ज्यादातर मामलों में रोगियों में वायरल बुखार का निदान किया जा रहा है, हालांकि कुछ लोगों में टेस्ट के दौरान डेंगू और मलेरिया की समस्या का भी पता चल रहा है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, जिस तरह से दिल्ली-एनसीआर में कभी बारिश-कभी धूप वाला मौसम बना हुआ है, ये बीमारियों का घर हो सकता है जिसको लेकर सभी लोगों को विशेष सावधानी बरतते रहना चाहिए।

वायरल फीवर और मच्छर जनित इन बीमारियों के अधिकतर लक्षण भी समान होते हैं, ऐसे में शुरुआत में इनमें फर्क करना भी कठिन रहता है। हालांकि डेंगू जैसी स्थितियों में निदान में देरी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकती है, जिसको लेकर सावधानी बरतना बहुत जरूरी है।

**ओपीडी में बढ़ रहे हैं बुखार वाले मरीज**

हर दिन मौसम में हो रहा बदलाव लोगों को बीमार कर रहा है। स्थिति यह है कि अधिकतर लोग वायरल फीवर से परेशान हैं। डॉक्टर की सलाह पर डेंगू जांच भी करवा रहे हैं।



नोएडा स्थित जिला अस्पताल की लैब की रिपोर्ट के मुताबिक ओपीडी में आने वाले करीब 200 मरीजों में से 50 मरीजों में डेंगू जांच करवाई जा रही है। जांच में रोजाना एक-दो मरीज डेंगू पॉजिटिव आ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक जनवरी से अब तक जिले में डेंगू के 27 और मलेरिया के 35 मरीज मिल चुके हैं।

**क्या कहते हैं स्वास्थ्य विशेषज्ञ?**

जिला मलेरिया अधिकारी श्रुति कीर्ति वर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार जांच कर रही है। रोजाना टीम सुबह से ही फील्ड पर निकल रही है और विभिन्न सेक्टर और सोसाइटी जा रही है। जगह-जगह जलभराव मिलने पर डेंगू लार्वा का पता किया जा रहा है। ऐसे में एक दो मरीज रोजाना मिल रहे हैं। लार्वा मिलने पर कार्रवाई भी की जा रही है।

वहीं, जिला अस्पताल के फिजिशियन डॉ. ने बताया कि इन दिन बारिश होते ही मौसम में ठंडक आ जाती है और धूप निकलते ही उमस की वजह से गर्मी बढ़ जाती है। यही नहीं, रात के समय एसी और कूलर भी इन दिनों नुकसान कर रहा है।

**डेंगू और वायरल फीवर के लक्षणों वाले मरीजों के बढ़े आंकड़े**

एक निजी अस्पताल में एमडी मेडिसिन डॉ बताते हैं, मौसम में बदलाव के साथ वायरल संक्रमण तेजी से फैल रहा है। रोजाना ओपीडी में आ रहे आधे से ज्यादा मरीजों में वायरल बुखार का निदान किया जा रहा है। समय पर इलाज शुरू करने पर बुखार वैसे तो तीन-चार दिनों में ठीक हो जाता है। लेकिन कई मरीज दवाएं खुद शुरू करते हैं या बीच में छोड़ दे रहे हैं जिससे उन्हें ठीक होने में अधिक समय लग सकता है।

इसके अलावा डेंगू और वायरल फीवर के कई लक्षण मिलते-जुलते होते हैं जिसमें खुद से अंतर कर पाना भी कठिन रहता है, इसलिए बुखार की समस्या पर गंभीरता से ध्यान देते रहना भी जरूरी है।

**वायरल फीवर और डेंगू में अंतर?**

वायरल फीवर और डेंगू, दोनों ही बुखार से जुड़े रोग हैं, लेकिन इनके कारण और लक्षण अलग हो सकते हैं।

वायरल बुखार इन्फ्लुएंजा, एडेनोवायरस आदि के कारण होता है, जो हवा, संपर्क या संक्रमित सतहों से फैलते हैं। वहीं डेंगू एडीज एजिप्टी मच्छर से फैलाता है। वायरल फीवर में हल्का से मध्यम बुखार, बदन दर्द, सिरदर्द, गले में खराश और खांसी जैसे लक्षण सामान्य हैं। ये बुखार अक्सर 3-5 दिन में कम हो जाता है।


वहीं डेंगू में अचानक तेज बुखार (102-105F), तीव्र सिरदर्द, आंखों के पीछे दर्द, जोड़ों में तेज दर्द, त्वचा पर लाल चकत्ते और प्लेटलेट्स की संख्या में गिरावट जैसे गंभीर लक्षण दिखते हैं।

# 15 अगस्त को ऐसे हों तैयार कि रंग जाएं तिरंगे के रंग में

15 अगस्त, यानि स्वतंत्रता दिवस का दिन हर भारतवासियों के लिए गर्व, आत्मसम्मान और देशभक्ति का दिन होता है। इस दिन स्कूलों, ऑफिसों, कॉलोनियों और सोशल मीडिया पर हर कोई भारतीय होने का गर्व जताता है। इस दिन लोग अलग-अलग तरह से तैयार होते हैं, ताकि आपका लुक एकदम से अलग और देशभक्ति से भरा लगे।



महिलाएं खासतौर पर इस दिन पारंपरिक या फ्यूज़न आउटफिट्स, मेकअप और एक्सेसरीज के ज़रिए अपना लुक तिरंगे के रंगों में ढालती हैं। अगर आप भी चाहती हैं कि 15 अगस्त को आपका लुक देशभक्ति से भरा हो और सबसे अलग दिखे, तो नीचे दिए गए तिरंगा थीम पर आधारित इन चीज़ों का इस्तेमाल जरूर करें।



**तिरंगा के रंगों की कुर्ती या साड़ी**

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर आप सफेद, हरे और केसरिया रंगों की कॉम्बिनेशन वाली कुर्ती, साड़ी या सूट पहन सकती हैं। चाहे सिंपल कॉटन हो या थोड़ा ट्रेडिशनल चिकनकारी या सिल्क वर्क, ये तीनों फैब्रिक भी स्वतंत्रता दिवस के मौके पर परफेक्ट लगेंगे।



**ट्राईकलर एक्सेसरीज**

अपने स्वतंत्रता दिवस लुक को पूरा करने के लिए तिरंगे रंगों की चूड़ियां, बालों में लगाने वाला क्लिप, बिंदी, झुमके या अंगूठी पहनें। ये छोटे-छोटे एलिमेंट आपके लुक को खास बना देंगे। ध्यान रखें एक्सेसरीज का चयन हमेशा अपने आउटफिट के हिसाब से ही करें, हल्के आउटफिट के साथ हल्की एक्सेससरीज बेहतर लगती हैं।

**तिरंगा मेकअप**

मेकअप में भी आप देशभक्ति दिखा सकती हैं जैसे ऑरेंज आईशैडो, व्हाइट बेस और ग्रीन काजल या लाइनर। खासतौर पर तिरंगा मेकअप के लिए अपने आईमेकअप लुक को सबसे अलग रखें। इसके साथ लिपस्टिक को न्यूड या कोरल शेड में रखें।

**तिरंगा नेल आर्ट**

अगर आप फैशन को क्रिएटिविटी के साथ अपनाना चाहती हैं तो तिरंगा थीम पर नेल आर्ट कराएं। ये दिखने में सुंदर लगता है और खास मौके के लिए परफेक्ट है। इसके साथ आपके नाखून एकदम से अलग और खूबसूरत दिखेंगे।

**झंडा ब्रोच**

ये एक सिंपल और सटीक तरीका है अपने लुक में देशभक्ति जोड़ने का। इसे आप अपने कुर्ते, साड़ी पल्लू या बैग पर लगा सकती हैं। इस तरह का ब्रोच आपको बेहद ही आसानी से बाजार में मिल जाएगा। इसके साथ आपका लुक और देशभक्ति से भरा लगेगा।



## कहीं आपको कॉकरोच ने तो नहीं काटा... कैसे होते हैं इसके लक्षण और बचाव का तरीका?

जब भी हम कॉकरोच का नाम सुनते हैं तो सबसे पहले हमारे दिमाग में गंदगी और बदबू का ख्याल आता है. ये अक्सर किचन के कोनों, बाथरूम या डस्टबिन के पास घूमते दिखते हैं और हमें इससे डर या गंदगी महसूस होती है, लेकिन कॉकरोच सिर्फ गंदगी फैलाते नहीं, बल्कि काट भी सकते हैं. ज्यादातर लोग ये बात नहीं जानते कि कॉकरोच इंसानों को भी काट सकते हैं, खासकर जब उन्हें खाना नहीं मिल रहा हो और आप गहरी नींद में हों. ये आमतौर पर होंठ, उंगलियों या आंखों के पास की नाजुक जगहों पर निशाना बनाते हैं. कॉकरोच बाइट के बाद कुछ समय तक आपको पता भी नहीं चलता है. ऐसे में चलिए आज हम आपको बताते हैं कि कॉकरोच के काटने पर क्या लक्षण होते हैं, तुरंत क्या करना चाहिए और किन घरेलू उपायों से आप इस परेशानी से बच सकते हैं.

कॉकरोच के काटने के लक्षण

अगर आपको किसी रात के बाद स्किन पर कुछ अजीब महसूस हो रहा है जैसे कि स्किन पर लाल निशान या दाने, लगातार खुजली या जलन, हल्की सूजन, कभी-कभी फंगल इंफेक्शन या एलर्जी और सांस की तकलीफ या अस्थमा ट्रिग तो ये कॉकरोच के काटने के लक्षण हो सकते हैं. इसके काटने के बाद कुछ समय तक आपको पता भी नहीं चलता, लेकिन बाद में ये खुजली, जलन और सूजन जैसे लक्षण दिखते हैं.



कॉकरोच बाइट के घरेलू और आसान उपाय

कॉकरोच बाइट से बचने के लिए सफाई ही सबसे अच्छा बचाव है. किचन और बाथरूम को हमेशा साफ और सूखा रखें, रात को झूठे बर्तन न छोड़ें और खाना ढककर रखें, डस्टबिन को रोज साफ करें और उसका ढक्कन बंद रखें, इसके अलावा महीने में एक बार पेस्ट कंट्रोल जरूर करें, साथ ही बच्चों के खिलौने और बेडिंग साफ रखें, ध्यान रहें कि को सोते समय बेड के पास खाना न रखें. अगर पहले कॉकरोच का बाइट हो चुका है, तो स्किन पर नजर बनाए रखें और हमेशा घर में एक फर्स्ट एड बॉक्स तैयार रखें.

**कॉकरोच के काटने पर तुरंत क्या करें?**

अगर आपको शक है कि कॉकरोच ने काटा है, तो घबराएं नहीं, ये आसान स्टेप्स फॉलो करें -

1. साबुन और हल्के गर्म पानी से उस जगह को अच्छी तरह धो लें.
2. वहीं साफ करने के बाद एंटीसेप्टिक क्रीम या लोशन लगाएं.
3. खुजली या सूजन हो रही है तो डॉक्टर की सलाह से एंटी-एलर्जिक दवा लें.
4. अगर बाइट वाली जगह में पस, खून या बदबू आने लगे तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं.

# क्या मानसून में नारियल तेल स्किन के लिए है सही?

मानसून का मौसम अपने साथ ठंडक, हरियाली और खुशबू तो लेकर आता है, लेकिन हमारी स्किन के लिए ये मौसम कभी-कभी परेशानी भी बन जाता है. नमी और उमस से त्वचा में दिक्कतें जैसे दाने, खुजली और फंगल इंफेक्शन होने का खतरा बढ़ जाता है. ऐसे में सवाल उठता है कि, क्या इस मौसम में नारियल तेल स्किन के लिए सही विकल्प है या नहीं? एक्सपर्ट डॉ. तन्वी वैद्य से जानेंगे कि, मानसून में नारियल तेल कैसे काम करता है और इसे इस्तेमाल करते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए.

**मानसून में आपकी स्किन का दोस्त या दुश्मन?**

नारियल तेल में विटामिन E और फैटी एसिड्स भरपूर मात्रा में होते हैं, जो स्किन को मॉइस्चराइज और पौष्टिक बनाए रखते हैं. लेकिन मानसून में नमी ज्यादा होने की वजह से स्किन ऑयली और पसीने वाली हो जाती है. ऐसे में तेल लगाना स्किन पोर्स को बंद कर सकता है, जिससे पिंपल्स और एक्ने हो सकते हैं. डॉ. तन्वी के अनुसार, यदि आपकी स्किन ड्राई या नॉर्मल है तो मानसून में नारियल तेल सीमित मात्रा में लगाने से स्किन हाइड्रेटेड और सॉफ्ट रहती है. लेकिन अगर आपकी स्किन ऑयली है तो नारियल तेल से बचना बेहतर है.



**रात में करें नारियल तेल का उपयोग**

मानसून में दिन के समय नारियल तेल लगाने से बचें क्योंकि ज्यादा नमी और धूल-गंदगी के कारण स्किन पर तेल जम सकता है. रात को सोने से पहले हल्का सा नारियल तेल लगाकर मालिश करने से स्किन को आराम मिलता है और यह डीप मॉइस्चराइजिंग का काम करता है.

तेल लगाने से पहले त्वचा साफ करें

मानसून में स्किन पर पसीना और गंदगी जम जाती है, इसलिए तेल लगाने से पहले चेहरे को अच्छी तरह से धोना चाहिए. इससे पोर्स क्लीन रहते हैं और इंफेक्शन का खतरा कम होता है.

नारियल तेल के फायदे जो मानसून में काम आएंगे

प्राकृतिक एंटीसेप्टिकः नारियल तेल में एंटीमाइक्रोबियल गुण होते हैं जो स्किन को बैक्टीरिया और फंगस से बचाते हैं

मॉइस्चराइजर का कामः यह स्किन को ड्राईनेस से बचाता है और उसे नरम बनाए रखता है

स्किन रिपेयर में मददगारः नारियल तेल में लॉरिक एसिड होता है जो स्किन की मरम्मत में सहायक होता है

मानसून में नारियल तेल इस्तेमाल करते समय ध्यान रखें ये बातें

यदि आपकी स्किन एक्ने प्रोन है तो नारियल तेल से बचना चाहिए क्योंकि यह कुछ लोगों की स्किन में पोर्स बंद कर सकता है

किसी भी नए प्रोडक्ट की तरह पहले पैच टेस्ट जरूर करें


मॉनसून में भारी तेल लगाने से स्किन पर चिकनाहट बढ़ती है, जिससे स्किन एलर्जी या इंफेक्शन हो सकते हैं

# पेट के दाएं हिस्से में अक्सर रहता है दर्द, कहीं ये अपेंडिक्स तो नहीं?

आपने अपने आसपास किसी न किसी को अपेंडिक्स की समस्या से परेशान जरूर देखा होगा। ये एक आम बीमारी है जो बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक किसी को भी हो सकती है।

अपेंडिक्स एक उंगली जैसे आकारनुमा थैली होती है, जो हमारी बड़ी आंत से जुड़ी होती है। प्रतिरक्षा प्रणाली में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका मानी जाती है, ये आंतों में गुड बैक्टीरिया के भंडार के रूप में कार्य करती है। हालांकि इसका सटीक कार्य अब भी पूरी तरह से समझा नहीं जा सका है।

शोध बताते हैं कि यह शरीर को संक्रमणों से लड़ने में मदद करती है और एक स्वस्थ आंत माइक्रोबायोम को बनाए रखने में भी भूमिका निभा सकती है। दिक्कत तब होती है जब अपेंडिक्स में कोई रुकावट या संक्रमण हो जाता है। इसके कारण आपको पेट में तेज दर्द हो सकता है और अगर समय पर इलाज न मिले तो यह फट भी सकता है, जिसके जानलेवा दुष्प्रभाव हो सकते हैं।




**अपेंडिसाइटिस और इसका खतरा**

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, आजकल की गड़बड़ लाइफस्टाइल और खानपान की आदतों के कारण अपेंडिक्स की समस्या पहले की तुलना में ज्यादा देखी जा रही है। जंक फूड्स, लो फाइबर वाली डाइट, पानी की कमी और पाचन संबंधी बीमारियां इसका प्रमुख कारण हैं।

मेडिकल रिपोर्ट्स कहती हैं कि हर साल दुनिया भर में लाखों लोग अपेंडिसाइटिस (अपेंडिक्स की सूजन) से पीड़ित होते हैं। अच्छी बात ये है कि समय रहते अगर सर्जरी कर दी जाए तो मरीज पूरी तरह ठीक हो जाता है।

**अपेंडिक्स की समस्या में क्या होता है?**

अपेंडिसाइटिस के कारण पेट के निचले दाहिने हिस्से में दर्द होता है, हालांकि ज्यादातर लोग इस दर्द को सामान्य या गैस की समस्या समझकर अनदेखा कर देते हैं। पर ये गंभीर स्थिति का कारण बन सकती है।

अपेंडिसाइटिस की समय रहते पहचान के लिए इसके लक्षणों के बारे में जानना बहुत आवश्यक है।

इसका दर्द अक्सर आपके ऊपरी पेट या नाभि वाले हिस्से में हल्के ऐंठन के साथ शुरू होता है जो बढ़ता जाता है। इसके अलावा खांसने-चलने आदि पर दर्द बढ़ जाता है।

कुछ रोगियों को इसके कारण भूख में कमी, हल्का बुखार रहने, कब्ज-दस्त और पेट में सूजन बने रहने की दिक्कत भी बनी रहती है।

**अपेंडिक्स का इलाज और बचाव**

डॉक्टर कहते हैं, अपेंडिक्स की समस्या पर समय रहते ध्यान दिया जाना चाहिए। यदि इसका समय पर इलाज न किया गया और अपेंडिक्स फट जाए तो इससे पेट में संक्रमण बढ़ने का जोखिम रहता है। अपेंडिसाइटिस को ठीक करने के लिए सर्जरी करके इसे निकालना ही उपचार है। अपेंडिक्स को हटाने के बाद एंटीबायोटिक्स दी जाती है जिसका कोर्स पूरा किया जाना चाहिए।

इस बीमारी को वैसे तो 100% रोका नहीं जा सकता, लेकिन कुछ आदतें आपके जोखिमों को कम कर सकती हैं।

फाइबर युक्त आहार जैसे साबुत अनाज, फल, सब्जियां, दालें अधिक खाएं।

दिनभर में कम से कम 2-3 लीटर पानी जरूर पीना चाहिए।

जंक फूड कम खाएं और पाचन तंत्र की सफाई के प्रोबायोटिक फूड जैसे दही आदि का सेवन करते रहें।

कब्ज से बचना जरूरी है, इसके लिए नियमित व्यायाम और सही आहार आवश्यक है।


## हाथ-पैरों में दिखें ये लक्षण तो अलर्ट हो जाएं महिलाएं, शरीर का यह अंग हो जाता है खराब

किडनी की बीमारी काफी समय से तेजी से बढ़ रही है. चलिए आपको बताते हैं कि महिलाओं में होने वाली किडनी की दिक्कत को कैसे पहचानें और इसके बचाव के लिए क्या किया जा सकता है.

**किडनी रोग**

किडनी खराब होने पर महिलाओं के पैरों और चेहरे में सूजन हो सकती है. यह सूजन सुबह उठने पर ज्यादा नजर आती है और मूत्र में प्रोटीन के निकलने का संकेत हो सकती है, जो किडनी की चोट का लक्षण है.

पेशाब का रंग, मात्रा और प्रकार में बदलाव हो सकता है. जैसे पेशाब में झाग आना या फोमीली होना, लगातार पेशाब आना या बहुत कम पेशाब होना, या पेशाब में खून आना . ये सभी किडनी समस्या के संकेत हो सकते हैं और इन्हें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए.



डॉक्टर कहते हैं कि शुरुआती चरणों में किडनी खराब होने के कोई स्पष्ट लक्षण नहीं होते या बहुत हल्के होते हैं. इसलिए नियमित ब्लड, यूरिन टेस्ट और डॉक्टर से सलाह लेना बहुत जरूरी है ताकि बीमारी को जल्दी पकड़ा जा सके.

किडनी की बीमारी होने पर महिलाओं को थकान, कमजोरी और भूख कम लगने जैसी शिकायतें हो सकती हैं. ये लक्षण शरीर में खून की कमी (एनीमिया) या शरीर में विषाक्त पदार्थ बढ़ने के कारण होते हैं.

महिलाओं में यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन बहुत आम होती है, जिससे बार-बार पेशाब में जलन, दर्द या संक्रमण हो सकता है. अगर UTI बार-बार हो तो किडनी तक संक्रमण फैल सकता है, जिससे किडनी खराब हो सकती है.

किडनी रोग की शुरुआत में लक्षण हल्के होते हैं या दिखते ही नहीं हैं. इसलिए नियमित स्वास्थ्य जांच, ब्लड और यूरिन टेस्ट जरूरी हैं. अगर कोई लक्षण दिखे तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें ताकि समय रहते इलाज शुरू हो सके.

# ब्रिटेन विदेशी अपराधियों को तुरंत डिपोर्ट करेगा

## फैसले के खिलाफ अपील का वक्त नहीं मिलेगा इन देशों में भारत शामिल, लिस्ट से पाकिस्तान बाहर

लंदन, 13 अगस्त (एजेंसियां)। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने विदेशी अपराधियों के खिलाफ कड़ा कदम उठाया है। स्टार्मर ने 'पहले डिपोर्ट, फिर अपील' नीति का ऐलान किया है।

इसका मतलब यह है कि अब ब्रिटेन में अपराध करने पर प्रवासियों को तुरंत उनके देश वापस भेज दिया जाएगा। पहले इसके लिए अपील करने का वक्त मिलता था अब ऐसा नहीं होगा।

अब वे अपने देश वापस जाने के बाद ही अपील कर सकेंगे। अब नई सूची में भारत, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया जैसे देश शामिल किए गए हैं, लेकिन पाकिस्तान को बाहर रखा गया है। जबकि कुछ माह पहले कुख्यात ग्रूमिंग गैंग मामले में पाक नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है।

गृह मंत्री यवेट कूपर का कहना है कि हम अपने कानूनों का दुरुपयोग नहीं होने देंगे। अपराधी महीनों-बरसों अपील के नाम पर यहां नहीं रह सकते।



**लिस्ट में कौन-कौन से देश शामिल हैं?**

पहले डिपोर्ट फिर अपील नीति के तहत आने वाले देशों में पहले नाइजीरिया, एस्टोनिया, फिनलैंड, अल्बानिया, बेलीज, मॉरीशस, तंजानिया व कोसोवो थे।

अब नई सूची में भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया, कनाडा, बुल्गारिया जैसे अहम देश भी हैं। इसके अलावा गुयाना, केन्या, लातविया को भी शामिल किया गया है।

ब्रिटेन की जेलें इस समय 100% क्षमता पर चल रही हैं। यहां की जेलों में इस समय 10772 विदेशी कैदी हैं। इनमें 320 भारतीय शामिल हैं, जो तीसरे नंबर पर आते हैं। पाकिस्तानियों की संख्या भी 317 है।

यहां की जेलों में एक कैदी पर सालाना 50 लाख रु. का खर्च आता है, जो टैक्सपेयर्स की जेब पर सीधा बोझ है।

सरकार का मानना है कि पहले डिपोर्ट, फिर अपील नीति से जेलों में तुरंत जगह खाली होगी और खर्च घटेगा।

**विपक्ष का आरोप- स्टार्मर ने राजनीतिक दबाव से पाक को बाहर रखा**

विपक्ष का आरोप है कि पाक को लिस्ट से बाहर रखकर सरकार ने राजनीतिक दबाव में झुकने का काम किया है।

विपक्षी पार्टी कंजरवेटिव के नेता क्रिस फिल्प ने इस फैसले को सरकार का 'यू-टर्न' बताया है।

उन्होंने कहा कि स्टार्मर सरकार सभी विदेशी अपराधियों को डिपोर्ट करने की बजाय कुछ देशों के लोगों को बचा रही है।

सरकार का तर्क है कि लिस्ट में उन्हीं देशों को जोड़ा गया है, जिनके साथ कानूनी और प्रशासनिक डिपोर्टेशन समझौते मौजूद हैं।

विश्लेषकों का मानना है कि 22 देशों की सूची में पाकिस्तान को बाहर रखकर ब्रिटेन ने वहां के साथ सुरक्षा और आतंकवाद निरोधी सहयोग में 'मोल' बढ़ाने की रणनीति अपनाई है। वहीं, भारत के मामले में वीसा उल्लंघन, धोखाधड़ी और आप्रवासन नियम तोड़ने के मामले बढ़ने के चले स्टार्मर सरकार ने सख्त नीति अपनाई है।

# शरीफ की गीदडभभकी: भारत एक बूंद पानी नहीं छीन सकता

## ऐसा सबक सिखाएंगे, जिंदगीभर याद रहेगा, 48 घंटे में 3 पाक नेताओं की धमकी

इस्लामाबाद, 13 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सिंधु जल संधि को स्थगित करने पर भारत को धमकी दी है। मंगलवार को राजधानी इस्लामाबाद में हुए एक कार्यक्रम में शरीफ ने कहा- दुश्मन (भारत) पाकिस्तान से एक बूंद पानी भी नहीं छीन सकता। आपने हमें पानी रोकने की धमकी दी। अगर ऐसा करने की कोशिश की तो पाकिस्तान आपको ऐसा सबक सिखाएगा, जिसे जिंदगीभर नहीं भूलेंगे।

पाकिस्तानी पीएम ने आगे कहा कि पानी पाकिस्तान की लाइफलाइन है और अंतरराष्ट्रीय समझौतों के तहत देश के अधिकारों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

**बिलावल भी भारत को जंग की धमकी दे चुके**

शहबाज शरीफ से पहले पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो भारत को युद्ध की धमकी दे चुके हैं। सोमवार को दिए एक बयान में बिलावल ने कहा था कि अगर भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित रखा तो पाकिस्तान के पास जंग के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा।



भुट्टो ने सिंध प्रांत की सरकार के एक कार्यक्रम में कहा, मोदी सरकार के कदमों ने पाकिस्तान को भारी नुकसान पहुंचाया है। हमें एकजुट होकर इन आक्रामक नीतियों का जवाब देना होगा।

**48 घंटों में 3 नेताओं ने भारत को धमकी दी**

सिंधु जल समझौते के निलंबन को लेकर पिछले 48 घंटों में 3 पाकिस्तानी नेताओं ने भारत के खिलाफ धमकी भरे बयान दिए हैं। इनमें आर्मी चीफ आसिम मुनीर, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो शामिल हैं।

**भारत-पाकिस्तान के बीच का सिंधु जल समझौता क्या है?**

सिंधु नदी प्रणाली में कुल 6 नदियां हैं- सिंधु, झेलम, चिनाब, रावी, ब्यास और सतलुज। इनके किनारे का इलाका करीब 11.2 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है।

इसमें 47% जमीन पाकिस्तान, 39% जमीन भारत, 8% जमीन चीन और 6% जमीन अफगानिस्तान में है। इन सभी देशों के करीब 30 करोड़ लोग इन इलाकों में रहते हैं।

1947 में भारत और पाकिस्तान के बंटवारे के पहले से ही भारत के पंजाब और पाकिस्तान के सिंध प्रांत के बीच नदियों के पानी के बंटवारे का झगड़ा शुरू हो गया था।

1947 में भारत और पाक के इंजीनियरों के बीच 'स्टैंडस्टिल समझौता' हुआ। इसके तहत दो मुख्य नहरों से पाकिस्तान को पानी मिलता रहा। ये समझौता 31 मार्च 1948 तक चला।

1 अप्रैल 1948 को जब समझौता लागू नहीं रहा तो भारत ने दोनों नहरों का पानी रोक दिया। इससे पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की 17 लाख एकड़ जमीन पर खेती बर्बाद हो गई। दोबारा हुए समझौते में भारत पानी देने को राजी हो गया।

इसके बाद 1951 से लेकर 1960 तक वर्ल्ड बैंक की मध्यस्थता में भारत पाकिस्तान में पानी के बंटवारे को लेकर बातचीत चली और आखिरकार 19 सितंबर 1960 को कराची में भारत के तत्कालीन पीएम जवाहरलाल नेहरू और पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूब खान के बीच दस्तखत हुए थे। इसे इंडस वाटर ट्रीटी या सिंधु जल संधि कहा जाता है।

**भारत ने इस समझौते को रद्द किया**

भारत ने पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के दूसरे दिन 24 अप्रैल को पाकिस्तान के साथ 65 साल पुराना सिंधु जल समझौता रोक दिया था। इस आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे।

# स्टेशनरी दुकान से शराब बरामद

## 25 लीटर अंग्रेजी शराब और 47 लीटर बीयर जब्त, दो दुकानदार गिरफ्तार

कोडरमा, 13 अगस्त (एजेंसियां)। कोडरमा जिले के जयनगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने स्टेशनरी दुकान से अवैध शराब का भंडार पकड़ा है। एसपी अनुदीप सिंह को मिली गुप्त सूचना के बाद जयनगर थाना प्रभारी बबलू कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम ने कार्रवाई की। टीम ने ग्राम तिलोकरी स्थित महेंद्र मोदी के राशन दुकान और तेतरौन स्थित प्रकाश जनरल स्टोर पर छापेमारी की। दोनों दुकानों से कुल 94 पीस अंग्रेजी शराब (लगभग 25 लीटर) और 80 पीस बीयर (लगभग 47 लीटर) बरामद की गई। जब्त की गई शराब की कीमत करीब 30 हजार रुपए है। पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पहला आरोपी तिलोकरी निवासी 63 वर्षीय महेंद्र मोदी है। दूसरा आरोपी तेतरौन निवासी 48 वर्षीय प्रकाश यादव उर्फ राजेंद्र यादव है। दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। जयनगर थाना प्रभारी बबलू कुमार के अनुसार, इन दुकानों में अवैध रूप से शराब का भंडारण कर व्यापार किया जा रहा था।

# वेनेजुएलाई राष्ट्रपति की ट्रम्प को चुनौती, गिरफ्तार करके दिखाओ

## कहा- मैं इंतजार कर रहा, देर मत करना अमेरिका ने 50 मिलियन डॉलर का इनाम रखा

काराकस, 13 अगस्त (एजेंसियां)। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को उन्हें गिरफ्तार करने की चुनौती दी है। मादुरो ने सोमवार को एक भाषण में कहा-मुझे गिरफ्तार करने आओ, मैं यही मिराफ्लोरेस (राष्ट्रपति भवन) में तुम्हारा इंतजार करूंगा। देर मत करना कायरों।

ट्रम्प प्रशासन का आरोप है कि मादुरो ड्रग तस्कर हैं और ड्रग कार्टेल के साथ मिलकर अमेरिका में फेंटानाइल मिला कोकीन भेज रहे हैं। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि मादुरो के पास 7 टन कोकीन है, जिसे वे अमेरिका भेजने की तैयारी कर रहे हैं।

निकोलस मादुरो ने राजधानी काराकस में नेताओं और सैन्य प्रमुख की मौजूदगी में अमेरिका को उनके घरेलू मामलों में दखल न देने की चेतावनी दी। उन्होंने अमेरिकी नेताओं से कहा कि वे ऐसा करने की कोशिश भी न करें, क्योंकि तब उन्हें ऐसा जवाब मिलेगा जिससे अमेरिकी साम्राज्य का अंत भी हो सकता है।

सेना प्रमुख डोमिंगो हर्नांडेज लारेज ने मादुरो का समर्थन करते हुए कहा कि सेना उनके साथ है। उन्होंने कहा, "अमेरिका हॉलीवुड की किसी वेस्टर्न फिल्म की तरह हमारे राष्ट्रपति के लिए इनाम का ऐलान करता है, यह हमारे लिए अपमानजनक है।"

वहीं, वेनेजुएला के विदेश मंत्री इवान गिल ने भी मादुरो पर दोगुना इनाम लगाने के फैसले पर नाराजगी जताई। उन्होंने इसे राजनीतिक दुष्प्रचार अभियान करार दिया।

**मदुरो पर 2020 में नार्को टेररिज्म के आरोप लगे थे**

मदुरो पर 2020 में मैनहैटन की संघीय अदालत में नार्को-टेररिज्म और कोकीन तस्करी की साजिश के आरोप तय किए गए थे। उस समय ट्रम्प प्रशासन ने उनकी गिरफ्तारी पर 1.5 करोड़ डॉलर का इनाम रखा था। इसे बाद में बाइडेन प्रशासन ने बढ़ाकर 2.5 करोड़ डॉलर कर दिया। इतना इनाम अमेरिका ने 9/11 हमलों के बाद ओसामा बिन लादेन की गिरफ्तारी पर रखा था।

मदुरो 2013 से वेनेजुएला की सत्ता में बने हुए हैं। अमेरिका, यूरोपीय यूनियन और लैटिन अमेरिकी देश उन पर चुनावों में धोखाधड़ी का आरोप लगाते रहे हैं। 2024 में हुए राष्ट्रपति चुनाव में इन देशों ने मदुरो पर धांधली का आरोप लगाया था।

**कोलंबिया ने वेनेजुएला राष्ट्रपति का समर्थन किया**

इस बीच कोलंबिया भी वेनेजुएला के समर्थन में आ गया है। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने चेतावनी दी है कि वेनेजुएला पर अमेरिकी हमला उनके देश पर हमला माना जाएगा। सोशल मीडिया पर उन्होंने लिखा कि हालात चाहे जितने भी उथल-पुथल वाले हों, हम वेनेजुएला की संप्रभुता की रक्षा करेंगे।

एक और संदेश में पेट्रो ने कहा कि कोलंबिया और वेनेजुएला "एक ही लोग, एक ही झंडा और एक ही इतिहास" साझा करते हैं। पेट्रो ने अमेरिका तथा वेनेजुएला दोनों से अपील की है कि वे

# यमन के हूतियों ने इजरायल पर बोला ड्रोन हमला

## चार शहरों में टारगेट को निशाना बनाने का दावा

सना, 13 अगस्त (एजेंसियां)। यमन के हूती समूह ने बताया है कि इजरायल के शहरों हाइफा, नेगेव, इलियट और बीर शेवा को निशाना बनाकर चार ड्रोन हमले किए गए। याह्या सरिया, हूती समूह के सैन्य प्रवक्ता, ने अल-मसीरा टीवी पर प्रसारित बयान में दावा किया कि छह ड्रोनों से किए गए हमलों ने अपने उद्देश्यों को सफलतापूर्वक हासिल किया। हमले इजरायल द्वारा नरसंहार, भुखमरी और विस्थापन के माध्यम से फ़िलिस्तीनी हितों को खत्म करने की योजना के जवाब में किए गए। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक गाजा पट्टी पर आक्रमण बंद नहीं हो जाता और नाकाबंदी नहीं हट जाती, तब तक इजरायल पर हमले जारी रहेंगे। अक्टूबर 2023 में गाजा में युद्ध शुरू होने के बाद से, हूती समूह ने फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता का हवाला देते हुए इजरायल की ओर दर्जनों मिसाइल और ड्रोन दागे हैं।

# पूर्व प्रथम महिला किम भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार

## चुनाव में हस्तक्षेप और रिश्वतखोरी का आरोप

सियोल, 13 अगस्त (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया की पूर्व प्रथम महिला और पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल की पत्नी, किम कियॉन ही को स्टॉक मैनिपुलेशन, चुनाव में हस्तक्षेप और रिश्वतखोरी के आरोपों में गिरफ्तार किया गया है। योनहाप न्यूज एजेंसी के अनुसार, यह गिरफ्तारी विशेष अभियोजक मिन जूंग-की की टीम की जांच के तहत हुई, जिसमें किम पर कई गंभीर वित्तीय और राजनीतिक अपराधों के आरोप हैं।

सियोल सेंट्रल डिसट्रिक्ट कोर्ट ने मंगलवार को गिरफ्तारी वारंट मंजूर करते हुए कहा कि किम सबूतों से छेड़छाड़ कर सकती हैं। वारंट के लिए अनुरोध विशेष अभियोजक की टीम ने किया था, जो कैपिटल मार्केट एक्ट, पॉलिटिकल फंड्स एक्ट और रिश्वतखोरी विरोधी कानून के उल्लंघन की जांच कर रही है। अभियोजन पक्ष ने दलील दी कि किम सबूत नष्ट करने का गंभीर खतरा पैदा करती हैं, जबकि उनकी कानूनी टीम ने स्वास्थ्य



समस्याओं और सहयोगात्मक रवैये का हवाला दिया।

किम पर आरोप है कि उन्होंने 2009 से 2012 के बीच डॉयच मोटर्स के शेयर मूल्य में हेरफेर किया। इसके अलावा, 2022 के उपचुनाव और 2024 के आम चुनावों में उम्मीदवार चयन में हस्तक्षेप करने और यूनिफिकेशन चर्च से महंगे उपहार लेने के भी आरोप हैं, जो कथित रूप से कारोबारी लाभ के बदले दिए गए थे। जांच में यह भी शामिल है कि एक हाईवे का अंतिम बिंदु बदलकर उनके परिवार की जमीन को लाभ पहुंचाया गया और एक स्थानीय अपार्टमेंट प्रोजेक्ट में पक्षपात किया गया।

पिछले सप्ताह पूछताछ के दौरान किम ने खुद को "एक साधारण व्यक्ति" बताते हुए सार्वजनिक चिंता पैदा करने पर माफी मांगी, हालांकि उन्होंने सभी आरोपों से इनकार किया। कुल 16 आरोपों की जांच चल रही है। यह गिरफ्तारी जांच को और मजबूती देगी और संबंधित मामलों में नए सबूत जुटाने में मदद करेगी।

# आयरलैंड के राष्ट्रपति ने भारतीयों पर हमले की निंदा की

## कहा- ये स्वीकार्य नहीं, भारतीयों पर 1 महीने में 6 हमले हुए

डबलिन, 13 अगस्त (एजेंसियां)। यूरोपीय देश आयरलैंड के राष्ट्रपति माइकल डी. हिगिन्स ने भारतीय समुदाय के लोगों पर हाल के हमलों की कड़ी निंदा की है। उन्होंने इन हमलों को घृणित और आयरलैंड के मूल्यों के खिलाफ बताया। राष्ट्रपति ने कहा- ये स्वीकार नही किया जाएगा।

दरअसल, आयरलैंड में भारतीय नागरिकों पर करीब एक माह में डबलिन, क्लोंडालकिन, बॉलिमुन और वाटरफोर्ड में भारतवंशी प्रवासियों पर 6 हमले हुए हैं।

इनमें पीड़ितों को गंभीर चोटें आईं। मासूम बच्चों से मारपीट हुई और नस्लीय अपशब्द कहे गए। हालात यह है कि कई भारतीय और एशियाई लोगों का कहना है कि वे आयरलैंड छोड़कर अन्य यूरोपीय देश में बसने की योजना बना रहे हैं। भारतीयों पर हमलों के



पीछे दक्षिणपंथी सरकार और वाम विपक्ष का बड़ा हाथ है। वे बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और मकान संकट के लिए भारतीयों को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं इससे हमले बढ़े हैं। आयरलैंड के राष्ट्रपति माइकल डी. हिगिन्स ने भारतीय समुदाय के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि चिकित्सा, नर्सिंग, संस्कृति, व्यवसाय और उद्यम में उनकी भूमिका ने आयरलैंड को समृद्ध किया है।

राष्ट्रपति हिगिन्स ने भारत और आयरलैंड के बीच ऐतिहासिक संबंधों को याद किया। उन्होंने कहा कि हिंसा हमें कमजोर करते हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर नफरत या हिंसा भड़काने वाले संदेशों को भी गलत ठहराया और कहा कि यह आयरिश मूल्यों जैसे आतिथ्य, दोस्ती और दूसरों की देखभाल के खिलाफ है।

वहीं, डबलिन में भारतीय दूतावास ने नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी है। दूतावास ने 'सुनसान जगहों पर जाने से बचने' और 'अतिरिक्त सावधानी बरतने' की चेतावनी दी है। अप्रैल 2025 में आयरलैंड की आबादी 53.8 लाख थी। इसमें से 12.5 लाख प्रवासी हैं, जो कुल जनसंख्या का 24% हैं। प्रवासियों के मामले भारत 45,449 लोगों के साथ टॉप-5 देशों में शामिल है। इस मामले में भारत नॉन-आयरिश नागरिकों में पोलैंड और ब्रिटेन के बाद तीसरे स्थान पर है।

आयरलैंड में मकानों का संकट है। डबलिन में 63% प्रवासी रहते हैं, जिससे किफायती आवास का संकट गंभीर हो गया है। इससे स्थानीय लोगों में नाराज हैं। 2024 में आयरलैंड में महंगाई दर 5.2% रही।

अप्रैल 2025 में बेरोजगारी दर 4.8% थी। आयरलैंड के स्वास्थ्य और सोशल केयर सेक्टर में लगभग 18% कर्मचारी गैर-आयरिश नागरिक हैं। इनमें 3% भारतीय है। सत्ताधारी दक्षिणपंथी गठबंधन ने आवास संकट और आर्थिक दबाव को हल करने का दावा किया, लेकिन अप्रत्यक्ष रूप से प्रवासियों को जिम्मेदार ठहराने वाले संदेश दिए।

# ऑस्ट्रेलिया को युद्धपोत

## भारत के लिए लड़ाकू विमानों के इंजन बनाएगा दोस्त जापान

वॉशिंगटन, 13 अगस्त (एजेंसियां)। दूसरे विश्वयुद्ध से पहले तक जापान की ज्यादातर कंपनियां एडवांस हथियार बनाने में माहिर थीं। लेकिन दूसरे विश्वयुद्ध के बाद जापान ने जंग से तौबा कर ली। हथियार बनाने वाली कई जापानी कंपनियों ने टेक्नोलॉजी में कमाल करना शुरू कर दिया। लेकिन अब जबकि फिर से जियो-पॉलिटिकल हालात बदल रहे हैं तो जापान एक बार फिर से हथियारों के निर्माण में काम करने मैदान में उतर चुका है। ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक अब भारत, जापान के साथ संभावित एयरोस्पेस, खासकर एडवांस लड़ाकू विमान इंजन में सहयोग करने के लिए आगे बढ़ सकते है।

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक इस मामले से परिचित लोगों ने संकेत दिया है कि फ्रांस और



यूनाइटेड किंगडम के साथ साथ भारत जापान के भी संपर्क में है, ताकि एडवांस लड़ाकू विमानों की इंजन का निर्माण किया जा सके। भारत की कोशिश ट्विन इंजन फाइटर प्रोजेक्ट्स के लिए हाई परफॉर्मेंस इंजन का को-प्रोडक्शन करना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि डीआरडीओ तीनों देशों से मिले ऑफर का मूल्यांकन करेगा और रक्षा मंत्रालय को अपनी रिपोर्ट सौंपेगा।

दरअसल अमेरिका के साथ जून 2023 में भारत ने जीई एफ414 इंजन के घरेलू उत्पादन के लिए समझौता किया था। इस समझौते के तहत 80% तक टेक्नोलॉजी ट्रांसफर शामिल है, लेकिन मौजूदा भू-राजनीतिक हालात ने अमेरिका को लेकर भारत के विश्वास को बुरी तरह से कुचल दिया है। ऐसे में भारत नये ऑप्शंस की तलाश कर रहा है। जापान की रक्षा कंपनियों ने पिछले कुछ सालों में नौसेना क्षेत्र में कमाल किया है और अब उसका मकसद एयरोस्पेस में जापान की ताकत को दिखाना है। फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक ऑस्ट्रेलिया के साथ जापान की कंपनी मित्सुबिशी हेवी इंडस्ट्रीज (एमएचआई) का 6.5 बिलियन डॉलर का फ्रिगेट सौदा इसी का हिस्सा है।

दूसरे विश्वयुद्ध के बाद से जापान जो कुछ हथियार बनाता था, उसके निर्यात पर उसने प्रतिबंध लगा रखा था। उसने अपनी डिफेंस टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल अपनी सुरक्षा के लिए किया। लेकिन 2014 के बाद से जापान ने अपनी नीति बदलनी शुरू कर दी है।

# कनाडा में स्थायी निवास चाहने वाले भारतीयों के लिए गुड न्यूज

## एक्सप्रेस एंट्री के तहत तीन नई कैटेगरी की तैयारी

ओटावा, 13 अगस्त (एजेंसियां)। कनाडा में स्थायी निवास (पीआर) की चाहत रखने वाले भारतीयों के लिए अच्छी खबर है। कनाडा की कार्नी सरकार तीन नई एक्सप्रेस एंट्री श्रेणियों के निर्माण पर विचार कर रही है, जिससे विदेशी नागरिकों के लिए स्थायी निवास हासिल करना आसान हो सकता है। इसका असर उच्च मांग वाले भारतीय समुदाय पर पड़ेगा। इमिग्रेशन, रिफ्यूजी एंड सिटिजनशिप कनाडा (आईआरसीसी) ने प्रमुख इमिग्रेशन सिस्टम के तहत सीनियर मैनेजर, शोधकर्ताओं, वैज्ञानिकों और कुशल सैन्य कर्मियों के चयन को प्राथमिकता देने के प्रस्तावों पर जनता की प्रतिक्रिया मांगी है।

आईआरसीसी के सलाह दस्तावेज में कहा गया है कि सीनियर मैनेजर्स अत्यधिक कुशल कर्मचारी होते हैं, जो किसी कंपनी या संगठन के संचालन की देखरेख करते हैं और कर्मचारियों की टीम का नेतृत्व करते हैं।

संभावित नई श्रेणियों को 2026 में एक्सप्रेस एंट्री में लॉन्च करने पर विचार किया जा रहा है। एक्सप्रेस एंट्री कनाडा की संघीय सरकार का आवेदन मैनेजमेंट सिस्टम है, जिससे यह निर्धारित किया जाता है कि किन विदेशी नागरिकों को स्थायी निवास के लिए आवेदन करने का अवसर मिलेगा।

# सुरक्षाबल और नक्सलियों के बीच एनकाउंटर

## एक नक्सली ढेर, गोइलकेरा के डेरवा और पोसैता के बीच मुठभेड़, एसएलआर राइफल बरामद

चाईबासा, 13 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोइलकेरा थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच सुबह मुठभेड़ हुई। डेरवा और पोसैता के बीच के इलाके में हुई इस मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया।

सुरक्षाबलों ने मौके से एक एसएलआर राइफल बरामद की है। संभावना जताई जा रही है कि राइफल नक्सली का ही हो सकता है।

आईजी अभियान डॉ. माइकल राज के अनुसार, मुठभेड़ में नक्सलियों को भारी नुकसान पहुंचा है। पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम जब इलाके में पैदल सर्च



अभियान चला रही थी, तभी नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने तुरंत मोर्चा संभाला और जवाबी कार्रवाई की।

यह क्षेत्र नक्सली गतिविधियों के लिए जाना जाता है। पिछले कुछ दिनों से जिले के नक्सल प्रभावित इलाकों में लगातार सर्च ऑपरेशन चल रहा है। मारे गए नक्सली की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पिछले साल से चल रहे अभियान में भाकपा माओवादी संगठन कमजोर हुआ है।

सुरक्षाबलों के अनुसार, क्षेत्र में अभी भी खतरा है। इसलिए तलाशी अभियान जारी रहेगा। एसडीपीओ शुभम प्रकाश घटना स्थल पर पहुंच गए हैं।

बरामद हथियारों को जब्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। माना जा रहा है कि मारा गया नक्सली पुलिस की इनामी सूची में हो सकता है।

# बदमाशों ने आरक्षक का सिर फोड़ा

## गाड़ी-टकराने पर विवाद, पिता-पुत्र पर चलाया चाकू पुलिस से बचने घायल होने का नाटक करने लगा आरोपी

बिलासपुर, 13 अगस्त (एजेंसियां)। बिलासपुर में मारपीट-चाकूबाजी की 2 अलग-अलग घटना सामने आई है। जहां मंगलवार (12 अगस्त) को गाड़ी की टक्कर के बाद कुछ बदमाशों ने मिलकर एक आरक्षक का सिर फोड़ दिया। वहीं, दूसरी घटना में बाइक टकराने को लेकर बदमाशों ने पिता-पुत्र पर चाकू से हमला किया है।

दोनों घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की है। दोनों मामले में घायलों ने जैसे -तैसे पहुंचकर थाने में शिकायत दर्ज कराई। जिसके बाद पुलिस ने बदमाशों को पकड़कर शहर भर में उनका जुलूस निकाला। वहीं, इनमें एक बदमाश पुलिस कार्रवाई से बचने के लिए खुद पर चाकू से हमला कर पीड़ित होने का नाटक कर रहा था। जानकारी के अनुसार, कश्यप कॉलोनी में रहने वाला दिलीप सिंह आरक्षक के पद पर कार्यरत है। वह एसपी ऑफिस में पदस्थ है। 12 अगस्त की रात वह मार्केट जाने के लिए कार में बैठ कर परिवार के सदस्यों का इंतजार कर रहा था। तभी कॉलोनी के ही हिमांशु वर्मा स्कूटी से आया और कार को टक्कर मार दी। आरक्षक ने उसे ठीक से गाड़ी चलाने को कहा। इतने में उसने गाली-गलौज शुरू कर दी।

## यूपी के स्कूलों में 4 दिन लगातार होगी छुट्टी



लखनऊ, 13 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के स्कूलों में 14 अगस्त से 17 अगस्त तक की लंबी छुट्टी होगी। इतनी लंबी छुट्टियां, चेहल्लुम, स्वतंत्रता दिवस, जनमाष्टमी और रविवार, एक साथ आने की वजह से पड़ रहीं हैं। यूपी सरकार के कैलेंडर के अनुसार 14 अगस्त को चेहल्लुम, 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस, 16 अगस्त को जन्माष्टमी की छुट्टी होगी। वहीं 17 अगस्त को रविवार है। 13 अगस्त को बंद हो रहे स्कूल, दोबारा 15 अगस्त को सिर्फ उत्सव के लिए खुलेंगे और फिर पढ़ाई का सिलसिला 18 अगस्त से शुरू होगा। शिया मुस्लिम समुदाय चेहल्लुम मनाता है। चेहल्लुम मुहर्रम के 40वें दिन का प्रतीक है और पैगंबर हजरत मोहम्मद के पोते इमाम हुसैन की शहादत को याद करता है।

इस पारंपरिक कार्यक्रम में ताजिया और अलम सहित मुख्य चेहल्लुम जुलूस होते हैं। इस बार चेहल्लुम 14 अगस्त 2025 को है। स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के दिन स्कूलों में ध्वजारोहण होगा और सांस्कृतिक कार्यक्रम में होंगे। इस दिन स्कूलों में मिष्ठान वितरण होगा। हालांकि पढ़ाई नहीं होगी। 16 अगस्त को स्कूलों में जन्माष्टमी की छुट्टी होगी। इस दौरान सभी जगहों पर भगवान कृष्ण की पूजा अर्चना और व्रत किया जाता है। वहीं 17 अगस्त को रविवार है जो कि साप्ताहिक अवकाश है।

## कमरे की कच्ची छत गिरने से बच्ची की मौत, दो बहनें घायल

कानपुर, 13 अगस्त (एजेंसियां)। देर रात हुई रिमझिम के दौरान कमरे की कच्ची छत भरभराकर गिर गई। जिसमें कमरे में एक साथ सो रही तीन बहनें दब गई। जिसमें से छह वर्षीय मासूम बहन की मौत हो गई। वहीं दो बड़ी बहनें घायल हो गई। परिवार ने बच्ची का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। रमईपुर निवासी अजय कुरील उर्फ प्रमोद मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करते हैं। प्रमोद ने बताया कि उनका पूरे मकान की छतें कच्ची हैं। खाना खाने के बाद वह पत्नी पूजा दो बेटे अंशू, प्रांशू संग घर के आगे के हिस्से पर बने कमरे में सो गए। वहीं तीनों बेटियां 18 वर्षीय अंकिता, 15 वर्षीय प्रांशी और छह वर्षीय पीहू पीछे के कमरे में सो रही थी। देर रात हुई रिमझिम बारिश के दौरान पिछले कमरे की कच्ची छत अचानक भरभरा कर गिर गई। जिसमे तीनों बेटियां मलबे में दब गई। चीखपुकार सुन एकत्र पड़ोसियों की मदद से मलबा हटाकर घायल बेटियों को बिधनू सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डाक्टर ने छोटी बेटी पीहू को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल अन्य दोनों बेटियों का उपचार कर घर भेज दिया गया।

## दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार पुलिस ने पैर में मारी गोली

बलरामपुर, 13 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के बलरामपुर में एक दिव्यांग लड़की के साथ दुष्कर्म का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। लड़की न बोल सकती है और ना ही सुन सकती है। लड़की का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वह सड़क पर भागती हुई दिखाई दी थी। उसके पीछे बाइक सवार कई लड़के दिखाई दिए थे। अब पुलिस ने दो को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि घटना 11 अगस्त को हुई थी। थाना कोतवाली क्षेत्र को एक लड़के ने सूचना दी कि उसकी बहन मुखबधिर और मंदबुद्धि है, उसके साथ दुराचार हुआ है। पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज किया और जांच शुरू की। सीसीटीवी वीडियो चेक किए जाने के बाद दो लड़कों के नाम सामने आए और उन दोनों को पुलिस की मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों आरोपियों के नाम अंकुर वर्मा और हर्षित पांडेय हैं। दोनों ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है।

## रोडवेज बस और ट्रक की टक्कर, 5 लोगों की मौत

जौनपुर, 13 अगस्त (एजेंसियां)। जौनपुर में एक भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई जबकि 7 लोग घायल हो गए। यह हादसा उस वक्त हुआ जब जौनपुर से शाहगंज जा रही रोडवेज की बस और ट्रक की टक्कर हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव का काम किया। बताया जाता है कि रोडवेज की एक बस जौनपुर से शाहगंज जा रही थी। इसी बीच रात 11 बजे के करीब खेतासराय के गुरैनी बाजार के पास एक ट्रक से इसकी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों के परखच्चे उड़ गए। घटनास्थल पर कोहराम मच गया। मौके पर जमा हुए ग्रामीणों ने राहत और बचाव का काम शुरू किया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी पहुंचे। इस हादसे में दो महिला, दो पुरुष और एक बच्चे की मौत हो गई। हादसे में घायल हुए लोगों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां उनका इलाज चल रहा है।

# सीबीआई-ईडी के बाद बीजेपी ने चुनाव आयोग को बनाया हथियार : तेजस्वी

## बीजेपी नेताओं के पास हैं इतने ईपीआईसी नंबर



पटना, 13 अगस्त (एजेंसियां)। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एसआईआर को लेकर एक और खुलासा किया है। तेजस्वी यादव ने बुधवार की सुबह अपने सरकारी आवास पर आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बीजेपी की नेता और मुजफ्फरपुर की मेयर निर्मला देवी के एपिक नंबर के बारे में जानकारी दी। तेजस्वी ने कहा कि पहले बीजेपी चुनाव में हराने के लिए सीबीआई और ईडी को लगाती थी, लेकिन जब यह सब बेकार हो गई है तो अब चुनाव आयोग को आगे किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वोट की चोरी चुनाव आयोग ने 2020 में भी की थी। हमारा अंतर केवल 12 हजार वोट का था और हम लोग 10 से अधिक सीटें हरा दिए गए थे। किसी सीट पर सौ, किसी पर दो सौ और किसी पर 500 वोट का अंतर था।

**बीजेपी पर साधा निशाना**

तेजस्वी ने कहा कि देश की जनता सब समझती है। पिछली बार बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा का खुलासा किया था। आज हम यह कह रहे हैं कि चुनाव आयोग बीजेपी के लोगों का सहयोग कर रही है। विपक्ष के वोटो को कम किया जा रहा है और बीजेपी के लोगों का एक नहीं बल्कि दो दो एपिक नंबर बनाया जा रहा है और अलग-अलग बूथों पर भी बनाया जा रहा है।

**मेयर निर्मला देवी के पास भी दो-दो ईपीआईसी नंबर**

तेजस्वी ने बताया कि मुजफ्फरपुर की मेयर बीजेपी की बड़ी नेता हैं। जिनका नाम निर्मला देवी है। इनके एक नहीं बल्कि दो-दो एपिक नंबर हैं। बूथ नंबर 257 निर्वाचन क्षेत्र है। मुजफ्फरपुर में इनके दो देवर हैं और दोनों के दो एपिक नंबर अलग-अलग है। उन दोनों के भी दो-दो एपिक आईडी है। एक देवर का नाम दिलीप कुमार है और दूसरे का नाम मनोज कुमार है। उन्होंने तस्वीर दिखाते हुए कहा कि यह इन लोगों की लेटेस्ट तस्वीर है। निर्मला देवी की 153 नंबर बूथ में 48 साल उम्र है और 257 वाले बूथ नंबर पर 45 साल है।

**चुनाव आयोग पर किया तीखा वार**

तेजस्वी ने कहा कि चुनाव आयोग इतना गंभीर है कि ओरिजिनल मतदाताओं को मार देता है। शिफ्ट बता देता है और बीजेपी के जो बड़े-बड़े लोग हो या फिर उप मुख्यमंत्री जैसे लोग हैं, उन लोगों का एक नहीं दो-दो एपिक नंबर बन जाता है। जब एसआइआर की प्रक्रिया शुरू हुई थी, तब से मैं यह कह रहा था पूरा चुनाव आयोग का एक धड़ा बीजेपी के साथ मिलकर षड्यंत्र रच रहा है। बीजेपी को मदद पहुंचाने के लिए जो हमारे गरीब मतदाता है, विपक्षी दलों के वोटर हैं, उनको मित्र बताया जाता है। उनका वोटर लिस्ट से नाम काट दिया जाता है।

**'हम लोग बेईमानी नहीं सहेंगे'**

तेजस्वी ने कहा कि उनकी बेईमानी को हम लोग नहीं सहेंगे, जहां तक संभव होगा लड़ाई लड़ेंगे। गुजरात के लोग बिहार के वोटर बन रहे हैं। बीजेपी के प्रभारी भीकू भाई दलसानिया पटना के वोटर बन गए हैं। उन्होंने 2024 में अपना आखिरी मत गुजरात में दिया था लेकिन वह पटना के भी वोटर बने हुए हैं। उन्होंने गुजरात में नाम कटवा लिया, लेकिन पांच साल हुआ नहीं कि आप जगह बदल-बदल कर वोट दे रहे हैं। बिहार का चुनाव खत्म होगा तो नाम कटवा करके कहां के मतदाता बनेंगे यह वही बताएंगे।

**सुप्रीम कोर्ट से न्याय की है उम्मीद**

तेजस्वी का कहना था क्या पता इन लोगों ने अपनी कंप्लेंट की है या नहीं, लेकिन जब जानकारी सामने आई है तो यह भी आनन फानन में अपने बचाव की बात करेंगे। जब यह सारी चीज सामने आ गई है तो फिर एसआइआर क्या है? सुप्रीम कोर्ट में हम लोगों ने सारी दलीलों को रखा है। उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट से न्याय मिलेगा। एक भी वोटर का अगर नाम कटता है तो इससे बड़ा अपराध नहीं हो सकता है। लगातार ऐसे कई मामले हमारे संज्ञान में आ रहे हैं। हमें पता चला है कि जितने बीजेपी के एमपी, एमएलए हैं, जिन जिन लोगों के दो-दो नाम थे, वह सब बीएलओ को खोज रहे हैं।

## केंद्रीय मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह की मुश्किलें बढ़ी

### जालसाजी और धमकाने के मामले में केस दर्ज करने का आदेश



गोंडा, 13 अगस्त (एजेंसियां)। गोंडा में केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह की मुश्किलें बढ़ती दिखाई दे रही हैं। पुराने स्टांप पर बैक डेट में बैनामा कराने और ज़मीन मालिक को धमकाने के आरोप में एमपी एमएलए कोर्ट ने कीर्तिवर्धन, उनके प्रतिनिधि राजेश सिंह समेत पांच लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए हैं। गोंडा के मनकापुर थाना के भिटौरा गांव में रहने वाले अजय सिंह ने कोर्ट में 173 (4) बीएनएस के अंतर्गत प्रार्थना पत्र देकर प्राथमिकी दर्ज करने का आवेदन दिया था। उन्होंने आरोप लगाया कि मंत्री कीर्तिवर्धन, उनके प्रतिनिधि राजेश सिंह, सहदेव यादव, पिंकू और कांति सिंह ने उनकी पत्नी मनीषा सिंह की बैनामा ज़मीन का फर्जी तरीके से दोबारा बैनामा करा लिया। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि मंत्री ने पहले से ही बैनामायुक्त जमीन के पुराने स्टांप पेपर को खरीद कर दोबारा जमीन का बैनामा करवा लिया।

यही नहीं जब उन्होंने इस फर्जीवाड़े की शिकायत की तो आरोपियों ने उन्हें जान से मारने और दूसरे मामलों में फंसाने की धमकी भी दी। कोई कार्रवाई नहीं होने के बाद पीड़ित ने एमपी एमएलए कोर्ट में न्याय की गुहार लगाई। कोर्ट ने अजय सिंह की याचिका को स्वीकार करते हुए मनकापुर थाने को इस मामले में एफआईआर दर्ज कर 15 दिन के अंदर कोर्ट को सूचित करने के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि इस मामले की जाँच शुरू की जाए। जिसके बाद मंत्री कीर्तिवर्धन की मुसीबतें बढ़ सकती हैं।

## बेटी ने बुला ली तीन सहेलियां, फिर कर गई कांड

रायबरेली, 13 अगस्त (एजेंसियां)। घर का भेदी लंका ढहाए, कहावत को आपने सुनी ही होगी। उत्तर प्रदेश के रायबरेली से ऐसा ही मामला सामने आया है। यहां एक घर में तिजोरी से लाखों की कीमत के जेवरात चोरी हो गए। परिवार टेंशन में आ गया। फिर जब पता चला कि चोर कोई और नहीं घर की बेटी ही है तो परिवार के पैरों तले जमीन खिसक गई। बेटी ने सहेलियों के साथ मिलकर चोरी की इस वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने सभी आरोपी युवतियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। हालांकि, बाद में उन्हें जमानत मिल गई। मामला रायबरेली जिले के गुरबख्शगंज थाना क्षेत्र का है।

## फतेहपुर में मंदिर-मकबरा विवाद

### कांग्रेस के जिलाध्यक्ष के घर छापा, शहर अध्यक्ष गिरफ्तार

फतेहपुर, 13 अगस्त (एजेंसियां)। सदर कोतवाली के आबूनगर रेड़इया में मंदिर-मकबरा प्रकरण को लेकर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने एक प्रतिनिधि मंडल का गठन किया था। प्रतिनिधि मंडल को बुधवार को जिले जाकर प्रकरण में जांच पड़ताल और स्थानीय लोगों से वार्ता करने के लिए पहुंचने का निर्देश दिया था। जिला प्रशासन को भनक लगते ही पुलिस को सक्रिय कर दिया गया। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी के घर गंगा नगर कालोनी में छापा मारा गया। उनके स्वजन ने जिलाध्यक्ष के घर पर न होने की बात कह कर पुलिस पार्टी को बैरंग लौटा दिया। वहीं अहमदगंज वार्ड के सभासद और कांग्रेस के शहर अध्यक्ष मो। आरिफ गुड्डा के घर पर पहुंची पुलिस ने उन्हें घर से गिरफ्तार करके कोतवाली ले आई। जिलाध्यक्ष ने बताया कि कांग्रेस के कार्यक्रम को फेल करने के लिए जिला प्रशासन छापेमारी कर रहा है। कांग्रेस के नेता भूधर मिश्रा और कनिष्क पाण्डेय को कानपुर स्थित उनके आवास पर हाउस अरेस्ट किया गया है। भाजपा की सरकार उत्पीड़न करने में जुटी है तो जिला प्रशासन अपनी विफलताओं को छुपाने के लिए धर पकड़ कर रही है।

## खाटू श्याम दर्शन से लौट रहे 11 श्रद्धालुओं की मौत

### एटा से पिकअप में गए थे 12 लोग

एटा, 13 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान के दौसा जिले में बुधवार तड़के एक भीषण सड़क हादसा हुआ। इसमें एटा जिले के असरोली गांव के 11 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। मृतकों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। हादसे में दर्जनभर लोग गंभीर रूप से घायल हुए है। असरोली गांव से एक मैक्स पिकअप में तीन दर्जन से अधिक श्रद्धालु खाटू श्यामजी के दर्शन के लिए गए थे। दर्शन करने के बाद सभी वापस लौट रहे थे। बुधवार सुबह करीब 3:30 बजे दौसा जिले के सैंथल थाना क्षेत्र के वापी गांव के पास हादसा हुआ। पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार कंटेनर ने पिकअप को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयंकर थी कि पिकअप का पिछला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग मदद के लिए दौड़े। पुलिस भी तुरंत मौके पर पहुंची टक्कर में 10 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। एक घायल ने जयपुर के एसएमएस अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। करीब आधा दर्जन घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है।

सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल और जयपुर रेफर किया गया है। पुलिस ने बताया कि हादसे का कारण कंटेनर की तेज रफ्तार और लापरवाही है। कंटेनर चालक को हिरासत में लिया गया है। वाहन को जब्त कर लिया गया है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

## दिनदहाड़े असलहा दिखाकर दोस्तों से लूट

लखनऊ, 13 अगस्त (एजेंसियां)। लखनऊ में 5 बदमाशों ने स्कूटी सवार दो दोस्तों को असलहा दिखाकर लूट लिया। बदमाशों ने पहले दोनों दोस्तो को रोका, इसके बाद डंडे, हेलमेट और लात-घूसों से दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। मोबाइल, नकदी और बैग लूटकर असलहा लहराते हुए फरार हो गए। इस दौरान आसपास के लोग खड़े होकर लोग घटना का वीडियो बनाते रहे। किसी ने भी बचाने का प्रयास नहीं किया। बदमाशों के भागने के बाद लोगों ने वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

घटना मंगलवार दोपहर में पारा थाना क्षेत्र स्थित जलालपुर फाटक के पास हुई। पीड़ितों शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

## 'हिन्दुत्व की बात बुरी लगती है'

### सपा से निकाले जाने के बाद पप्पू सिंह ने निकाली अखिलेश यादव पर भड़ास



फतेहपुर, 13 अगस्त (एजेंसियां)। यूपी के फतेहपुर में मकबरे में तोड़फोड़ मामले में आरोपी सपा नेता पप्पू सिंह को समाजवादी पार्टी ने जिला अध्यक्ष पद से हटा दिया है। जिसके बाद अब पप्पू सिंह इस पर प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने सपा पर एक जाति की पार्टी होने का आरोप लगाया और कहा कि वो इस्तीफा देकर मुक्त हो गए हैं। समाजवादी पार्टी से निकाले जाने के बाद पप्पू सिंह ने कहा कि सपा में एक जाति का ही बोलबाला है। अगर हिंदुत्व की बात करो तो सपा के लोगों को बुरा लगता है। इसलिए वो अपना इस्तीफा देकर पार्टी से मुक्त हो गए हैं। उन्होंने लखनऊ में पार्टी के दफ्तर जाकर अपना इस्तीफा सौंप दिया है। पप्पू सिंह ने कहा कि वो 2021 से सपा के साथ जुड़े हुए थे। उन्होंने पार्टी के लिए हुसैनगंज विधानसभा क्षेत्र में बहुत काम किया और सपा को मजबूत करने की कोशिश की। लेकिन सपा में एक ही जाति का बोलबाला है।

अगर हम हिन्दू की बात करते हैं तो उन्हें बुरा लगने लगता है। दरअसल सोमवार को फतेहपुर में नवाब अबू समद के मकबरे को लेकर हिन्दू संगठनों ने जमकर हंगामा कर दिया था। हिन्दू संगठनों ने यहां मंदिर होने के दावा करते हुए पूजा पाठ की घोषणा की थी, जिसके बाद वो बड़ी संख्या में लाठी-डंडे लेकर यहां पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने मकबरों में स्थित मजारों को भी नुक़सान पहुंचाया। पुलिस ने इस मामले में 10 नामजद और 150 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इन आरोपियों में समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष पप्पू सिंह चौहान का नाम भी शामिल था। पप्पू सिंह भी घटना के समय हिंदू संगठनों के साथ मौजूद थे। मकबरे में तोड़फोड़ मामले में सपा नेता का नाम आने बाद पार्टी की ओर से त्वरित कार्रवाई की गई और पप्पू सिंह को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। सपा ने बयान जारी करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति जो भाजपाई मानसिकता का है और पार्टी विरोधी गतिविधियों में सलिंप्त है।

## 40 ठाकुर विधायकों ने लखनऊ के 5 स्टार होटल में क्यों की मीटिंग? एमएलए ने बताई वजह



लखनऊ, 13 अगस्त (एजेंसियां)। यूपी विधानसभा का मानसून सत्र सोमवार से चल रहा है। इस वजह से प्रदेश के लगभग सभी विधायक लखनऊ में हैं। इस बीच खबर है कि प्रदेश के करीब 40 ठाकुर विधायकों ने लखनऊ के एक फाइव स्टार होटल में मीटिंग की है। इस मीटिंग में सपा के कुछ बागी विधायक भी शामिल हुए। सबसे बड़ी बात यह रही कि ठाकुर विधायकों की मीटिंग में राजा भैया भी शामिल हुए। मीटिंग में ज्यादातर विधायक बीजेपी के थे। बता दें कि उत्तर प्रदेश में सभी पार्टियों को मिलाकर कुल 49 ठाकुर विधायक हैं। इनमें से लगभग 40 ने इस बैठक में हिस्सा लिया।

जानकारी के मुताबिक, बीजेपी और समाजवादी पार्टी के बागी ठाकुर विधायकों की डिनर मीटिंग हुई। डिनर मीटिंग मुरादाबाद के कुंदरकी से बीजेपी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह और एमएलसी जयपाल सिंह व्यस्त ने बुलाई थी। इस डिनर पार्टी को कुटुंब परिवार नाम दिया गया। कहा जा रहा है कि कई महीने पहले तय हुआ था कि हर सत्र के दौरान ठाकुर विधायकों की डिनर बैठक होगी। दावा किया जा रहा है कि अब तक इस तरह की कई डिनर मीटिंग हो चुकी हैं।

कुटुंब प्रीतिभोज में विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह, पूर्व कैबिनेट मंत्री और विधायक जय प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री और विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैय्या, स्वतंत्र प्रभार मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, राज्यमंत्री कुंवर ब्रजेश सिंह, पूर्व एमएलसी यशवंत सिंह शामिल हुए। बैठक में सपा से निष्कासित विधायक राकेश प्रताप सिंह, अभय सिंह, भाजपा विधायक अभिजीत सांगा और एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह समेत 40 से ज़्यादा विधायक और एमएलसी शामिल हुए।

भोज में ठाकुर के अलावा कुछ अन्य जातियों के विधायक भी शामिल हुए लेकिन उनकी संख्या बहुत कम थी। डिनर पार्टी में कुछ ठाकुर एमएलसी भी शामिल थे। बैठक में शामिल विधायकों का कहना है कि ये सिर्फ कुटुंब प्रीतिभोज है। विधायक आपस में बैठकर बात करते हैं। इसमें सियासत नहीं देखनी चाहिए।

ठाकुर विधायकों की बैठक की खबर यूपी से लेकर दिल्ली तक चर्चा का विषय बनी हुई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति और मंत्रिमंडल विस्तार के मद्देनजर विधायकों की इस बैठक को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। भविष्य की राजनीति के संकेत विधानसभा सत्र के दौरान सदन के बाहर इतनी बड़ी संख्या में विधायकों और विधान परिषद सदस्यों की बैठक को उत्तर प्रदेश की भविष्य की राजनीति से भी जोड़कर देखा जा रहा है।

## पुलिस ने जारी की चौंकाने वाली रिपोर्ट

### 64 हजार लोगों को मिली सिर्फ छह महीने की सजा कितनों को मिली उम्रकैद

पटना, 13 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार पुलिस ने इस साल की पहली छमाही में जिन मामलों का निष्पादन किया है, उनमें 64 हज़ार से ज़्यादा अभियुक्तों को सज़ा सुनाई गई है। इनमें से तीन को मौत की सज़ा सुनाई गई है जबकि 601 को आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई गई है। वहीं, 307 अभियुक्तों को दस साल से ज़्यादा, 760 अभियुक्तों को दस साल से कम और 1284 अभियुक्तों को दो साल तक की सज़ा सुनाई गई है। इसके अलावा 61 हज़ार 143 अभियुक्तों को जुर्माना लेकर या मुचलका भरवाकर रिहा किया गया है। डीजीपी विनय कुमार ने बताया कि लंबित मामलों के निष्पादन और दोषसिद्धि दर बढ़ाने के लिए पुलिस अधिकारियों से लेकर डॉक्टरों तक की गवाही कराने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। इसके लिए ऑनलाइन माध्यम भी अपनाया जा रहा है। पुलिस मुख्यालय की रिपोर्ट के अनुसार, मौत की सज़ा पाने वाले तीन अपराधियों में से दो मधुबनी और एक कटिहार का है। पटना ज़िले में सबसे ज़्यादा 35 अपराधियों को आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई गई है। इसके बाद छपरा 34, मधेपुरा 33, शेखपुरा 32, बेगूसराय 31 जैसे जिले शामिल हैं।

10 साल से ज़्यादा की सज़ा पाने वालों में सबसे ज़्यादा 20 लोग भोजपुर से हैं। इस साल सबसे ज़्यादा 56,897 अभियुक्तों को शराबबंदी क़ानून के तहत सज़ा सुनाई गई है। इसके अलावा, हत्या के 611, आर्म्स एक्ट के 231 और बलात्कार के 122 मामलों में सज़ा सुनाई गई है। मादक पदार्थों की तस्करी के मामलों में 284, पॉक्सो एक्ट के 154 और एससी-एसटी एक्ट के 151 अपराधियों को सज़ा सुनाई गई है।

## बल्ले से बच्ची को मारती थी मेड? बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश हुए परिजन

नोएडा, 13 अगस्त (एजेंसियां)। नोएडा के एक 'डे-केयर' सेंटर में 15 माह की बच्ची के साथ क्रूरता के मामले में पीड़िता को लेकर उसके माता-पिता बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के समक्ष पेश हुए और समिति ने पुलिस को प्राथमिकी में किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम की धाराएं जोड़ने को कहा। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सीडब्ल्यूसी के अध्यक्ष के।सी। विरमानी ने बताया कि बच्ची के परिजन मंगलवार को उसे लेकर आए और उन्होंने घटना व मेडिकल जांच के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 'अपार्टमेंट ओनर एसोसिएशन' से भी परिसर के अंदर 'डे-केयर' के संचालन से संबंधित जानकारी ली गई है। यह घटना चार अगस्त को नोएडा के सेक्टर 137 स्थित 'ब्लिपी' नाम के 'डे-केयर' सेंटर में हुई। बच्ची की मां मोनिका की शिकायत पर इस मामले में 'डे-केयर सेंटर' प्रमुख और एक सहायिका के खिलाफ गत सप्ताह बृहस्पतिवार को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस ने सात अगस्त को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया और उसके बाद नाबालिग सहायिका को हिरासत में ले लिया गया। सहायिका को हिरासत में लिए जाते समय समय पुलिस ने बताया था कि वह नाबालिग है और उसे किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश करने के बाद सुधार गृह भेजा गया,

## योगी आदित्यनाथ ने 'हर घर तिरंगा' अभियान की शुरुआत की, राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक बताया

लखनऊ, 13 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को 79वें स्वतंत्रता दिवस से पहले राज्य की राजधानी में 'हर घर तिरंगा' अभियान की शुरुआत की और इसे राष्ट्रीय गौरव तथा स्वतंत्रता सेनानियों, क्रांतिकारियों और सैनिकों के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक बताया। स्वतंत्रता दिवस से दो दिन पहले कालिदास मार्ग पर आयोजित इस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक सहित राज्य के कई गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। जनसमूह को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देशभक्ति के संदेश को घर-घर पहुँचाने के आह्वान के अनुरूप आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा, 'हमारा देश आज़ादी के 78 वर्ष पूरे कर रहा है और अमृत काल में प्रवेश कर चुका है। प्रत्येक भारतीय को संविधान, राष्ट्रीय प्रतीकों, महान क्रांतिकारियों और विभूतियों के प्रति सम्मान और समर्पण का भाव रखना चाहिए। पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री के आह्वान पर, राष्ट्रवाद की यह भावना घर-घर पहुंच रही है और हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से हम इसे फलते-फूलते देख रहे हैं।' मुख्यमंत्री ने कहा कि तिरंगा यात्रा केवल एक मार्च नहीं है, बल्कि भारत माता, महान नेताओं, क्रांतिकारियों और वीर सैनिकों के प्रति कृतज्ञता की अभिव्यक्ति भी है।



# ‘पाकिस्तान की भाषा बोलते हैं कांग्रेसी’

## सीएम भजनलाल बोले- कुचलना होगा देश तोड़ने वाले आस्तीन के सांपों का फन



जयपुर, 13 अगस्त (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ‘विभाजन विभीषिका’ को दुनिया की सबसे बड़ी त्रासदी बताते हुए कहा कि यह दंश भूलने वाला नहीं है। मौजूदा और आने वाली पीढी. को भी यह बताना है कि कुछ स्वार्थी लोगों ने हमारे देश को विभाजन में झोंक दिया।

हम कभी नहीं भूलेंगे कि कांग्रेस के नेतृत्व में इस देश का बंटवारा हुआ। यह विभीषिका कुर्सी के लिए थी।

सीएम बिड़ला सभागार में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर आयोजित ‘भारत के विभाजन का सच’ कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि देश विरोधी ताकतें जहां भी हो, जो देश को तोड़ने की बात करते हैं। उस समय उनको जवाब देना चाहिए। ऐसे आस्तीन के सांपों को मुंह उठाने से पहले ही उनका फन कुचल देना चाहिए।

**पाकिस्तान की भाषा बोलते हैं कांग्रेसी**

सीएम ने कहा कि कांग्रेस और उनके नेता राहुल गांधी पहले वोटिंग मशीन पर सवाल उठाते थे, अब वोटर लिस्ट पर आ गए। उन्हें समझना चाहिए कि देश आरोप से नहीं, काम करने से चलता है। कांग्रेसी तो पाकिस्तान की भाषा बोलते हैं।

**विस्थापित होकर भारत आए स्थानीय लोगों का किया सम्मान**

सीएम ने विस्थापित होकर भारत आए स्थानीय लोगों का सम्मान किया। संयोजक अशोक परनामी, शहर अध्यक्ष अमित गोयल ने भी संबोधन दिया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी व प्रेमचंद बैरवा, सहकारिता मंत्री गौतम दक, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, मंत्री के. के विश्नोई, भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेन्द्र राठौड़ आदि मौजूद थे।

**ट्रंप साहब चिंता मत कीजिए, भारत के लोग आने वाले हैं**

सीएम ने कहा कि भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। अमरीका तो शुरू से कह रहा है कि अगर भारत के लोग आ गए तो...। ट्रंप साहब, आप चिंता मत कीजिए, ये तो आने वाले हैं।

सीएम भजनलाल ने लोगों से स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इसी से देश की मजबूती बढ़ेगी।

# 17 अगस्त तक भारी बारिश का अलर्ट



जयपुर, 13 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान में एक बार फिर मानसून सक्रिय होने वाला है। नए वेदर सिस्टम एक्टिव होने से प्रदेश में कल (गुरुवार) से झमाझम बारिश का दौर शुरू होने वाला है। मौसम विभाग की मानें तो कुछ जगहों पर भारी बारिश हो सकती है।

मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि 14 अगस्त के बाद बंगाल की खाड़ी से आने वाली पूर्वी हवाएं सक्रिय होने से पूर्वी राजस्थान में 15 अगस्त से और पश्चिमी राजस्थान के कुछ भागों में 16 अगस्त से बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने की संभावना है। विभाग के अनुसार कोटा संभाग के कुछ भागों में 15 अगस्त को व कोटा, उदयपुर संभाग में 16 अगस्त को कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना है।

**14 अगस्त को यहां होगी बारिश**

मौसम केंद्र जयपुर के मुताबिक 14 अगस्त को बांसवाड़ा, बारां, भरतपुर, बूंदी, चित्तौड़गढ़, धौलपुर, डूंगरपुर, झालावाड़, करौली, कोटा, प्रतापगढ़, सवाई माधोपुर और उदयपुर में मेघगर्जन व व्रजपात के साथ बारिश की संभावना है।

**15 अगस्त को यहां बारिश होने की संभावना**

मौसम केंद्र जयपुर के मुताबिक 15 अगस्त को अलवर, बांसवाड़ा, बारां, भरतपुर, भीलवाड़ा, बूंदी, चित्तौड़गढ़, दौसा, धौलपुर, डूंगरपुर, झालावाड़, करौली, कोटा, प्रतापगढ़, राजसमंद, सवाई माधोपुर, सिरोही, टोंक और उदयपुर में मध्यम से तेज बारिश होने की संभावना है।

**16 अगस्त को इन जिलों में बारिश का अलर्ट**

16 अगस्त को अजमेर, अलवर, बांसवाड़ा, बारां, भीलवाड़ा, बूंदी, चित्तौड़गढ़, दौसा, डूंगरपुर, जयपुर, झालावाड़, झुंझुनूं, कोटा, प्रतापगढ़, राजसमंद, सवाई माधोपुर, सीकर, सिरोही, टोंक, उदयपुर, जालोर, जोधपुर, नागौर और पाली में मेघगर्जन व व्रजपात के साथ बारिश की संभावना है।

**17 अगस्त को इन जिलों में बारिश का येलो अलर्ट**

17 अगस्त को अजमेर, बांसवाड़ा, बारां, भीलवाड़ा, बूंदी, चित्तौड़गढ़, डूंगरपुर, झालावाड़, कोटा, प्रतापगढ़, राजसमंद, सिरोही, टोंक, उदयपुर, बाड़मेर, जैसलमेर, जालोर, जोधपुर और पाली में मेघगर्जन व व्रजपात के साथ बारिश की संभावना है।

# कांग्रेस का हल्ला-बोल, वोटर लिस्ट गड़बड़ी के विरोध में पैदल मार्च

जयपुर, 13 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान की राजधानी जयपुर में बुधवार को वोटर लिस्ट में कथित गड़बड़ियों के खिलाफ कांग्रेस पार्टी ने विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में आयोजित इस पैदल मार्च में पार्टी के दिग्गज नेता और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान 'वोट चोर, गद्दी छोड़' के नारे गूंजे।

इस पैदल मार्च में पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खत्री सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने इस आंदोलन में हिस्सा लिया। हालांकि, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पीसीसी कार्यालय तो पहुंचे, लेकिन वे पैदल मार्च में शामिल नहीं हुए।

पैदल मार्च में बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भी भागीदारी रही, जिसेस प्रदर्शन को और मजबूती मिली। शहीद स्मारक की ओर बढ़ते हुए कार्यकर्ताओं ने निर्वाचन आयोग से वोटर लिस्ट में हुई कथित अनियमितताओं पर स्पष्ट जवाब मांगा।

सचिन पायलट ने वोटर लिस्ट में कथित गड़बड़ियों को कहा कि राहुल गांधी ने वोटों की अनियमितताओं के ठोस सबूत पेश किए हैं, जिनका जवाब निर्वाचन आयोग को देना चाहिए। पायलट ने कहा कि हम जनता को जागरूक करेंगे और वोट चोरी को रोकने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। मतदान प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करनी होगी ताकि प्रत्येक नागरिक को अपने वोट का अधिकार मिले। उन्होंने आरोप लगाया कि ईडी, सीबीआई जैसी संवैधानिक संस्थाएं सरकार के दबाव में काम कर रही हैं, लेकिन जनता सच्चाई के साथ है और कांग्रेस के साथ खड़ी है।

## गहलोत बोले- यह मामला संदिग्ध

**यह सारा मामला संदिग्ध है- गहलोत**

वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, शरद पवार और अखिलेश यादव ने दिल्ली में जो प्रदर्शन किया, उसने पूरे देश में यह संदेश दिया है कि वोटों की चोरी का खेल चल रहा है। राहुल गांधी ने आंकड़ों के साथ अपनी बात रखी, लेकिन निर्वाचन आयोग उनसे हलफनामा मांग रहा है। यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। बिहार में 60 लाख वोट काटे गए, लेकिन एक भी वोट जोड़ा नहीं गया। यह सारा मामला संदिग्ध है।




**सत्ता पर काबिज लोग कुर्सी छोड़ें- डोटासरा**

पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि दिल्ली में मौजूदा सरकार वोट चोरी के दम पर सत्ता में आई है। डोटासरा ने दावा किया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ठोस सबूतों के साथ यह साबित कर दिया है कि केंद्र की सत्ता फर्जी वोटों के जरिए हासिल की गई है। उन्होंने मांग की कि वोट चोरी के जरिए सत्ता पर काबिज लोग तुरंत अपनी कुर्सी छोड़ें।

डोटासरा ने कहा कि दोहरी रणनीति के तहत लोकतंत्र को कमजोर किया जा रहा है। एक ओर फर्जी वोटों के जरिए सत्ता हथियाई जा रही है, तो दूसरी ओर विपक्ष के समर्थक मतदाताओं को वोटर लिस्ट से हटाया जा रहा है। यह एक दोहरी तलवार है, जिसका मकसद विपक्ष को सत्ता से दूर रखना है। उन्होंने भाजपा पर 'साम, दाम, दंड, भेद' की नीति अपनाने का आरोप लगाया, ताकि विपक्ष किसी भी तरह सत्ता में न आ सके।

**शहीद स्मारक पर विरोध भी हुआ**

बताते चलें कि पैदल मार्च के दौरान जयपुर के शहीद स्मारक पर पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को उस समय विरोध का सामना करना पड़ा, जब वहां पहले से लगे एक पोस्टर को लेकर बहस छिड़ गई। यह पोस्टर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी नेता हनुमान बेनीवाल की ओर से सब इंस्पेक्टर भर्ती रद्द करने की मांग को लेकर लगाया गया था। कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा पोस्टर हटाने की कोशिश का वहां बैठे आरएलपी कार्यकर्ता विकास विधूड़ी और लादू राम ने विरोध किया। इस मुद्दे पर दोनों पक्षों में नोकझोंक भी हुई, लेकिन स्थिति को पुलिस और वरिष्ठ नेताओं ने संभाल लिया।

**राष्ट्रीय स्तर पर उठाया जा रहा है ये मुद्दा**

बताते चलें कि कांग्रेस का यह प्रदर्शन वोटर लिस्ट में कथित गड़बड़ियों को लेकर जनता के बीच जागरूकता फैलाने और निर्वाचन आयोग पर दबाव बनाने के लिए किया गया है। बता दें कांग्रेस पार्टी ने इस मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने का निर्णय लिया है। प्रदर्शन में शामिल कार्यकर्ताओं का कहना था कि वे तब तक चुप नहीं बैठेंगे, जब तक वोटर लिस्ट की गड़बड़ियों का सच सामने नहीं आ जाता।

# रास्ते के विवाद में खूनी संघर्ष

## कुल्हाड़ी से वार कर किसान की हत्या

### *6 लोग अस्पताल में भर्ती*

जयपुर, 13 अगस्त (एजेंसियां)। जयपुर जिले के मौजमाबाद थाना क्षेत्र के धमाना ग्राम पंचायत में रास्ते के विवाद ने जानलेवा रूप ले लिया। किसान बजरंग कसवां (50) और पड़ोसी रामेश्वर डूडी के परिवार के बीच लंबे समय से रास्ते को लेकर तनातनी चल रही थी।

थानाधिकारी उमराव सिंह के अनुसार दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हुई जो जल्द ही हिंसक झगड़े में बदल गई।

देखते ही देखते दोनों ओर से लोग लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी लेकर आ गए और एक-दूसरे पर हमला कर दिया। संघर्ष के दौरान बजरंग कसवां के सिर पर कुल्हाड़ी का वार हुआ, जिससे वह लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े।

गंभीर चोट लगने के बावजूद झगड़ा थमा नहीं और घायल किसान को लाठी-डंडों से पीटा जाता रहा।

पुलिस को सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल भिजवाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद 6 घायलों को छुट्टी दे दी गई, जबकि बजरंग को गंभीर हालत में एसएमएस हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दोनों पक्ष मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया है और मामले में दोनों पक्षों के कई लोगों को डिटेन किया है।

# एलपीजी सिलेंडर ब्लास्ट से हड़कंप

## आग और अफवाह से दहशत का माहौल

जयपुर, 13 अगस्त (एजेंसियां)। राजधानी जयपुर के जगतपुरा इलाके में बुधवार सुबह एक कैफे में हुए एलपीजी सिलेंडर ब्लास्ट से हड़कंप मच गया। तेज धमाके से फटे सिलेंडर के बाद कैफे और आसपास की इमारतों में आग लग गई वहीं कैफे के बाहर खड़े कुछ वाहन भी जलकर खाक हो गए। दमकल ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। घटना में किसी के हताहत होने की फिलहाल सूचना नहीं है। जगतपुरा इलाके के एक कैफे में हुए तेज धमाके से आसपास के रहवासी सहम गए। तेज धमाके के बाद आग फैलने से आसपास के घरों में रहने वाले लोग घर छोड़कर भाग छूटे। बताया जा रहा है कि कैफे में खाने की तैयारी के दौरान एलपीजी लीक होने के बाद सिलेंडर ने आग पकड़ ली और वह तेज धमाके के साथ फट गया। आग में कैफे जलकर खाक हो गया। कैफे में कुछ कर्मचारियों के फंसे होने की सूचना थी लेकिन पुलिस ने इसे अफवाह बताया है। सिलेंडर ब्लास्ट के बाद आग लगने और धुएं का गुबार उठने से आसपास की इमारतों पर भी धुएं की कालिख जमी नजर आई। स्थानीय निवासियों के अनुसार पहले तो उन्होने किसी पटाखे के चलने का अनुमान लगाया लेकिन घर से बाहर निकलने पर आग का दावानल नजर आया। आग और धुएं को देखकर लोग दहशत में आ गए। सूचना मिलने पर पुलिस और दमकल मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई जिसे हटाने के लिए पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। दमकल ने आग पर समय रहते काबू पाया लिया नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। आग से कैफे के बाहर खड़ी एक कार और कुछ दुपहिया वाहन जलकर खाक हो गए।

# विधानसभा में बाबू की नौकरी के नाम पर ठगे 9 लाख

## व्हाट्सएप पर फर्जी अपॉइंटमेंट लेटर भी दिया

नागौर, 13 अगस्त (एजेंसियां)। बेरोजगार और पैसों के लालच में आने वाले लोग अक्सर शातिर ठगों का शिकार हो जाते हैं। नागौर में एक ऐसा ही मामला सामने आया है, जिसमें 22 वर्षीय युवक को विधानसभा में बाबू की नौकरी का झांसा देकर 9 लाख रुपए की ठगी की गई। पीड़ित की शिकायत पर सदर थाना पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गोगानाडा निवासी रामसिंह पुत्र सुखसिंह राजपूत ने रिपोर्ट दी कि वह बेरोजगार है और नौकरी की तलाश में था। जयपुर में खेल की तैयारी के दौरान उसकी मुलाकात जयपुर के शिव विहार कॉलोनी निवासी रणवीरसिंह शेखावत और शिवाजी नगर निवासी राजकुमार सिंह तंवर से हुई। दोनों ने उसे भरोसा दिलाया कि वे विधानसभा में नौकरी लगवा सकते हैं, खासकर उन लोगों की जिनके पास खेल प्रमाण पत्र हो। आरोपियों ने 6 मार्च 2022 को रामसिंह के गांव पहुंचकर उसके शैक्षणिक व खेल संबंधी दस्तावेज देखे और नौकरी दिलाने के बदले उन्होंने 9 लाख रुपए की मांग की। इसके साथ ही ये आश्वासन भी दिया कि नौकरी नहीं लगने पर ब्याज सहित पूरी राशि लौटा दी जाएगी।

उसी दिन रामसिंह ने आरोपियों को 2 लाख 87 हजार रुपए नकद दे दिए। इसके बाद आरोपियों ने विधानसभा के लेटरपैड पर बना क्लर्क की पोस्ट का फर्जी अपॉइंटमेंट लेटर पीड़ित को व्हाट्सएप किया, जिससे उसे उन पर भरोसा हो गया। आरोपियों ने उससे 500 रुपए का खाली स्टाम्प पेपर और दो खाली चेक भी लिए। फिर अलग-अलग तारीखों में ऑनलाइन पैसे मंगवाते रहे और इस तरह से कुल 9 लाख रुपए हड़प लिए।

# पंचायत प्रशासक के भाई पर दिनदहाड़े लाठी-चाकू से हमला

## आठ नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

राजसमंद, 13 अगस्त (एजेंसियां)। राजसमंद में दिनदहाड़े 5 बदमाशों ने ग्राम पंचायत प्रशासक के भाई पर लाठी और चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना नाथद्वारा के लालबाग स्थित शॉपिंग मॉल के बाहर करीब साढ़े 3 बजे हुई। हमलावरों ने बीच सड़क युवक को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। घायल को ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां से उसे गंभीर हालत में उदयपुर रैफर कर दिया गया। सीसीटीवी फुटेज में आरोपी युवक मुकेश गायरी पुत्र देवीलाल गायरी पर हमला करते नजर आ रहे हैं।

सूचना मिलते ही सीआई मोहन सिंह और डीएसपी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और हमलावरों की तलाश शुरू कर दी।

थानाप्रभारी मोहन सिंह के अनुसार घायल मुकेश गायरी ग्राम पंचायत गुंजोल के प्रशासक किशन गायरी का भाई है। वारदात में शामिल आरोपी और पीड़ित दोनों गायरी समाज से हैं। पीड़ित पक्ष ने 8 नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस का कहना है कि एक बर्थडे पार्टी में दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था, जिसकी रिपोर्ट पहले ही नाथद्वारा थाने में दर्ज है। उसी रंजिश के चलते हमला किया गया।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी राजपुरा 007 गैंग से जुड़े हैं, जो पहले भी अवैध गतिविधियों में लिप्त रहे हैं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उनकी तलाश कर रही है।

# इंदिरा गांधी नहर में डूबने से 3 की मौत

बीकानेर, 13 अगस्त (एजेंसियां)। बीकानेर के कोडमदेसर तालाब क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ, जिसमें इंदिरा गांधी नहर में नहाने गए तीन दोस्तों- राम व्यास (17), करण (15) और लक्की (15) की डूबने से मौत हो गई। तीनों दोस्त एक ही बाइक पर सवार होकर भैरूजी मंदिर दर्शन के लिए गए थे और लौटते समय नहर में नहाने के लिए रुक गए। गहराई का अंदाजा न होने के कारण तीनों पानी में डूब गए। इस हादसे के बाद तीनों परिवारों में मातम छा गया। बता दें करण और लक्की दसवीं कक्षा के छात्र थे, दोनों स्कूल से मार्कशीट लेने के लिए घर आए थे। दोनों पड़ोसी थे और एक ही स्कूल में पढ़ते थे। स्कूल में दसवीं बोर्ड के फॉर्म भरने के लिए मार्कशीट की जरूरत थी, जिसके लिए उन्हें घर भेजा गया था। घर पहुंचने के बाद दोनों ने बैग रखा और बिना किसी को बताए अपने दोस्त राम व्यास के साथ भैरूजी मंदिर दर्शन के लिए निकल गए। राम व्यास दूध बेचने का काम करता था और तीनों एक ही मोहल्ले के रहने वाले थे। गजनेर थानाधिकारी चंद्रजीत सिंह भाटी ने बताया कि तीनों दोस्त एक बाइक पर सवार होकर कोडमदेसर स्थित भैरूजी मंदिर गए थे। दर्शन के बाद लौटते समय वे इंदिरा गांधी नहर के पास रुक गए और नहाने का फैसला किया। उन्होंने अपने जूते, मोबाइल और कपड़े नहर के किनारे रखे और पानी में उतर गए। नहर की गहराई का अनुमान न होने के कारण तीनों डूब गए। कुछ देर बाद राहगीरों की नजर किनारे खड़ी बाइक, जूतों और मोबाइल पर पड़ी, जिसके बाद उन्होंने नहर में डूबने की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी।

# तेज थी रफ्तार, नहीं लगा पाए ब्रेक

## भीषण बाइक हादसे में 2 की मौत

भरतपुर, 13 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान के नगर कस्बे के अलवर रोड पर एक होटल के पास दो बाइकों के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर में दोनों चालकों की मौत हो गई, जबकि माता व तीन वर्षीय पुत्री को मामूली चोटें आई। हादसे के बाद सड़क पर बाइकों के टुकड़े और खून के धब्बे बिखरे पड़े थे।

जानकारी के अनुसार शहजाद पुत्र शब्बो मेव निवासी साहडोली, थाना बगड़ तिराहा पत्नी सरमीना और तीन वर्षीय पुत्री के साथ फतेहपुर कलां में रिश्तेदारी से बाइक से अपने गांव लौट रहा था। इसी दौरान सामने से राहुल मीना (27) पुत्र तेजसिंह निवासी बुचाका, थाना जालूकी नगर की ओर अपनी बाइक से आ रहा था। इस बीच अलवर रोड पर होटल के पास दोनों बाइकों में आमने-सामने से टक्कर हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों की रफ्तार तेज थी और कोई भी समय रहते ब्रेक नहीं लगा सका। टक्कर में बाइकों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े। हादसे में शहजाद की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल राहुल मीना को 108 एंबुलेंस से नगर चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया। परिजन उसे अलवर ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में उनकी भी मौत हो गई। शहजाद की पत्नी सरमीना और बेटी को हल्की चोटें आईं।

# महिला समेत बेटा-बेटी की हुई दर्दनाक मौत

## सर्पदंश ने ले ली तीनों की जान

बारां, 13 अगस्त (एजेंसियां)। बारां के केलवाड़ा थाना क्षेत्र के महोदरा गांव रक्षाबंधन मनाने आई महिला को क्या पता था कि यह उसका आखिरी त्योहार होगा। वह तो अपनी ससुराल जाने को तैयार थी, मगर बच्चों की नाना-नानी के यहां रुकने की जिद के आगे मजबूर हो गई और अपने पीहर में ही एक-दो दिन रुकने का मानस बना लिया। मगर नियति को कुछ और ही मंजूर था। इस बीच सांप के डसने से उसकी और उसके दोनों बच्चों की मौत हो गई। तड़के यह हादसा हुआ। इसमें पिंकी पत्नी बृजेश चंदेल (28) निवासी आकोदा कोलारस जिला शिवपुरी, बेटा प्रिंस (8), बेटी नेहा (5) की सर्पदंश से मौत हो गई। एक ही बिस्तर पर सो रही मां-बेटा-बेटी को सांप ने डस लिया। इसका पता चलने पर मृतका के पिता एवं परिजनों ने सर्प को वहीं पर मार दिया। इसके बाद ग्रामीणों की मदद से तीनों को केलवाड़ा अस्पताल लाया गया। यहां पर चिकित्सकों ने जांच कर तीनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों में पिंकी, प्रिंस और नेहा शामिल हैं। सूचना पर केलवाड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद ग्रामीणों की मदद से उसे देसी इलाज करने के लिए पास के ही सिरसौद गांव ले गए। वहां पर उनको झाड़ा दिलवाया गया। इस दौरान वहां तीनों बेहोश हो गए। हालत गंभीर होने पर तीनों को केलवाड़ा अस्पताल लाया गया। यहां पर चिकित्सकों ने जांच कर तीनों को मृत घोषित कर दिया। डॉ. ने बताया कि यह सांप कॉमन करैत प्रजाति का है। परिजनों का कहना है कि सांप ने बच्चे की उंगली और बच्ची के पैर पर काटा है, जबकि पिंकी को कहां पर डसा, इसका पता नहीं चल सका।

# चेन लुटेरे ने बुजुर्ग महिला के मुंह पर मारे मुक्के

## *हिम्मत दिखाई तो आंख में डाल दिया मिर्च पाउडर*



जयपुर, 13 अगस्त (एजेंसियां)। राजधानी में चेन लुटेरों ने एक दिल दहला देने वाली घटना को अंजाम दिया। लुटेरों ने महिला को निशाना बनाकर न केवल चेन लूटी, बल्कि उसे गंभीर चोटें भी पहुंचाईं। वारदात महेश नगर के एस ब्लॉक में हुई। पीड़ित महिला ने महेश नगर थाने में इस संबंध में रिपोर्ट दी है।

एस ब्लॉक निवासी 68 वर्षीय राज खण्डेलवाल करीब 8 बजे घर के नजदीक शिवशक्ति मंदिर में दर्शन कर पैदल घर लौट रही थीं। कॉलोनी में मोड़ पर घर की तरफ घूमी, तभी पहले से वहां खड़े लुटेरे ने पीछे से उनको पकड़ लिया।

**आंख में डाला मिर्च पाउडर**

इस दौरान लुटेरे ने महिला के गले में पहनी हुई चेन को पकड़ने का प्रयास किया। चेन की तरफ युवक को लपकता देख राज खण्डेलवाल ने चेन को कसकर पकड़ लिया। तभी लुटेरे ने कपड़े में से मिर्च पाउडर निकालकर बुजुर्ग पीड़िता की आंखों में डाल दिया।

# भगवान भोलेनाथ भक्तों का भला अवश्य करते हैं : पंडित प्रदीप मिश्रा







हैदराबाद, 12 अगस्त (14 अगस्त)। आप सब भाग्यनगर के भाग्यशाली श्रोता हैं कि यहां भगवान शिव की यह पावन महापुराण की कथा आपको सुनने को मिल रही है। इतनी बडी भीड का श्रद्धालुओं का इकट्ठा होना ही यह साबित करता है कि यहां के लोग भगवान शिव के कितने बडे भक्त हैं। भगवान शंकर की कथा सुनने से सारे दैहिक-दैविक और भौतिक पाप व ताप अपने आप दूर हो जाते हैं। जिस पर भगवान भोले की कृपा हो जाए तो उसका भला होने से कोई रोक नहीं सकता।

उक्त उद्गार है परम शिवभक्त एवं अंतरराष्ट्रीय कथावाचक भावगत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा के। सीहोर वाले बाबा के नाम से मशहूर पंडित जी ने कहा कि धन्य है भाग्यनगरी और यहां के लोग जिन्हें भगवान शिव की कथा सुनने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। सब भाग्यनगर में रहने वाले इतना शुभ श्रवण सुनने के लिए आए हैं उन पर शिवजी की कृपा जरूर बरसेगी।

पंडित जी ने कहा कि गोपाल जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं जिनके माध्यम से यह कथा आज भाग्यनगर में शमशाबाद की पवित्र धरा पर आयोजित की जा रही है। यह सब महादेव की कृपा के बगैर संभव नहीं हो सकता। भाग्यनगर में रहने वाले आप सभी भाग्यशालियों पर भी महादेव कृपा ऐसे ही बरसती रहे।

पंडित मिश्रा ने बताया कि गोपाल जी कल कह रहे थे गुरुजी हैदराबाद में इतना पानी कभी नहीं आया, जितना अभी गिर रहा है।

जो पानी अभी गिर रहा है और शिव महापुराण में इतना पानी आ रहा है इसमें व्यवस्था कैसे दुरुस्त रह सकेगी। तो हमने उनसे कहा कि हैदराबाद वालों ने जितना जल शिवजी को चढ़ाया है वही तो वह रिटर्न कर रहे हैं। भोलेनाथ भक्तों का कर्ज अपने पास नहीं रखते, इसलिए जितना जल चढ़ाया गया है उसे ब्याज सहित लौटा रहे हैं। लेकिन इस बात की गारंटी है कि वे नुकसान कुछ नहीं होने देंगे। भक्तों को कोई परेशानी भी नहीं आएगी। इतना सुंदर आयोजन होगा कि लोगों बहुत दिनों तक इसे याद रखेंगे। पंडित मिश्रा ने कहा कि शिव महापुराण की कथा स्वयं शंकर भगवान माता पार्वती जी से कहते हैं पार्वती चलो मैं तुम्हें अमरनाथ की गुफा में लेकर चलता हूं वहां क्या करना पड़ेगा।

सीहोर वाले बाबा ने कहा तब भगवान शिव ने कहा भगवान का नाम सुनेंगे। तब वहां मां पार्वती ने अमर कथा सुनने का प्रयास किया। आश्रम में जाकर भगवान शंकर सती जी को कथा सुनने के लिए ले गए। माता उमा ने जब भगवान महेश भगवान के साथ महाकाल रात्रि को कथा सुनी।

बैकुंठ में कोई कथा करें तो भगवान नारायण से पूछा जाए कि हम कहां बैठकर करें। तब उन्हें कहा गया कि ब्रह्म लोक में करें। तो ब्रह्मा जी से पूछा जाए पर मृत्यु का नारा है आवाज नहीं आई जरा दमदारी से बोलो सारी समस्या का हाल का ब्रह्मा जी का मृत्यु लोक पर कहीं तक करना है मृत्यु लोक पर अगर कहीं तक साधना करना है तो भगवान शंकर जी से कहते हैं कि भगवान भोलेनाथ जी आप बताओ एक कम करो तिरुमला के शिखर पर भगवान नारायण अंबेडकर कपिलेश्वर महादेव के रूप में ऐसा कोई भगवान नारायण का तीर्थ बता दो डिनर जाएंगे केदारनाथ जी का दर्शन करने के लिए नाथद्वारा जाएंगे एकलिंग जी हैं जा जगन्नाथ जी जाएंगे महाबलेश्वर है द्वारका जी जाएंगे नागेश्वर नाथ जी हैं मेरे नारायण भगवान वाले हम शंकर जी का नाम नहीं लेंगे हम कृष्णा वाले हम शिवजी का नाम नहीं लेंगे हम शिवा वाले हम नारायण का नाम नहीं लेंगे खाओगे तो पेट में खाओगे तो पेट में जाएगी तुम्हारा मन पड़े राम कहो तुम्हारा मन पड़े कृष्ण कहो तुम्हारा मन पड़े शिव कहो तुम्हारा मन पड़े दत्त कहो तुम्हारा मन पड़े उसका भजन करते हो जिनका स्मरण करते हो उसको उतना जरूर याद रखो।

इस धर्मसभा के आयोजनकर्ता ब्रिजगोपाल - दीपाली भूतडा गौरव, अलोक भूतडा ने बताया कि बाबा जी का कथा 17 अगस्त तक जारी रहेगी। उन्होंने भक्तों से बडी से बडी संख्या में कथा श्रवण की अपील की है ताकि भोलेनाथ की कृपा सब पर बनी रहे।

# मनोदशा बदलकर गृहस्थ संत बन जाएं

हैदराबाद, 12 अगस्त (14 अगस्त)। जो व्यक्ति मन में किसी के प्रति वैर-विरोध या थोड़ी-सी भी प्रतिशोध की भावना रखता है उसके सारे धर्म-कर्म-पुण्य निष्फल हो जाते हैं। धर्म की नींव है टूटे हुए दिलों को जोडऩा एवं जुडऩा। जो धर्म इसके विपरीत करता है वह धर्म नहीं मानवता के नाम पर कलंक है।अपरिचित व्यक्ति से क्षमायाचना करना आसान है, पर आपस में कोर्ट केस चलने वाले दो लोगों के द्वारा आपस में क्षमायाचना करना तीस उपवास करने से भी बड़ी तपस्या है। हमसे उससे क्षमा मांगे जिससे हमारी बोलचाल नहीं है ऐसा करना मिच्छामी दुक्कड़म् के पत्र या एसएमएस करने से भी ज्यादा लाभकारी होगा। भगवान को आपके लड्डू-फल-मिठाईयां या रुपये नहीं, मन में पलने वाली अहंकार, गुस्सा वैर-विरोध की गांठे चाहिए ताकि वह आपको पापों से मुक्त कर सके।

राष्ट्र-संत महोपाध्याय ललितप्रभ सागर बुधवार को एग्जिबिशन ग्राउंड में आयोजित कौन सी भावना भाई कि भव से पार हो जाएं विषय पर प्रवचन दे रहे थे। उन्होंने कहा कि बड़ा वही है जो माफी मांगने के लिए दो कदम आगे बड़ा देता है। उन्होंने कहा कि हम वर्ष भर में हो चुके हिंसा, झूठ, चोरी, दुशील, परशोषण, ज्ञान व ज्ञानियों की आशातना, परमात्मा का अनादर, दूसरों का दिल दुखाना और क्रोध,मान, माया, लोभ के वशीभूत होकर हो चुके दुष्कृत्यों की आलोचना करें। सभी ने भविष्य में दुष्कृत्य न करने व अपनी आमदनी का एक हिस्सा दीन-दुखियों के नाम करने का संकल्प लिया।

उन्होंने कहा कि जीवन जीने के दो रास्ते हैं-संत जीवन और गृहस्थ जीवन। व्यक्ति संत जीवन में है या गृहस्थ जीवन में यह महत्त्वपूर्ण नहीं है बल्कि वह कैसा जीवन जी रहा है यह खास बात है। जनक, भरत, पुणिया जैसे गृहस्थ लोग भी संत की तरह जीवन जी लिया करते हैं तो कुछ संत होकर भी दुनियादारी में उलझ जाते हैं। महावीर जैसे लोग 30 साल की भरी जवानी में भी संन्यास ले लेते हैं तो दूसरी तरफ %0 साल का बूढ़ा आदमी भी मोह-माया में फँसा रह जाता है। दशरथ सिर के एक सफेद बाल देखकर वैराग्य से भर गए और यहाँ तो सिर के सारे बाल ही सफेद हो चुके हैं, पर कहीं वैराग्य की किरण भी नजर नहीं आती। भले ही हम कपड़े बदलकर संत बन पाएं कि न बन पाएं, पर मनोदशाओं को बदलकर पहले गृहस्थ संत अवश्य बन जाएं। इस अवसर पर डॉ. मुनि शांतिप्रिय सागर जी महाराज ने नवकार महामंत्र की सामूहिक प्रार्थना करवाई।

# जीएचएमसी का जन समस्याओं और उनके समाधान पर विशेष ध्यान

## जीएचएमसी मुख्यालय में स्थित नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया

हैदराबाद, 13 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। जीएचएमसी आयुक्त आर.वी. कर्णन ने कहा कि ग्रेटर हैदराबाद में भारी बारिश की मौसम विभाग की चेतावनी के मद्देनजर जीएचएमसी तंत्र किसी भी विनाशकारी स्थिति का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है। आयुक्त ने बुधवार को जीएचएमसी मुख्यालय में नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने शिकायतों की जानकारी ली। उन्होंने नियंत्रण कक्ष की गतिविधियों की समीक्षा की।

उन्होंने नियंत्रण कक्ष के कर्मचारियों को चौबीसों घंटे सतर्क रहने की सलाह दी। इस अवसर पर बोलते हुए, जीएचएमसी आयुक्त आर.वी. कर्णन ने कहा वर्तमान में, ग्रेटर हैदराबाद के जीएचएमसी क्षेत्र में मध्यम बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि आज शाम से भारी बारिश होगी। इस संबंध में, उन्होंने कहा कि जीएचएमसी कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों को मुख्यालय में रहने का आदेश दिया गया है। क्षेत्रीय आयुक्त और उपायुक्त पहले से ही क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं और स्थिति का निरीक्षण कर रहे हैं और अनियमितताओं को दूर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि निचले इलाकों के लोगों को सुरक्षित क्षेत्रों और पुनर्वास केंद्रों में स्थानांतरित किया जा रहा है।

नगर नियोजन अधिकारी जर्जर इमारतों में रहने वाले लोगों को निकाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि नागरिकों की शिकायतों का समाधान करने और क्षेत्रीय स्तर पर राहत कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से चलाने के लिए, पुलिस, हाइड्रा, बिजली, जल बोर्ड, मेट्रो रेल, सिंचाई और राजस्व विभागों के साथ समन्वय में शहर में आवश्यक निवारक उपाय किए जा रहे हैं ताकि जान-माल का कोई नुकसान न हो। उपायुक्त और स्थानीय तहसीलदार राहत कार्यों की देखरेख कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे जीएचएमसी एप्लीकेशन, नियंत्रण कक्ष और मीडिया के माध्यम से प्राप्त जन शिकायतों का त्वरित समाधान कर रहे हैं। आयुक्त ने सलाह दी कि नालों पर सुरक्षात्मक उपाय किए गए हैं और लोगों को निचले इलाकों में नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बारिश के कारण शहर में यातायात जाम होने की संभावना है। आयुक्त ने शहर के लोगों से अपील की कि वे आपात स्थिति के अलावा बाहर न निकलें। आयुक्त ने जीएचएमसी, जल बोर्ड और हाइड्रा के कर्मचारियों और लोगों को किसी भी परिस्थिति में मैनहोल न खोलने की सलाह दी। हम यातायात जाम से बचने के लिए पुलिस और हाइड्रा के साथ समन्वय कर रहे हैं। हम यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं कि यातायात बाधित न हो। उन्होंने कहा कि हमने भूमिगत पुलियों के निर्माण से जलभराव को रोका है। इससे यातायात जाम कम हुआ है। आयुक्त ने कहा कि आने वाले दिनों में और भी इलाकों में भूमिगत पुलियों का निर्माण किया जाएगा।

## लोकदेवता जाहर वीर श्री गोगाजी जन्मोत्सव 17 को

हैदराबाद, 13 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। श्री गोगा नवमी, रविवार, 17 अगस्त के पावन अवसर पर प्रतिवर्षानुसार श्री गोगाजी मन्दिर, ऐश्वर्या एग्रीप्रॉसेसर्स प्राइवेट लिमिटेड, पेद्दा अम्बरपेट में श्री गोगाजी जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा । उक्त जानकारी यहाँ जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में फकीरचन्द राजेन्द्रप्रसाद ताजपुरिया परिवार द्वारा दी गई। श्री गोगाजी जन्मोत्सव अर्न्तगत रविवार 17 अगस्त को प्रातः 5.01 बजे अभिषेक, भक्तजन प्रातः 7 बजे से सम्पूर्ण दिवस गोगाजी के दर्शन लाभ प्राप्त कर सकेंगे। सायं 6 बजे से भण्डारा तथा सायं 6.30 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया जायेगा । भजन गायक विजय जाजू अपनी बाबा श्री गोगाजी के भजन प्रस्तुत करेंगे । अवसर पर बाबा का दरबार, अखण्ड ज्योत, अनुपम श्रृंगार, अलौकिक दर्शन एवं भजन संकीर्तन मुख्य आकर्षण रहेंगे। फकीरचन्द राजेन्द्रप्रसाद ताजपुरिया परिवार ने सभी भक्तों से निवेदन किया गया है कि इस पावन अवसर पर श्री गोगाजी मन्दिर, पेद्दा अम्बरपेट पधारकर लोकदेवता जाहरवीर श्री गोगाजी के दर्शन, भजन एवं प्रसाद लाभ प्राप्त करें।

## स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम के साथ थैलेसीमिया मुक्त भारत का समर्थन

हैदराबाद, 13 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। इस स्वतंत्रता दिवस पर, अकान, ब्लड वॉरियर्स फाउंडेशन के सहयोग से 'अकान आह्वानम' प्रस्तुत कर रहा है। ब्लड वॉरियर्स फाउंडेशन हैदराबाद स्थित एक गैर सरकारी संगठन है जो जागरूकता, रोकथाम और रोगी सहायता के माध्यम से थैलेसीमिया मुक्त भारत बनाने के लिए समर्पित है। कॉर्पोरेट नेताओं, उद्यमियों, प्रभावशाली व्यक्तियों और परिवर्तनकर्ताओं को एक साथ लाते हुए, यह कार्यक्रम कला, मनोरंजन और जागरूकता गतिविधियों का मिश्रण है, जो दान देने के लिए प्रेरित करता है और थैलेसीमिया के बारे में समझ को गहरा करता है।

मेहमानों को ताज़ी, स्थानीय उपज से तैयार पारंपरिक भोजन परोसा जाएगा, जो क्षेत्रीय पाक-शैली और मौसमी विविधता का जश्न मनाएगा।

सुगंधित करी से लेकर पौष्टिक व्यंजनों तक, हर प्लट भारत की समृद्ध पाक-कला विरासत की कहानी बयां करती है। भोजन 'अपनी इच्छानुसार भुगतान करें' के आधार पर दिया जाता है, तथा प्रत्येक योगदान पूरी तरह से ब्लड वॉरियर्स फाउंडेशन की जीवन रक्षक पहलों के लिए दिया जाता है। दोपहर में इंटरैक्टिव गतिविधि क्षेत्र, लाइव संगीत, रचनात्मक कार्यशालाएं जैसे टोट बैग और कैनवास पेंटिंग, प्रतिज्ञा दीवार, जागरूकता यात्रा, और थैलेसीमिया योद्धाओं की साहस की व्यक्तिगत कहानियां शामिल होंगी।

# 780 से ज्यादा दिव्यांगों को लगाए जायेंगे निशुल्क कृत्रिम हाथ-पैर



हैदराबाद, 12 अगस्त (14 अगस्त)। दिव्यांगजनों और मानव सेवा के लिए पहचाने जाने वाले उदयपुर के नारायण सेवा संस्थान द्वारा तेलंगाना के दिव्यांगों के सेवार्थ 1% अगस्त को निःशुल्क नारायण लिम्ब एवं कैलीपर्स फिटमेंट शिविर आयोजित होगा। यह शिविर मिनर्वा-गार्डन्स,चंपापेट में 17 अगस्त को प्रातः 8:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक चलेगा। शिविर का उद्घाटन 11 बजे होगा। शिविर में केवल पूर्व चयनित दिव्यांगों को नि:शुल्क लाभ मिलेगा।

मीडिया एवं जनसंपर्क निदेशक भगवान प्रसाद गौड़, स्थानीय संरक्षक अलका चौधरी, प्रमुख समाज सेवी जसमत भाई पटेल,रीद्धीश जागीरदार और आश्रम प्रभारी महेंद्र सिंह रावत ने इस शिविर का पोस्टर भी जारी किया।

समाज सेवी जसमत भाई ने कहा शिविर के उद्घाटन और भव्यता के लिए कई लोगों और संस्थान सदस्यों को आमंत्रित किया गया है। शिविर में आने वाले दिव्यांगों के लिए संस्थान की ओर से निःशुल्क भोजन की व्यवस्था रहेगी। इन दिव्यांगों को नारायण लिम्ब फिटमेंट के बाद चलने की सुव्यस्थित ट्रेनिंग दी जाएगी। इस हेतु संस्थान की 40 सदस्य टीम सेवाओं में तत्पर रहेगी। शिविर में पूर्व लाभांवित दिव्यांग आयेंगे। जो नव लाभांवित दिव्यांगों को अपने अनुभव बताते हुए उनका हौसला बढ़ाएंगे।

## केसरियां कंवरजी मंदिर का जागरण 16 को

हैदराबाद, 13 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। फीलखाना स्थित श्रृंगऋषि भवन में श्री केसरियां कंवरजी सेवा समिति भक्तों के सानिध्य में श्री केसरियां कंवरजी के नाम भव्य जागरण शनिवार 16 अगस्त पूजा-अर्चनाकर, आयोजित किया जाएगा।

प्रेस विज्ञप्ति मे बिरजू प्रसाद पांडिया ने बताया कि हर वर्ष की भांति श्री केसरिया कंवर के नाम भव्य जागरण 16 अगस्त पंडाल को लाइटिंग व फूलों से सजाकर केसरिया कंवरजी का श्रृंगार, ज्योत प्रज्वलितकर जागरण का आयोजन किया जाएगा। जिसमे मानाराम लाम्बिया, नेतराम तिवारी केसरियां कंवरजी के चरणों मे भजनों के पुष्प अर्पित करेगे। भक्तों द्वारा केसरियां कंवरजी के चरणों में श्रद्धा के पुष्प व श्रीफल भेंट कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना के लिए पुजा-अर्चना की जाएगी। कार्यक्रम के सफल आयोजन में नेमीचन्द पांडिया, कन्हैयालाल पांडिया, रामलाल (पुसाराम) काग, माणकचन्द कुमावत, घनश्याम पांडिया, हनुतराम अडाणिया, बिरजू प्रसाद पांडिया, रमेश कुमावत, धर्मनाथ, भंवरलाल काग, हडमान काग, महेन्द्र पांडिया, राजुदास, गोकुलराम, तुलाराम, नेमीचन्द बैंगलोर, भिखाराम, मांगीलाल कुमावत, ताराचन्द व सदस्यगण अपनी सेवाएँ देगें।

सभी भक्तों से निवेदन किया है कि दान-पुण्यकर, उपरोक्त कार्यक्रम में सपरिवार पधारकर कार्यक्रम का लाभ लेवे।

# भारतीय खान ब्यूरो में एक दिवसीय अखिल

## भारतीय विशेष हिंदी कार्यशाला का आयोजन

हैदराबाद, 14 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय खान ब्यूरो के हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय में एक दिवसीय अखिल भारतीय विशेष हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय खान ब्यूरो के महानियंत्रक पीयूष नारायण शर्मा ने की । इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ योगेश जी. काले, खान नियंत्रक एवं राजभाषा अधिकारी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में संतोष कुमार, सहायक निदेशक , केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण उप संस्थान, हैदराबाद उपस्थित थे । इस अवसर पर रामकिशन रावुला, उप खान नियत्रंक व प्रभारी अधिकारी, हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय भी उपस्थित थे ।

सर्वप्रथम मंच पर उपस्थित गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन कर कार्यशाला का शुभारम्भ किया गया । एजाज अहमद खान, सहायक खनन भूविज्ञानी द्वारा आयोजित की जाने वाली हिंदी कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत की गई ।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में पीयूष नारायण शर्मा ने कहा कि भारत में सभी भाषाओं का सम्मान है तथा सभी भाषाएँ का सम्प्रेषण का खूबसूरत माध्यम हैं और एक दूसरे की पूरक हैं l डॉ योगेश जी. काले ने हिंदी कार्यशाला की महत्ता पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि संतोष कुमार ने भी संबोधित किया। उक्त कार्यशाला में भारतीय खान ब्यूरो, मुख्यालय,नागपुर एवं संपूर्ण भारत में स्थित इसके समस्त आंचलिक/क्षेत्रीय कार्यालयों से करीब 35 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यशाला में कुल चार व्याख्यान दिए गए।

कार्यशाला के प्रथम सत्र में दो व्याख्यान हुए । भारतीय खान ब्यूरो के खान नियंत्रक एवं राजभाषा अधिकारी डॉ. योगेश जी. काले ने राजभाषा नीति संबधित दिशा - निर्देश विषय पर व्याख्यान दिया l द्वितीय व्याख्यान अतिथि वक्ता संतोष कुमार, द्वारा कार्यालयों में भारतीय भाषाओं के साथ हिंदी का प्रयोग तथा व्याकरणिक शुद्धता विषय पर दिया गया।

## इसरो प्रमुख डॉ. वी. नारायणन को मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान करेगा ओयू

हैदराबाद, 13 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। उस्मानिया विश्वविद्यालय 19 अगस्त को आयोजित अपने 84वें दीक्षांत समारोह के दौरान इसरो के अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन को डॉक्टरेट की 50वीं मानद उपाधि प्रदान करेगा। इसरो प्रमुख दीक्षांत समारोह को संबोधित भी करेंगे। इस बार रिकार्ड संख्या में 1,261 पीएचडी डिग्रियां प्रदान की जाएंगी, जबकि पिछले दीक्षांत समारोह में 979 डिग्रियां प्रदान की गई थीं। विश्वविद्यालय शैक्षणिक वर्ष 2022-2023 और 2023-2024 के छात्रों को विभिन्न विषयों में उनकी उपलब्धियों को मान्यता देते हुए 121 स्वर्ण पदक प्रदान करेगा। विश्वविद्यालय एक आदिवासी छात्र द्वारा अंग्रेजी में सर्वश्रेष्ठ पीएचडी थीसिस के लिए एक नया स्वर्ण पदक भी प्रदान करेगा, जो कि कुलाधिपति और तेलंगाना के राज्यपाल की पहल है। तकनीकी एवं महाविद्यालयीन शिक्षा आयुक्त ए श्रीदेवसेना ने एमबीए फाइनेंस में शीर्ष छात्र के लिए प्रोफेसर समुद्रला सत्यनारायण मूर्ति मेमोरियल स्वर्ण पदक की स्थापना की है।

ओयू के कुलपति प्रोफेसर एम कुमार के अनुसार, टैगोर ऑडिटोरियम में, जहां यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, सीमित सीटों के कारण प्रवेश केवल पीएचडी पुरस्कार विजेताओं और स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ताओं के लिए प्रतिबंधित है। उन्होंने कहा कि माता-पिता और जीवन-साथी सहित परिवार के सदस्य ऑडिटोरियम के बगल में स्थित एक बड़ी डिजिटल स्क्रीन पर समारोह को लाइव देख सकते हैं, तथा उपस्थित लोगों को अपने बच्चों को कार्यक्रम में नहीं लाना चाहिए। प्रोफेसर कुमार ने कहा कि मुख्य सभागार के अंदर मोबाइल फोन ले जाना वर्जित है, तथा फोटोग्राफी और सेल्फी के लिए निर्दिष्ट क्षेत्र उपलब्ध होंगे।



जामबाग पार्षद राकेश जायसवाल ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत, आज जामबाग, गोशामहल के सभी भाजपा नेताओं राजकुमार, अमर सिंह, मयूर कालेकर, महेंदर, बानू, रामकृष्ण, हरिनाथ,आदि ने लोगों को तिरंगा झंडा वितरित किया।

## सीरवी समाज करमनघाट का 9वाँ वार्षिक सम्मेलन 25 को

हैदराबाद, 13 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। सीरवी समाज ट्रस्ट करमनघाट, अलमासगुडा स्थित सीरवी समाज की आस्था का केन्द्र श्री आईमाता मंदिर में समाज बन्धुओं के सानिध्य मे विशेष मीटिंग आयोजितकर श्री आईमाताजी के 610 वें अवतरण दिवस व 9 वां वार्षिक सम्मेलन पर दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत भादवा सुदी एकम रविवार 24 अगस्त रात्रि जागरण व भादवा सुदी बीज(दूज) सोमवार 25 अगस्त प्रात: वेला में पूजा-अर्चना व महाप्रसादी कार्यक्रम भव्यरुप से आयोजित किया जायेगा।

प्रेस विज्ञप्ति मे अध्यक्ष प्रकाश आगलेचा, सचिव पुखराज चोयल ने संयुक्तरुप से बताया कि हर वर्ष की भांति समाज बन्धुओ के सानिध्य मे शुक्रवार 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रात: 8.15 बजे ध्वजा रोहण कार्यक्रम एवं शनिवार 16 अगस्त कृष्ण जन्मोत्सव पर रात्रि 9.15 बजे से आईजी भजन मंडली द्वारा भजनों का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

आस्था का पर्व दो दिवसीय भादवा सुदी बीज महोत्सव कार्यक्रम रविवार 24 अगस्त प्रात: वेला मे श्री आईमाता मंदिर को विशेष फूलों व लाइटिंग से सजाकर माई का विशेष श्रंगारकर रात्रि 9 बजे से जागरण आयोजित किया जाएगा। जिसमे जेठुसिंह घेनड़ी माई के चरणों में भजनों के पुष्प अर्पित करेंगे।

सोमवार 25 अगस्त प्रात: 8.15 बजे ज्योत प्रज्वलितकर, पुजा-अर्चना, स्वागत, समाज बन्धुओं द्वारा माई के चरणों मे श्रीफल भेंटकर परिवार के सुख-समृद्धि की कामना, समाज के बाल-कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रात: 10 बजे से धर्मसभा का आयोजनकर अध्यक्ष प्रकाश आगलेचा की अध्यक्षता में मुख्यअतिथियों, पधारे मेहमानों का स्वागत, कोषाध्यक्ष दौलतराम पंवार द्वारा आय-व्यय का विवरण, पदाधिकारियों का सम्मान एवं अपने विचार व्यक्त करना, सचिव पुखराज चोयल द्वारा समाज मे किये गये विकासशील कार्यो का विवरण, एवं पधारे समाज बन्धुओं व भक्तों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था मंदिर प्रांगण मे रहेगी। अध्यक्ष प्रकाश आगलेचा ने समाज बन्धुओं से निवेदन किया है बीज महोत्सव पर अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर, समाज बन्धु सपरिवार पधारकर उपरोक्त कार्यक्रम का लाभ लेवे।

## हैदराबाद में वायरल बुखार के मामलों में वृद्धि

हैदराबाद, 13 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद में पिछले कई सप्ताह से बादल छाए रहने और धुंध छाए रहने के कारण वायरल बुखार के मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वरिष्ठ जिला स्वास्थ्य अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पिछले 10 दिनों से, गांधी अस्पताल, उस्मानिया जनरल अस्पताल और फीवर अस्पताल के बाह्य रोगी प्रभागों में वायरल बुखार के मामलों में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। ऊपरी श्वसन तंत्र के संक्रमण के सभी लक्षणों, तेज़ बुखार, खांसी और बदन दर्द से पीड़ित मरीज़ इन सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में इलाज की मांग कर रहे हैं।

अकेले गांधी अस्पताल में ही, बाह्य रोगी विभाग (ओपी) में आने वाले लोगों की संख्या अब प्रतिदिन 1,800 से 1,900 के बीच है। एक वरिष्ठ ज़िला स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा, 'वायरल बुखार और डेंगू व चिकनगुनिया जैसी वेक्टर जनित बीमारियों के मामलों में निश्चित रूप से वृद्धि हुई है। हम लोगों से पूरी सावधानी बरतने का आग्रह करते हैं ताकि मौसम साफ़ होने पर संक्रमण में बड़ी वृद्धि से बचा जा सके।'



आज केबीआर पार्क में इच्छापूर्ति गणेशजी की पूजा आरती में मुख्य यजमान विठ्ठलदास अग्रवाल बड़े गांव वाले प्रमोद कुमार अग्रवाल ,महेश डकोटिया राजेंद्र कुमार अग्रवाल सुरेंद्र कुमार अग्रवाल गोपाल बलदवा मोहन लाल मित्तल विनोद टिकमानी डॉ राधा कृष्ण मनोहर लाल विजय कुमार अग्रवाल भोजरेड्डी प्रवीण कुमार अग्रवाल विजय रानी संध्या रानी दुर्गा बाई संतोष बाई अग्रवाल माया बाई अग्रवाल विभा अग्रवाल वेनी लिली सचदेवा आदि ने भाग लिया।

## नागार्जुन सागर राजमार्ग पर टक्कर मारकर व्यक्ति की हत्या

हैदराबाद, 13 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। बुधवार को इब्राहिमपटनम में नागार्जुन सागर राजमार्ग पर एक लापरवाही से चलाए जा रहे वाहन की टक्कर से एक अज्ञात व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। पीड़ित की उम्र लगभग 40 वर्ष बताई जा रही है और वह एक निर्माण मजदूर है। वह कथित तौर पर सड़क पार कर रहा था, तभी वाहन ने उसे कुचल दिया। उसके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इब्राहिमपटनम पुलिस ने लापरवाही के कारण हुई मौत का मामला दर्ज कर लिया है तथा वाहन और फरार चालक का पता लगाने के लिए इलाके में लगे निगरानी कैमरे के फुटेज की जांच कर रही है। पीड़ित की पहचान के लिए सभी स्थानीय पुलिस स्टेशनों को सतर्क कर दिया गया है।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# टी-20 में टॉप-5 बैटर की लिस्ट में कोहली से आगे निकले वॉर्नर, टॉप-10 में 2 भारतीय

मुंबई,13 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के विराट कोहली को पीछे कर ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों में नंबर-5 पर पहुंच गए। उन्होंने इंग्लैंड की द हंड्रेड लीग में फिफ्टी लगाई और कोहली को पीछे किया।

वॉर्नर के नंबर-5 पर पहुंचने के साथ टॉप-5 रन स्कोरर में अब कोई भी भारतीय बाकी नहीं रहा। विराट के अलावा केवल रोहित शर्मा ही टॉप-10 रन स्कोरर में शामिल भारतीय बैटर हैं। दोनों ही प्लेयर्स ने टी-20 फॉर्मेट से संन्यास ले लिया है, ऐसे में सिर्फ IPL खेलकर दोनों का इस रिकॉर्ड लिस्ट में आगे निकलना बहुत मुश्किल लग रहा है।

टी-20 क्रिकेट के टॉप रन स्कोरर...

**1. क्रिस गेल: 22 शतक के साथ नंबर-1**

वेस्टइंडीज के विस्फोटक क्रिस गेल के नाम अब भी टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड है। इनमें इंटरनेशनल, IPL और दुनियाभर की ए-ग्रेड लीग के रन शामिल हैं। गेल टी-20 में 22 शतक लगाने वाले भी दुनिया के इकलौते बैटर हैं। उन्होंने अब टॉप लेवल टी-20 क्रिकेट खेलना बंद कर दिया है। इसलिए उनके 14,562 रन के आंकड़े को कोई नया बैटर तोड़ सकता है। हालांकि, उनके 22 सेंचुरी के आंकड़े को तोड़ना बहुत मुश्किल है।

**2. कायरन पोलार्ड: शतक कम, फिफ्टी ज्यादा**

वेस्टइंडीज के ही विस्फोटक फिनिशर कायरन पोलार्ड टॉप रन स्कोरर में दूसरे नंबर पर हैं। उन्होंने इंटरनेशनल और IPL से तो संन्यास ले लिया है, लेकिन वे अब भी अमेरिका और साउथ अफ्रीका की लीग खेल रहे हैं। इसलिए वे भी गेल के रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं। फिनिशर की पोजिशन निभाने के कारण पोलार्ड के नाम शतक तो 1 ही है, लेकिन फिफ्टी 63 हैं। इतना ही नहीं, टॉप-5 रन स्कोरर में उनका स्ट्राइक रेट भी बेस्ट है।

**3. एलेक्स हेल्स: दुनियाभर की लीग खेलते हैं**

इंग्लैंड के एलेक्स हेल्स भी इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं, लेकिन लीग क्रिकेट खेल रहे हैं। वे 13,814 रन बना चुके हैं और जल्द ही 15 हजार रन का आंकड़ा भी पार कर सकते हैं। वे

## क्रिस गेल अब भी नंबर-1 बल्लेबाज




फिलहाल इंग्लैंड के ही फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट द हंड्रेड का हिस्सा हैं। उनके नाम 7 सेंचुरी और 87 फिफ्टी हैं।

**4. शोएब मलिक: बगैर सेंचुरी के टॉप स्कोरर**

टॉप-10 रन स्कोरर में शामिल पाकिस्तान के इकलौते खिलाड़ी शोएब मलिक के नाम टी-20 में बगैर सेंचुरी लगाए सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड है। वे भी इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं, लेकिन पाकिस्तान सुपर लीग (PSL) का हिस्सा अब भी हैं। वह पिछले सीजन भी क्वेटा ग्लैडिएटर्स से खेले थे। हालांकि, उनका अगला सीजन खेलना मुश्किल लग रहा है। ऐसे में वे भी जल्द ही टॉप-5 से बाहर हो सकते हैं। टॉप-5 रन स्कोरर में मलिक का स्ट्राइक रेट भी सबसे कम है।

**5. डेविड वॉर्नर: 100 प्लस फिफ्टी लगा चुके**

ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर ने ही टॉप-5 रन स्कोरर में एंट्री की। उन्होंने द हंड्रेड लीग में फिफ्टी लगाई और विराट कोहली को पीछे छोड़ा। अब वॉर्नर के विराट से 2 रन ज्यादा हो गए। उनके नाम इस फॉर्मेट में 8 सेंचुरी के साथ 113 फिफ्टी भी हैं। IPL में तो वॉर्नर अब नहीं खेलते, लेकिन दुनिया की बाकी लीग का हिस्सा जरूर बनते हैं। ऐसे में उनके पास भी गेल से आगे निकलने का मौका है।

**6. विराट कोहली: भारत के टॉप रन स्कोरर**

टी-20 में भारत के टॉप रन स्कोरर विराट कोहली इंटरनेशनल क्रिकेट में इस फॉर्मेट से संन्यास ले चुके हैं। वे अब सिर्फ आईपीएल खेलते हैं, जो साल में एक बार ही होता है। कोहली के नाम फिलहाल 13543 रन हैं, वे अगले आईपीएल सीजन में 14 हजार टी-20 रन के आंकड़े को पूरा कर सकते हैं। हालांकि, उनका नंबर-1 पर पहुंचना बहुत मुश्किल है।

कोहली गेल को तो पीछे छोड़ सकते हैं, लेकिन बाकी खिलाड़ियों के मैचों की संख्या को देखते हुए कोहली का नंबर-1 पर पहुंचना मुश्किल है। विराट ने अब तक 3 टीमों से ही टी-20 क्रिकेट खेला है, भारत, दिल्ली और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु। 2 टीमों से तो वे अब टी-20 नहीं खेलते, आरसीबी को भी वे पिछले सीजन चैंपियन बना ही चुके हैं। ऐसे में संभव है कि वे जल्द ही इस फॉर्मेट को पूरी तरह अलविदा कह दें।

**बटलर के पास टॉप पर आने का मौका**

टॉप-10 रन स्कोरर में बाकी 4 प्लेयर्स इंग्लैंड के जोस बटलर, जेम्स विंस, भारत के रोहित शर्मा और साउथ अफ्रीका के फाफ डु प्लेसिस हैं। बटलर को छोड़कर बाकी तीनों प्लेयर्स ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया है और गिनती की लीग में ही हिस्सा लेते हैं।

बटलर अभी 34 साल के ही हैं और इंटरनेशनल क्रिकेट के साथ दुनियाभर की लीग भी खेलते हैं। वे फिलहाल 13,123 रन बनाकर 7वें नंबर पर हैं, लेकिन जल्द ही टॉप-5 में एंट्री कर सकते हैं। इतना ही नहीं, अगर वे 2-3 साल इंटरनेशनल क्रिकेट खेलते रहे तो नंबर-1 पर भी पहुंच सकते हैं।

# कॉमनवेल्थ गेम्स-2030 की मेजबानी

## भारत की बिड आईओए में मंजूर, 31 अगस्त तक फाइनल बिडिंग प्रपोजल देना होगा

नई दिल्ली, 13 अगस्त (एजेंसियां)। इंडियन ओलिंपिक संघ ने बुधवार को भारत की कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 होस्ट करने की बिड को मंजूरी दे दी है। यह मंजूरी स्पेशल जनरल मीटिंग में दी गई है। मेजबानी के लिए भारत ने मार्च महीने में एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट समिट किया था। अब भारत को 31 अगस्त से पहले फाइनल बिड के लिए प्रपोजल देना होगा।

कनाडा के रेस से बाहर हो जाने के बाद भारत के लिए 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी पाने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। हाल ही में कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स के डायरेक्टर डैरेन हॉल के नेतृत्व में एक टीम ने अहमदाबाद स्थित आयोजन स्थलों का दौरा किया था।



इतना ही नहीं, कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स के अधिकारियों ने गुजरात सरकार के अधिकारियों से मीटिंग भी की थी।

इस महीने के अंत में एक और डेलिगेशन के अहमदाबाद पहुंचने की संभावना है। इस दौरे के बाद कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स की जनरल एसेंबली नवंबर के आखिर में होस्ट कंट्री तय करेगी। इससे पहले भारत ने 2010 के कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी की थी।

**पिछले साल 2036 ओलिंपिक के लिए दावेदारी की थी**

सीडब्ल्यूजी के अलावा, भारत 2036 के ओलिंपिक गेम्स की मेजबानी की तैयारी भी कर रहा है। पिछले साल नवंबर में भारत ने ओलिंपिक गेम्स-2036 की मेजबानी हासिल करने के लिए दावेदारी पेश की थी।

2032 तक के ओलिंपिक मेजबान तय हो चुके हैं। 2032 की मेजबानी ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन शहर को दी गई है। जबकि 2028 के ओलिंपिक लॉस एंजिलिस में होने हैं।

**2 एशियन भी करा चुका है भारत**

भारत अब तक 3 मल्टी स्पोर्ट्स गेम्स की मेजबानी कर चुका है। इनमें 2010 में कॉमनवेल्थ गेम्स, 1982 और 1951 के एशियन गेम्स शामिल हैं।

# ईडी ने पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना से पूछताछ की

## एजेंसी ने एक दिन पहले भेजा था नोटिस, सट्टेबाजी एप के प्रचार का मामला

नई दिल्ली, 13 अगस्त (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना सट्टेबाजी एप केस में बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय के सामने पूछताछ के लिए पेश हुए। रैना दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में पूछताछ के लिए पहुंचे।

रैना को एक ऑनलाइन सट्टेबाजी एप के प्रचार के मामले में पूछताछ के लिए बुलाया गया है। वह इस एप के ब्रांड एंबेसडर हैं। सुरेश रैना ने 2020 में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।

कई सेलिब्रेटी जांच के दायरे में

रैना अकेले सेलिब्रेटी नहीं हैं, जिनसे इस तरह के मामले में पूछताछ की जा रही है। उनके अलावा कई और क्रिकेटर और






बॉलीवुड हस्तियां जांच के दायरे में हैं। ईडी इस बैटिंग एप की मनी लॉन्ड्रिंग के तहत जांच कर रही है।

**रैना के इंटरनेशनल क्रिकेट में आठ हजार से ज्यादा रन**

सुरेश रैना ने इंटरनेशनल करियर में तीनों फॉर्मेट टेस्ट, वनडे और टी-20 में भारत का प्रतिनिधित्व किया। रैना ने 2005 में श्रीलंका के खिलाफ वनडे डेब्यू किया था। वह आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप 2007 की विजेता टीम और आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप 2011 की विजेता भारतीय टीम के अहम सदस्य थे।

अपने करियर में उन्होंने 226 वनडे, 78 टी-20 और 18 टेस्ट मैच खेले, जिसमें उन्होंने कुल मिलाकर 8,000 से ज्यादा इंटरनेशनल रन बनाए। अगस्त 2020 में उन्होंने महेंद्र सिंह धोनी के साथ ही इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की।

**2002 में झारखंड के खिलाफ डेब्यू किया था**

सुरेश रैना के क्रिकेट करियर की शुरुआत 2000 में हुई थी। जब उन्होंने क्रिकेटर बनने का निर्णय लिया और एक स्पोर्ट्स स्कूल जॉइन किया। उसके बाद 2002 में झारखंड के खिलाफ उन्होंने यूपी टीम के लिए डेब्यू किया था। वे उस टीम के कप्तान भी बने थे।

# लियम लिविंगस्टन के हत्थे चढ़े राशिद खान

## शर्मनाक रिकॉर्ड के साथ टीम को हरवाया

खेल डेस्क,, 13 अगस्त (एजेंसियां)। द हंड्रेड 2025 में बर्मिंघम फिनिक्स और ओवल इन्विंसिबल्स के बीच टूर्नामेंट का 10वां मुकाबला खेला गया. इस मैच को बर्मिंघम फिनिक्स ने 4 विकेट से अपने नाम किया. टीम की ओर से कप्तान लियम लिविंगस्टन ने धमाकेदार बल्लेबाजी करते हुए इन्विंसिबल्स के सभी गेंदबाजों की जमकर क्लास लगाई. अफगानिस्तान के अनुभवी खिलाड़ी राशिद खान भी इस लिस्ट में शामिल थे जिन्होंने काफी खराब गेंदबाजी की और एक शर्मनाक रिकॉर्ड अपने नाम किया. राशिद खान के पास इस फॉर्मेट में खेलने का काफी अनुभव है लेकिन लिविंगस्टन के सामने उनकी एक न चली. राशिद की इस मैच के दौरान इतनी पिटाई हुई, जितनी पहले ना तो द हण्ड्रेड में कभी हुई और ना ही उनके टी20 करियर में.




इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए ओवल इन्विंसिबल्स ने 100 गेंद में 8 विकेट खोकर 180 रन बनाए. टीम की ओर से डोनोवन फरेरा ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए 29 गेंदों पर चार चौके और छह छक्कों की मदद से 63 रन की आक्रामक पारी खेली. डोनोवन फरेरा के अलावा जॉर्डन कॉक्स ने 44 रन का योगदान दिया. राशिद खान ने 16 रन की पारी खेली. बर्मिंघम की ओर से ट्रेंट बोल्ट, एडम मिल्ने और बैंनी हॉवल ने 2-2 विकेट झटके. लक्ष्य का पीछा करने उतरी बर्मिंघम फिनिक्स की ओर से सलामी बल्लेबाज विल स्मीड ने 51 रन की पारी खेली. हालांकि, टीम एक समय 111 रन पर 4 विकेट खो चुकी थी. बर्मिंघम की ओर से कप्तान नियम लिविंगस्टन बल्लेबाजी करने उतरे और उन्होंने शुरुआत से ही आक्रामक बल्लेबाजी करना शुरू कर दिया. इस दौरान उन्होंने राशिद खान के खिलाफ बेहतरीन बल्लेबाजी की. राशिद खान ने इस मैच में 20 गेंद पर 59 रन दिए.

राशिद खान को ऐसी मार ना तो पहले कभी द हण्ड्रेड में पड़ी और ना ही टी20 करियर में. इससे पहले उन्होंने आईपीएल 2018 में पंजाब किंग्स के खिलाफ एक मैच में 55 रन दिए थे.

राशिद खान जब अपनी गेंदबाजी का आखिरी स्पेल फेंकने आए तब लिविंगस्टन ने उन्हें पांच गेंद पर 26 रन जड़ दिए. इंग्लिश बल्लेबाज ने इस स्पेल की पहली गेंद पर चौका जड़ा जबकि उसके बाद उन्होंने लगातार तीन छक्के लगाए. इस स्पेल की आखिरी गेंद पर भी बर्मिंघम के कप्तान ने चौका लगाया और कुल 26 रन बना लिए.

लियम लिविंगस्टन पहले बल्लेबाज हैं जिन्होंने राशिद खान के खिलाफ टी20 में 200 से ज्यादा रन बनाए हैं. अभी तक उनके अलावा कोई भी बल्लेबाज इस दमदार स्पिनर के खिलाफ टी20 में 150 रन भी नहीं बना पाया है. राशिद के इस सेट के बाद बर्मिंघम फिनिक्स पूरी तरह से मैच में हावी हो गया और उन्होंने दो गेंद रहते इस मैच को अपने नाम किया.

बर्मिंघम की ओर से विकेटकीपर-बल्लेबाज जो क्लार्क ने 27 रन का योगदान दिया. ओवल इन्विंसिबल्स की बात की जाए तो राशिद खान को एक विकेट भी नहीं मिला जबकि साकिब महमूद ने तीन विकेट अपने नाम किया. टॉम करन, सैम करन और नाथन सॉटर ने 1-1 विकेट लिया. ये बर्मिंघम फिनिक्स की अभी तक की इस सीजन की तीन मैच में पहली जीत है जबकि ओवल इन्विंसिबल्स ने तीन मैच में दो में जीत दर्ज की है जबकि ये उनकी इस सीजन की पहली हार है.

# रैपिड एंड ब्लिट्ज टूर्नामेंट में गुकेश संयुक्त पांचवें स्थान पर

## कारुआना ने बढ़त हासिल की

सेंट लुई (अमेरिका), 13 अगस्त (एजेंसियां)। विश्व चैंपियन डी गुकेश के लिए ग्रैंड शतरंज टूर के तहत खेले जा रहे सेंट लुई रैपिड एंड ब्लिट्ज टूर्नामेंट का दूसरा दिन बहुत अच्छा नहीं रहा। उन्हें एक बाजी में हार का सामना करना पड़ा जबकि दो बाजियां उन्होंने ड्रॉ खेली जिससे वह 10 खिलाड़ियों के बीच खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में छह अंकों के साथ संयुक्त पांचवें स्थान पर खिसक गए।

गुकेश ने चौथे दौर में अमेरिका के अंतिम स्थान पर काबिज सैम शंकलैंड के हाथों मिली करारी हार के बाद फ्रांस के मैक्सिम वचियर-लाग्रेव और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ अगले दो मुकाबले ड्रॉ खेले। इस बीच अमेरिकी खिलाड़ी



फैबियानो कारुआना ने आर्मेनियाई से अमेरिकी बने लेवोन अरोनियन को दिन की आखिरी बाजी में हराकर दो अंकों की बढ़त ले ली। गुकेश की तरह अरोनियन भी केवल दो बाजी ड्रॉ करा पाए और एक हार गए।

रैपिड में अब जबकि केवल तीन दौर का खेल बचा हुआ है तब कारुआना संभावित 12 में से 10 अंक लेकर इस वर्ग में जीत की स्थिति में दिख रहे हैं। अरोनियन अभी भी आठ अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं और अमेरिका के ही वेस्ली सो के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। वाचियर-लाग्रेव सात अंकों के साथ चौथे, जबकि गुकेश एक और अमेरिकी खिलाड़ी लीनियर डोमिन्गुएज़ पेरेज़ के साथ संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर हैं।

उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव और वियतनाम के लिएम ले क्वांग पांच अंकों के साथ संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर हैं। अमेरिका के ग्रिगोरी ओपरिन उनसे दो अंक पीछे हैं। सैम शैंकलैंड ने गुकेश को हराकर दो अंक हासिल किए लेकिन वह अंतिम स्थान पर बने हुए हैं।

# वेस्टइंडीज ने 34 साल बाद पाकिस्तान से वनडे सीरीज जीती

लॉडरहिल, 13 अगस्त (एजेंसियां)। वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को तीसरे और आखिरी वनडे मुकाबले में 202 रन से हरा दिया। इसी के साथ टीम तीन मैचों की वनडे सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान के खिलाफ 34 साल बाद वनडे सीरीज जीती है। इससे पहले 1991 में जीत मिली थी। सीरीज का पहला मैच पाकिस्तान ने जीता था, उसके बाद वेस्टइंडीज ने दूसरे मैच को जीतकर सीरीज बराबर की थी। विंडीज के लिए शाई होप ने नाबाद 120 रन बनाए।




त्रिनिदाद के ब्रायन लारा स्टेडियम में तीसरे वनडे में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने 50 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 294 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान की पूरी टीम 92 रन पर ऑलआउट हो गई। वेस्टइंडीज की ओर से कप्तान शाई होप ने 94 बॉल पर नाबाद 120 रन बनाए। इसमें 5 छक्के और 10 चौके शामिल रहें। उनके अलावा जस्टिन ग्रीव्स ने 43*, इविन लुईस ने 37 और रोस्टन चेज ने 36 रन की पारी खेली। शाई होप को तीसरे वनडे में प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला। वहीं, जायडेन सील्स को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया, उन्होंने दूसरे वनडे में 3 और पहले वनडे में 1 विकेट लिया था। इस सीरीज में उन्होंने कुल 10 विकेट लिए।

295 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की टीम 92 रन पर ही सिमट गई। टीम के कप्तान मोहम्मद रिजवान समेत 5 बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सके। बाबर आजम (9) एक बार फिर फ्लॉप हुए। पाक के लिए सलमान आगा ने सबसे ज्यादा 30 रन बनाए। मोहम्मद नवाज ने नाबाद 23 रन बनाए। वेस्टइंडीज के लिए जायडेन सील्स ने 6 विकेट लिए।

# इंडिया-ए ने पहला विमेंस वनडे जीता

## ऑस्ट्रेलिया-ए को 3 विकेट से हराया, सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई

ब्रिस्बेन, 13 अगस्त (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गई इंडिया-ए विमेंस टीम ने पहला वनडे जीत लिया है। टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 3 विकेट से हराया।

ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को ब्रिस्बेन के इयान हीली ओवल स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया। टीम ने 47.5 ओवर में 214 रन बनाए। जबाव में भारत ने 42 ओर में 7 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।

**लियारॉयड ने 92 रन बनाए**

ऑस्ट्रेलिया की तरफ से एनिक लियारॉयड ने सबसे ज्यादा 92 रन बनाए। रेचल ट्रेनामैन ने 51 रन का योगदान दिया। टीम इंडिया की ओर से राधा यादव सबसे सफल




रहीं। उन्होंने 3 विकेट लिए। टिटास साधु और मिन्नू मणि को 2-2 विकेट मिले।

**यस्तिका ने 59 रन की पारी खेली**

भारत के लिए यस्तिका भाटिया ने 59, और शेफाली वर्मा ने 36, धारा गुज्जर ने 31 रन का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया के लिए लुसी हैमिल्टन और एला हेवर्ड ने 2-2 विकेट लिए। किम गर्थ, टेस फ्लिंटॉफ और सियाना जिंजर को 1-1 विकेट मिला।

**ऑस्ट्रेलिया टी-20 सीरीज जीती**

इससे पहले, ऑस्ट्रेलिया-ए ने 3-0 से टी-20 सीरीज अपने नाम की थी। टीम ने पहला मैच 13 रन, दूसरा मैच 114 रन और तीसरा 4 रन से जीता था। दोनों टीमों के बीच वनडे सीरीज के बाद 21 अगस्त से इकलौता अनऑफिशियल टेस्ट भी होगा।

# न्यूजीलैंड छोड़कर अब स्कॉटलैंड टीम के लिए क्रिकेट खेलेंगे स्टार खिलाड़ी



एडिनबरा, 13 अगस्त (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड का एक और खिलाड़ी अब दूसरे देश के लिए खेलता हुआ दिखाई देगा। इससे पहले कोरी एंडरसन ने ऐस किया था। कोरी एंडरसन ने पहले न्यूजीलैंड के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट खेला था, इसके बाद उन्होंने यूएसए टीम के लिए खेलना का फैसला किया था। फिलहाल वे यूएसए के लिए ही क्रिकेट खेलते हैं। अब न्यूजीलैंड के एक और खिलाड़ी ने स्कॉटलैंड देश के लिए खेलने का फैसला किया है। इस खिलाड़ी को साल 2016 में न्यूजीलैंड के लिए इंटरनेशनल डेब्यू करने का मौका मिला था। टॉम ब्रूस को साल 2016 में न्यूजीलैंड के लिए टी20 क्रिकेट में डेब्यू करने का मौका मिला था। टॉम ने बांग्लादेश के खिलाफ अपना पहला टी20 इंटरनेशनल मैच खेला था। इसके बाद अपने दूसरे ही मैच में टॉम ब्रूस ने पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 59 रनों की नाबाद पारी खेलकर न्यूजीलैंड को जीत दिलाई थी। इसके बाद उनका प्रदर्शन लगातार खराब होता चला गया था। अगली 15 पारियों में वे महज एक ही अर्धशतक बना पाए थे। साल 2020 में टीम इंडिया के साथ खेली गई 5 मैचों की टी20 सीरीज में टॉम ब्रूस 2 बार बिना खाता खोले आउट हुए थे। इसके बाद उन्होंने 17 टी20 इंटरनेशनल मैच के बाद ही करियर पर विराम लगा दिया था।

# सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना सरकार को छह सप्ताह का दिया समय

## कांचा गच्चीबावली वन क्षेत्र की पुनर्स्थापना योजना का मामला



हैदराबाद, 13 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को तेलंगाना सरकार पर विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाने के लिए एक समग्र योजना बनाने का दबाव डाला। हैदराबाद के कांचा गाचीबोवली इलाके में बड़े पैमाने पर वनों की कटाई के एक स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई करते हुए, अदालत ने राज्य सरकार को पुनर्स्थापन योजना बनाने के लिए छह सप्ताह का समय दिया। कानूनी मंच बार एंड बेंच के अनुसार, मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने दोहराया कि वह विकास के खिलाफ नहीं है, लेकिन इस बात पर जोर दिया कि यह टिकाऊ होना चाहिए, जिसमें वनों, वन्यजीवों और झीलों का उचित ध्यान रखा जाए।

न्यायालय ने पहले चेतावनी देते हुए कहा था, 'वनों को रातोंरात बुलडोजर से नष्ट नहीं किया जा सकता।' न्यायालय ने राज्य को चेतावनी दी थी कि यदि खोए हुए वन क्षेत्र को बहाल नहीं किया गया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। तेलंगाना सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने पीठ को बताया कि पेड़ों की कटाई की सभी गतिविधियां रोक दी गई हैं और राज्य विकास के साथ-साथ संरक्षण के लिए एक व्यापक योजना पर काम कर रहा है। उन्होंने अदालत को बताया, 'हम पर्यावरण, वन्यजीवन और विकास के बीच संतुलन बनाते हुए एक बहुत बड़ी योजना बनाना चाहते हैं।' उन्होंने प्रस्ताव पेश करने के लिए छह से आठ हफ़्ते का समय माँगा।

मुख्य न्यायाधीश ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा, 'अगर आप कोई अच्छा प्रस्ताव लेकर आएँगे, तो हम सभी (प्रतिकूल टिप्पणियाँ) वापस ले लेंगे और आपकी सच्ची सराहना करेंगे। जो जंगल नष्ट हो गए हैं, उन्हें फिर से बहाल करना होगा।' उन्होंने मज़ाकिया लहजे में सुझाव दिया कि सरकार इसे 24 नवंबर तक न खींचे, जो उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख है। राज्य के आश्वासन को दर्ज करते हुए, न्यायालय ने मामले को छह सप्ताह बाद सूचीबद्ध कर दिया, तथा यह स्पष्ट कर दिया कि किसी भी विकास कार्य में पर्यावरण की सुरक्षा के लिए प्रतिपूरक और शमनकारी उपाय अवश्य शामिल किए जाने चाहिए।

### रेवंत रेड्डी को बचा रहे हैं बंडी संजय : दासोजू श्रवण

हैदराबाद, 13 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस के वरिष्ठ नेता दासोजू श्रवण ने बुधवार को केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार पर तीखा हमला बोला और उन पर मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी को बचाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता मुख्यमंत्री के मोहरे की तरह काम कर रहे हैं और बीआरएस नेतृत्व के खिलाफ रोजाना तीखी टिप्पणियां करके जनता का ध्यान भटका रहे हैं। एक बयान में, श्रवण ने सवाल उठाया कि क्या बंडी संजय रेवंत रेड्डी को घोटालों, भ्रष्टाचार और नाकामियों से बचाने के लिए उनकी स्क्रिप्ट को ही दोहरा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा नेता 8,888 करोड़ रुपये के अमृत घोटाले, 4,350 करोड़ रुपये के कोडंगल लिफ्ट सिंचाई घोटाले, 1,100 करोड़ रुपये के नागरिक आपूर्ति घोटाले, वित्तीय कुप्रबंधन और अधूरे चुनावी वादों सहित प्रमुख विवादों पर 'गूंगे और बहरे' बने हुए हैं।

उन्होंने किसानों की परेशानी, यूरिया की कमी, गुरुकुल छात्रों की मौत, मूसी बाढ़ पीड़ितों और अवैध रेत एवं ग्रेनाइट खनन जैसे मुद्दों को भी केंद्रीय मंत्री द्वारा नजरअंदाज किए जाने का हवाला दिया।

# राजा नरसिम्हा ने भारी बारिश के बीच स्वास्थ्य अधिकारियों को तैयारी बढ़ाने के निर्देश दिए



हैदराबाद, 13 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। स्वास्थ्य मंत्री दामोदर राजा नरसिम्हा ने अधिकारियों को सतर्क रहने का निर्देश दिया है क्योंकि राज्य में बुधवार से शुरू होने वाले अगले तीन दिनों में भारी बारिश की आशंका है। स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक टेलीकॉन्फ्रेंस में, मंत्री ने वर्तमान स्थिति का आकलन किया। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि अधीक्षक, रेजिडेंट मेडिकल ऑफिसर (आरएमओ), चिकित्सा अधिकारी, डॉक्टर और कर्मचारी इस अवधि के दौरान अपने अस्पतालों में ही रहें और आवश्यक व्यवस्थाएँ की जाएँ। इसके अतिरिक्त, उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को कर्मचारियों की सभी छुट्टियाँ रद्द करने का निर्देश दिया।

अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने का काम सौंपा गया है कि आपात स्थिति का सामना कर रहे मरीजों और गर्भवती महिलाओं को तुरंत चिकित्सा सहायता उपलब्ध हो, और किसी भी कठिनाई से बचने के लिए उपाय किए जाएँ। राजा नरसिम्हा ने ज़ोर देकर कहा कि जिन गर्भवती महिलाओं की प्रसव की तिथि निकट आ रही है, उन्हें अस्पताल के प्रसव प्रतीक्षालय में स्थानांतरित किया जाना चाहिए जहाँ उन्हें उचित सेवाएँ मिल सकें। उन्होंने निर्देश दिया कि एम्बुलेंस और 102 वाहनों को स्टैंडबाय पर रखा जाए, साथ ही ड्राइवर और ईएमटी चौबीसों घंटे उपलब्ध रहें ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत प्रतिक्रिया दी जा सके और मरीजों को पहुँचाया जा सके। उन्होंने अस्पतालों को बिजली कटौती रोकने के उपाय लागू करने का भी निर्देश दिया और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि बिजली आपूर्ति बाधित होने पर जनरेटर तुरंत चालू कर दिए जाएँ ताकि मरीजों की देखभाल निर्बाध रूप से जारी रहे। इसके अलावा, मंत्री ने अस्पतालों में हर समय इलेक्ट्रीशियन तैनात रहने का अनुरोध किया। भारी बारिश को देखते हुए, उन्होंने अस्पतालों में पानी के प्रवेश और जमाव को रोकने के लिए एहतियाती कदम उठाने का आह्वान किया। मंत्री ने अनुरोध किया कि स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी अगले तीन दिनों तक नियमित रूप से क्षेत्र का दौरा करें और आवश्यकतानुसार उचित कार्रवाई करें ।

### इंडी डॉग पपी गोद लेने का अभियान आयोजित कर रहा है जीएचएमसी

हैदराबाद, 13 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम नागरिकों को प्यारे गली के पिल्लों को प्यार और घर देने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु एक इंडी डॉग पपी गोद लेने का अभियान आयोजित कर रहा है। यह कार्यक्रम 17 अगस्त, 2025 को सुबह 6 बजे से 10 बजे तक जलागम वेंगल राव पार्क, रोड नंबर 1, बंजारा हिल्ट्स, हैदराबाद में आयोजित किया जाएगा। इस पहल के तहत, स्वस्थ, टीकाकरण और कृमि मुक्त इंडी पिल्लों को निःशुल्क गोद लिया जा सकेगा, केवल भावी पालतू माता-पिता के प्यार और देखभाल की आवश्यकता होगी। इंडी कुत्ते चंचल, वफ़ादार और कम देखभाल के लिए जाने जाते हैं, जो उन्हें परिवारों और व्यक्तियों के लिए आदर्श साथी बनाता है। नागरिकों को इस कार्यक्रम में शामिल होने, पिल्लों से मिलने और एक नया सबसे अच्छा दोस्त घर ले जाने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

### जीएचएमसी ने 358 खतरनाक इमारतों के बारे में नागरिकों को किया आगाह

हैदराबाद, 13 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। भारी बारिश के मद्देनजर, जीएचएमसी ने शहर के भीतर जीर्ण-शीर्ण संरचनाओं के बारे में नागरिकों को चेतावनी जारी की है। अधिकारियों के अनुसार, 358 इमारतों की पहचान जीर्ण-शीर्ण अवस्था में की गई है। निवासियों को इन इमारतों के अंदर और आसपास सावधानी बरतने की सलाह दी गई है और जीएचएमसी अधिकारियों ने कहा है कि इस समस्या के समाधान और जन सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। जीएचएमसी आयुक्त आरवी कर्णन ने सभी अधिकारियों को सतर्क रहने और जर्जर संरचनाओं और तहखानों की खुदाई पर उचित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने अधिकारियों से जर्जर संरचनाओं और तहखानों की खुदाई की दोबारा जाँच करने और तुरंत कार्रवाई करने को कहा है।

685 जीर्ण-शीर्ण संरचनाओं में से 327 पर कार्रवाई की जा चुकी है, जबकि शेष 358 पर अनुवर्ती कार्रवाई लंबित है। जीएचएमसी ने पहले ही नोटिस जारी कर दिए हैं, संरचनाओं की स्थिरता सुनिश्चित कर ली है, और मालिकों को परिसर खाली करने के लिए परामर्श दे दिया है। तहखानों की खुदाई के संबंध में, जीएचएमसी अधिकारियों ने 154 खुदाई स्थलों की पहचान की है। 61 स्थलों पर रिटेनिंग वॉल का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, और शेष 93 स्थलों पर रिटेनिंग वॉल का निर्माण कार्य चल रहा है।

# नशे के खिलाफ लड़ाई में सभी शामिल हों तो बात बने : मेट्रो एमडी एनवीएस रेड्डी



हैदराबाद, 13 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के आह्वान पर, बुधवार को रसूलपुरा स्थित हैदराबाद मेट्रो रेल कार्यालय में "नशा मुक्त भारत अभियान" का आयोजन किया गया। एचएमआरएल के प्रबंध निदेशक एनवीएस रेड्डी ने अधिकारियों और कर्मचारियों को शपथ दिलाई और नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने का आह्वान किया। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि हैदराबाद मेट्रो रेल मादक पदार्थों के खिलाफ लड़ाई में सक्रिय रूप से भाग ले रही है। शपथ के दौरान, प्रतिभागियों ने नशीली दवाओं की बिक्री, खरीद या अवैध परिवहन में शामिल व्यक्तियों के बारे में संबंधित अधिकारियों को सूचित करने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने तेलंगाना सरकार के नशा मुक्त समाज के निर्माण के मिशन का समर्थन करने और इस दृढ़ प्रयास में भागीदार बनने का भी संकल्प लिया। प्रतिभागियों ने देश को नशा मुक्त बनाने के लिए अपनी पूरी क्षमता से हर संभव प्रयास करने का संकल्प लिया।


## THE AGRASEN CO-OPERATIVE URBAN BANK LTD.

Head Office # 15-2-391/392/1, Siddiamber Bazar, Hyderabad - 500012

(T.A. No. 1439)

अग्रसेन बैंक

Estd.1998

### NOTICE

Notice is hereby given that the Twenty Seventh Annual General Body Meeting of the Shareholders of the Bank for the Financial Year 2024-2025 will be held on Sunday, 31st August, 2025 at K.L.N Prasad Auditorium, FTCCI House, Red Hills, Hyderabad-500 004, Telangana State at 11:00 A.M. to transact the following items of the Agenda:

1. To consider and adopt the Twenty Seventh Annual Report along with Audited Statements of Accounts of the Bank for the financial year 2024-2025.
2. To approve appropriation of Net Profit and to declare dividend for the Financial Year ended 31-03-2025.
3. (i) To ratify the excess expenditure incurred over the budgeted during the Financial Year 2024-2025.
   (ii) To approve the revised Budget of Income & Expenditure and Capital Expenditure of the Bank for the Financial Year 2025- 2026 and Annual Budget for the financial year 2026-2027.
4. To authorize the Board to appoint Statutory Auditors and to hold office from the conclusion of this Annual General Meeting until conclusion of the next Annual General Meeting and to fix their remuneration.
5. To review the membership and attendance of the Committee Members for the period from 01-02-2025 to 31-07-2025.
6. To approve admission of members, allotment of additional shares, transfer of shares, withdrawal and refund of Share Capital made during the period from 01-02-2025 to 31-07-2025.
7. To approve investments / withdrawals made during the period from 01-02-2025 to 31-07-2025.
8. To review all overdue loans and loans covered under legal action.
9. To consider and approve amendment to Bye-laws numbers 3 and 8

| Bye Law No. | Present | Amendment |
|---|---|---|
| 03 | The area of operation shall be confined to whole of the District of Registration i.e., Hyderabad district and adjoining district of Ranga reddy without prior permission from the Reserve Bank of India as per Reserve Bank of India guidelines and beyond the adjoining districts and to the entire state of Registration with the prior permission from the Reserve Bank of India. | The area of operation shall be confined to the entire state of registration i.e. State of Telangana with the prior permission from the Reserve Bank of India and or as permitted by the RBI from time to time. |
| 08 | The authorised Share Capital of the Bank shall be ₹30,00,00,000.00 (Rupees Thirty Crores only ) made up of 30,00,000 shares of ₹100/- each, which should be paid in full. The authorised share capital may be increased from time to time by General Body resolution subject to the approval of Registrar of Co-operative Socities. Every person on admission shall pay an entrance fee of ₹100/- (Rupees One Hundred only) per application. | The authorised Share Capital of the Bank shall be ₹50,00,00,000.00 (Rupees Fifty Crores only ) made up of 50,00,000 shares of ₹100/- each, which should be paid in full. The authorised share capital may be increased from time to time by General Body resolution subject to the approval of Registrar of Co-operative Socities. Every person on admission shall pay an entrance fee of ₹100/- (Rupees One Hundred only) per application. |

10. To consider any other matter with the permission of the Chair.

All the Shareholders are requested to attend the Annual General Body Meeting, on the date, time and place herein mentioned above.

Place : Hyderabad
Date : 14/08/2025

By order of the Board of Directors
Sd/-
**C. V. Rao**
General Manager /CEO

**NOTE**

1. All documents referred to in the Notice are open for inspection at the Registered Office of the Bank on all working days between 11.00 A.M. to 4.00 P.M. from 28-08-2025 to 30-08-2025 with prior notice.
2. In the absence of the requisite Quorum within half an hour of the time specified for holding the General Body Meeting, the meeting shall stand adjourned to 12.00 Noon on the same day and the same agenda of the meeting shall be transacted at the same venue.
3. Members who have not yet submitted their photographs are requested to submit two passport size photographs duly noting their names, folio number etc., on the reverse of the photograph to enable us to issue Identity Cards.
4. Members are requested to furnish their respective Account Numbers maintained with the Bank or open an Account with any branch of the Bank and ensure recording of standing instructions with the Shares Department for instant credit of dividend. The Members are also requested to update their PAN card, Aadhar number, Mobile numbers and Email Id's for regular updates from Bank and as well as to comply with the KYC guideline of the RBI.


# अभिभावकों ने की स्कूलों में आधे दिन की छुट्टी की आलोचना



हैदराबाद, 13 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। जीएचएमसी क्षेत्र में 13 और 14 अगस्त को बहुत भारी से लेकर अत्यंत भारी वर्षा के पूर्वानुमान के मद्देनजर स्कूलों में आधे दिन की छुट्टी घोषित करने के राज्य सरकार के फैसले की कई अभिभावकों ने तीखी आलोचना की है। अभिभावकों का तर्क है कि इस कदम से समस्याएं हल होने के बजाय और बढ़ गई हैं। माता-पिता, खासकर कामकाजी माता-पिता, चाहते थे कि सरकार सभी स्कूलों में पूर्ण अवकाश घोषित करे। आधे दिन की छुट्टी से, माता-पिता का कहना था कि उन्हें अपने काम के समय और दोपहर में बच्चों को स्कूल से लाने के बीच तालमेल बिठाना पड़ेगा।

इसके अलावा, शहर में मौसम की अनिश्चितता अभिभावकों की चिंता बढ़ा रही है। अभिभावकों को डर है कि घर लौटते समय उनके बच्चे बारिश और भारी ट्रैफिक जाम में फंस सकते हैं, जिससे कई किलोमीटर तक का रास्ता तय करना पड़ सकता है। हैदराबाद स्कूल पैरेंट्स एसोसिएशन के संयुक्त सचिव के वेंकट साईनाथ ने कहा, 'पूरी छुट्टी ही सही होती। अगर दोपहर 12 बजे के आसपास या स्कूल खत्म होने से ठीक पहले बारिश हो जाए तो क्या होगा? माता-पिता अपने कार्यस्थल पर और बच्चे अपने स्कूल में फँस जाएँगे।'

मौसम की अनिश्चितता को देखते हुए, कुछ अभिभावकों ने अपने बच्चों को घर पर ही रखने का निर्णय लिया तथा आधे दिन स्कूल चलाने का जोखिम नहीं उठाने का निर्णय लिया। एक अभिभावक के. मल्लिकार्जुन ने कहा कि मेरी छोटी बेटी स्कूल बस से जाती है, जबकि मैं अपनी बड़ी बेटी को स्कूल छोड़ने और लेने जाता हूँ। चूँकि मैं और मेरी पत्नी नौकरी करते हैं, इसलिए हमने बच्चों को स्कूल न भेजने का फैसला किया है क्योंकि आधे दिन का स्कूल समय सुविधाजनक नहीं है। मंगलवार को जारी एक आदेश में, स्कूल शिक्षा विभाग के निदेशक नवीन निकोलस ने 13 और 14 अगस्त को कुछ जिलों में स्कूलों के लिए पूर्ण अवकाश और जीएचएमसी क्षेत्र में आधे दिन की छुट्टी की घोषणा की थी। यह भारतीय मौसम विज्ञान विभाग द्वारा राज्य में कुछ अलग-अलग स्थानों पर बहुत भारी से अत्यधिक भारी वर्षा की चेतावनी जारी करने के बाद आया है।

हनमकोंडा, जनगांव, महबूबाबाद, वारंगल और यादाद्री जिलों के सरकारी और निजी दोनों स्कूलों को 13 और 14 अगस्त को बंद रखने का आदेश दिया गया है।

हालांकि, जीएचएमसी क्षेत्रों के सभी स्कूलों को सुबह की पाली में संचालित करने का निर्देश दिया गया है, जिसमें दोनों दिन आधे दिन की छुट्टी होगी। इस बीच, कई स्कूली छात्रों के लिए यह बदलाव एक विस्तारित सप्ताहांत में बदल गया। 15 अगस्त, शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस होने और उसके बाद दूसरे शनिवार और रविवार की छुट्टी होने के कारण, अब छात्रों को तीन दिन की छुट्टी मिल रही है।

### केटीआर ने बीआरएस कार्यकर्ताओं से बाढ़ राहत में तेजी लाने का किया आग्रह



हैदराबाद, 13 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के कई हिस्सों में भारी बारिश और बाढ़ के कारण मची तबाही के बीच बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामा राव ने बुधवार को पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से प्रभावित समुदायों की सक्रिय रूप से सहायता करने का आह्वान किया, विशेष रूप से वारंगल, खम्मम और महबूबाबाद जिलों में, जो पहले से ही भारी बारिश और बाढ़ से जूझ रहे हैं। उन्होंने बीआरएस कार्यकर्ताओं से राहत कार्यों को अपनी नैतिक ज़िम्मेदारी और मुख्य विपक्षी दल होने के नाते भी अपनी ज़िम्मेदारी मानने का आग्रह किया। निचले इलाकों में लोगों की दुर्दशा पर चिंता व्यक्त करते हुए, रामा राव ने कहा कि कांग्रेस सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है और उन्होंने बीआरएस कार्यकर्ताओं से ज़रूरतमंदों की मदद के लिए आगे आने की ज़रूरत पर ज़ोर दिया।

उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को बाढ़ प्रभावित परिवारों को पीने का पानी, दूध, भोजन, दवाइयाँ और कपड़े जैसी ज़रूरी चीज़ें तुरंत उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर आपातकालीन देखभाल के लिए चिकित्सा शिविर स्थापित करें और राहत एवं बचाव कार्यों में भी हिस्सा लें। अगले तीन दिनों तक लगातार भारी बारिश के मौसम विभाग के पूर्वानुमान का हवाला देते हुए, बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष ने लोगों से आग्रह किया कि जब तक ज़रूरी न हो, घर के अंदर ही रहें और संवेदनशील इलाकों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाएँ। उन्होंने उन इलाकों में जाने से भी आगाह किया जहाँ बाढ़ का पानी जमा हो गया है। उन्होंने सबसे ज़्यादा प्रभावित ज़िलों के पार्टी नेताओं से बात की और उनसे ज़मीनी स्तर पर राहत कार्यों का नेतृत्व करने का आग्रह किया। उन्होंने नागरिकों से सतर्क और साहसी बने रहने का आह्वान करते हुए कहा, 'इस कठिन समय में, बीआरएस जनता के साथ मजबूती से खड़ा रहेगा।'

### कृषि विश्वविद्यालय के छात्र ने की आत्महत्या

हैदराबाद, 13 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। प्रोफेसर जयशंकर तेलंगाना कृषि विश्वविद्यालय के एक छात्र ने मंगलवार रात राजेंद्रनगर स्थित छात्रावास के कमरे में आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार, बीएससी (कृषि) तृतीय वर्ष के छात्र ऋत्विक राज ने अपने छात्रावास के कमरे में फांसी लगा ली। उसके रूममेट्स ने छात्रावास के अधिकारियों को इसकी सूचना दी। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। राजेंद्रनगर पुलिस ने घटना की जाँच शुरू कर दी है। शव को अट्टापुर के एक निजी अस्पताल में सुरक्षित रखा गया है।


**NOTICE FOR REGISTRATION OF NEW POLITICAL PARTY**

(Published as per the directions of Telangana State Election Commission)

Dated : 14/08/2025

Notice is hereby given to the general public that Sri **RAPELLY SRINIVAS** President intends to register a political party without reserved symbol with the State Election Commission, Telangana, under the name and style of **MAZDOOR JANTA PARTY** (Name of the Party) with location of its head office **H.No. 1-13-410, 1st Floor, Mahalaxmi Nagar, Road No. 1, Opp. New Housing Board, Vinayak Nagar, Hyderabad Road, Nizamabad Mandal & Dist. Pincode : 503001, Telangana State, INDIA** under the Registration of Political parties and Allotment of Symbols Order, 2018. The main office bearers of the Party are 1). Sri **RAPELLY SRINIVAS** President, 2) Sri **MIRJA ASIF ULLA BEG** General Secretary 3). Sri. **POSHETTI SAYANOLLA** Treasurer. Objections, if any, for such registration from the general public, shall be sent to the Secretary, State Election Commission, Telangana, 1st Floor, DTCP Building, Opp: PTI Building, A.C. Guards, Hyderabad-500 004 within 15 days from the date of publication of this notice. If no objections are received within the time stipulated, the Commission will process to register **MAZDOOR JANTA PARTY** (Name of the Party) as a Political Party to contest elections to Local Bodies (Sthanika Samsthalu) held on party basis in Telangana State.

President
**Rapelly Srinivas**
**MAZDOOR JANTA PARTY**


# पूर्ववर्ती करीमनगर जिले में भारी बारिश



करीमनगर, 13 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्ववर्ती करीमनगर जिले के कई हिस्सों में पिछले 24 घंटों में भारी बारिश दर्ज की गई, जिससे सड़क संपर्क बाधित हुआ और निचले इलाकों में चिंता बढ़ गई। सबसे अधिक 119.5 मिमी बारिश मनकोंदुर मंडल के पोचमपल्ली में दर्ज की गई, इसके बाद पेद्दापल्ली के श्रीरामपुर में 105.3 मिमी, रामागिरी में 88.8 मिमी, करीमनगर में 86.5 मिमी, मंथनी मुथारम में 84 मिमी और अकेनापल्ली में 81.6 मिमी दर्ज की गई। भारी बारिश के पानी के कारण एक निम्न-स्तरीय पुलिया डूब जाने के कारण पारुवेल्ली और गन्नेरुवरम के बीच सड़क संपर्क बाधित हो गया। सातवाहन शहरी विकास प्राधिकरण (एसयूडीए) के अध्यक्ष कोमाटिरेड्डी नरेंद्र रेड्डी ने बुधवार सुबह करीमनगर शहर के निचले इलाकों का दौरा किया। अगले तीन दिनों तक बारिश की चेतावनी के मद्देनजर, उन्होंने अधिकारियों को जलभराव रोकने के लिए एहतियाती कदम उठाने के निर्देश दिए।

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.